*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

16 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 07, अंक 327

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



मनी लॉन्ड्रिंग केस में बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा से छह घंटों तक पूछताछ







## मुलाकात : राज्यपाल रमेश बैस से मिले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कहा

# अनिश्चितता का वातावरण शीघ्र दूर हो

- राज्यपाल को सौंपा पत्र निर्वाचन आयोग के मंतव्य की मांगी प्रति
- पत्र में भाजपा पर भी लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में राजनीतिक हालात तेजी से बदल रहे हैं। एक ओर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा की सदस्यता को लेकर असमंजस की स्थिति है, तो दूसरी ओर सरकार एक के बाद एक बड़े-बड़े निर्णय ले रही है। इन सबके बीच गुरुवार दोपहर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अचानक राज्यपाल रमेश बैस से मिलने राजभवन पहुंचे गये। उन्होंने राज्यपाल को राज्य की मौजूदा राजनीतिक हालत से अवगत कराते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के मंतव्य की एक प्रति उपलब्ध करायी जाये। यथाशीघ्र सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाये, जिससे स्वस्थ लोकतंत्र के लिए घातक अनिश्चितता का वातावरण शीघ्र दूर हो सके। इस संबंध में हेमंत सोरेन ने राज्यपाल को एक पत्र भी सौंपा।

### राज्य में 25 अगस्त से है अनिश्चितता का माहौल

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सदस्यता को लेकर निर्वाचन आयोग का पत्र 25 अगस्त को राजभवन पहुंचने की बात मीडिया में आयी। इसके बाद से राज्य में राजनीतिक हलचल तेज हो गयी। हेमंत सोरेन ने महागठबंधन के विधायकों को एकजुट रखने का प्रयास तेज कर दिया। गठबंधन के विधायकों को तीन दिन के लिए रायपुर शिफ्ट किया गया। 5 सितंबर को विधानसभा में हेमंत सरकार ने बहुमत साबित किया। इन सबके बीच 1 सितंबर को महागठबंधन के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मिल कर निर्वाचन आयोग के पत्र को उजागर करने की मांग की। हेमंत ने अपने पत्र में इन सभी बातों का जिक्र किया है।

### भाजपा पर निशाना साधा

मुख्यमंत्री ने पत्र में भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा है कि फरवरी, 2022 से ही भाजपा द्वारा यह भूमिका रची जा रही है कि मेरे द्वारा पत्थर खनन पट्टा लिये जाने के आधार पर मुझे विधान सभा की सदस्यता से अयोग्य ठहरा दिया जायेगा। इस संबंध में भाजपा द्वारा आपके समक्ष एक शिकायत भी दर्ज की गयी थी। हालांकि संबंधित विषय पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दो निर्णय के तहत यह साफ है कि खनन पट्टा लिये जाने से जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 9 (ए) के प्रावधान के अंतर्गत अयोग्यता उत्पन्न नहीं होती है तथापि इस विषय में मंतव्य गठन हेतु संविधान के अनुच्छेद 192 के अंतर्गत आपके द्वारा मांगे गये मंतव्य के अनुसरण में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुनवाई भी आयोजित की गयी। निर्वाचन आयोग को अपना मंतव्य आपके समक्ष प्रस्तुत करना है। इसके बाद मामले की सुनवाई कर आपको निर्णय लेना है। हेमंत ने कहा कि भाजपा के नेताओं के सार्वजनिक बयानों से यह प्रतीत होता है कि निर्वाचन आयोग द्वारा अपना मंतव्य उनको सौंप दिया गया है। व्यापक रूप से प्रचारित किया जा रहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह अभिमत दे दिया गया है कि मुझे पंचम झारखंड विधानसभा की सदस्यता से निरर्हित कर दिया गया है। पत्र में हेमंत ने यह भी लिखा है कि भाजपा इस भ्रम की स्थिति का उपयोग दलबदल के अस्त्र के रूप में कर अनैतिक रूप से सत्ता हासिल करने का प्रयास कर रही है। वह अपने इस अनैतिक प्रयास में सफल नहीं होगी, क्योंकि राज्य गठन के बाद पहली बार हमारी सरकार को दो तिहाई सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। हमारी सरकार ने 5 सितंबर को भी सभा पटल पर बहुमत साबित कर दिया है।

### दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति के कारण आना पड़ा

हेमंत सोरेन ने पत्र में यह भी लिखा है कि राज्य विगत तीन सप्ताह से अधिक समय से असामान्य अनापेक्षित एवं दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों के कारण इस पत्र के साथ आपके समक्ष उपस्थित होने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। उन्होंने लिखा है कि मीडिया और भाजपा द्वारा छन कर जो बातें सामने आ रही हैं, उससे सरकार, कार्यपालिका एवं जनमानस में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जो राज्यहित एवं जनहित में नहीं है। हेमंत ने कहा कि राज्य के संवैधानिक प्रमुख के नाते आपसे संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा में महती भूमिका की अपेक्षा की जाती है। इसलिए आपसे अनुरोध है कि निर्वाचन आयोग के मंतव्य की प्रति उपलब्ध करायी जाये। यथाशीघ्र युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाये।

## राज्यपाल से मिलने के बाद हेमंत सोरेन गये दिल्ली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची। स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण पर फैसले के बाद से झारखंड में राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। गुरुवार दोपहर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की और फिर अपने पिता शिबू सोरेन से मिलने के बाद शाम को दिल्ली चले गये। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में कई तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। हेमंत सोरेन ने मोरहाबादी रांची स्थित आवास में अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें 14 सितंबर 2022 को संपन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 1932 खतियान आधारित झारखंड की स्थानीय निवासी की परिभाषा और पहचान के लिए विधेयक, 2022 के गठन की स्वीकृति दिये जाने और अन्य बड़े निर्णयों के संबंध में अवगत कराया।**

**हमारी सरकार आपके सपनों को पूरा कर रही है : मुख्यमंत्री ने भेंट-वार्ता के क्रम में कहा कि हमारी सरकार आपके सपनों को पूरा कर रही है। आपके लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद जिस उद्देश्य से अलग झारखंड राज्य मिला है, अब उस राज्य को हमारी सरकार हर क्षेत्र में बेहतर दिशा देकर आगे बढ़ा रही है। शिबू सोरेन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हरेक राज्य वासियों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने का आशीर्वाद दिया।**



## समरकंद पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली।** उज्बेकिस्तान में गुरुवार से दो दिवसीय शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन, यानी एससीओ की बैठक शुरू हो रही है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी शाम 6:40 बजे समरकंद के लिए रवाना हुए। रात 9 बजे तक उज्बेकिस्तान पहुंचे। बता दें कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 14 सितंबर को ही समरकंद पहुंच गये थे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ भी इस मीटिंग में शिरकत करेंगे।

## 1932 के खतियान पर शुरू हुआ विवाद

# कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा और पूर्णिमा ने जताया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य की हेमंत सरकार ने बुधवार को कैबिनेट से स्थानीयता और नियोजन मामले में 1932 के खतियान पर सहमति दे दी। सरकार के इस फैसले पर हेमंत कैबिनेट के मंत्रियों ने खूब खुशियां जाहिर की हैं, लेकिन सरकार के इस फैसले के दूसरे ही दिन सत्ता पक्ष से ही विवाद शुरू हो गया है। गैर तो गैर, सहयोगियों ने इस पर सवाल उठाये। एक तरफ सरकार में शामिल कांग्रेस कोटे के मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष सरकार के इस फैसले को ऐतिहासिक करार दे रहे हैं, वहीं पार्टी की सांसद और कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा, उनके पति मधु कोड़ा और झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, कांग्रेस नेता संतोष सिंह ने इस पर नाराजगी जतायी है।

### 1932 का खतियान घातक: गीता कोड़ा



कांग्रेस की सांसद गीता कोड़ा और पूर्व सीएम मधु कोड़ा ने 1932 के खतियान को कोल्हान के लिए घातक बताया है। गीता कोड़ा ने कहा है कि इस निर्णय से झारखंड के कोल्हान क्षेत्र की आम जनता स्थानीय अर्थात झारखंडी होने से वंचित रह जायेगी। उन्हें अपनी ही जन्मस्थली पर स्थानीय का दर्जा नहीं मिल सकेगा, बल्कि इस क्षेत्र की जनता प्रवासी बन कर रह जायेगी।

### यह फैसला राज्य के लिए अहितकर: पूर्णिमा



कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने 1932 खतियान के प्रस्ताव को राज्य के लिए अहितकर कहा है। उनके मुताबिक इससे झारखंड फिर से जलेगा। यह जरूरी नहीं कि कैबिनेट से पास प्रस्ताव विधानसभा से भी पास हो। कोर्ट में टिकने लायक प्रस्ताव सरकार को लाना चाहिए। सभी वर्ग के लोगों की भावनाएं बनी रहें, ऐसा प्रयास सरकार करे।

### पूरा कोल्हान जलेगा : मधु कोड़ा



पूर्व सीएम मधु कोड़ा ने कहा कि राज्य सरकार अगर इस फैसले पर पुनर्विचार नहीं करती है, तो इससे पूरा कोल्हान जलेगा। उन्होंने कहा कि कई जिलों में अलग-अलग भूमि सर्वे किया गया है। कोल्हान में यह सर्वे 1964-1965 का है। 1932 की खतियान आधारित नीति लागू होने से कोल्हान के लोग झारखंड के मूल निवासी नहीं होंगे।

### सरकार का राजनीतिक स्टंट है : पीएन सिंह



धनबाद सांसद पीएन सिंह के मुताबिक यह राजनीतिक स्टंट है। भोली भाली जनता को गुमराह किया जा रहा ह।वोट की राजनीति का प्रयास है। ऐसा कहीं नहीं लिखा है कि 1932 या 1965 खतियान वाले ही झारखंडी होंगे। 1932 खतियान का प्रस्ताव उलझन पैदा करने वाला है। इससे किसी का भला नहीं होने वाला।

'Media Marketing Initiative

# डॉ लंबोदर महतो की लंबी लड़ाई का परिणाम है 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति

- झारखंड विधानसभा के अंदर और बाहर 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने के लिए लगातार जोरदार आवाज उठाते थे
- विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा था - हेमंत सरकार इस नीति को लागू करे, अगर संख्या बल कम हुआ तो हम समर्थन देंगे

**रांची। वैसे तो आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया के विधायक डॉ लंबोदर महतो लोगों की आवाज बन कर लोगों के हर मुद्दे को मुखर रूप से उठाते रहे हैं, लेकिन 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को लेकर लंबी लडाई लड़ी है। वे 1985 से ही इसके लिए आवाज उठाते रहे हैं। डॉ लंबोदर महतो की लंबी लड़ाई का परिणाम है 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति।**

**बीते 25 फरवरी से लेकर 25 मार्च तक लगातार झारखंड विधानसभा के बाहर 1932 का खतियान स्थानीय नीत लागू करो का बैनर-पोस्टर लेकर अकेले घंटों धरना-प्रदर्शन करते रहे।**

**आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा ही 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति की मांग करती रही है। झामुमो की सरकार भी इसी नीति को लागू करने की बात कह कर सत्ता में आयी थी।**

**विधायक ने कहा था यदि हेमंत सरकार इस नीति को लागू करती है, तो आजसू पार्टी पूरा समर्थन करेगी। लंबोदर महतो ने कहा कि हेमंत सरकार को संख्या बल कम पड़ता है, तो आजसू समर्थन करेगी।**

**विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि हमारी पार्टी ने 1985 आधारित स्थानीय नीति का विरोध किया था। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी शुरू से ही 1932 का समर्थन कर रही है।**

## 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को लेकर हर बार झारखंड विधानसभा में धरना-प्रदर्शन किया




झारखंड विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करते हुए।



मांगपत्र सौंपा • लंबोदर महतो, उमाकांत रजक, देवशरण भगत ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

आजसू ने की 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति की मांग

डॉ लंबोदर महतो ने झारखंड के राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा था।




झारखंड विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करते हुए।




अनोखे अंदाज में झारखंड विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करते हुए।







25 फरवरी से लेकर 25 मार्च तक चले विधानसभा बजट सत्र के 16 कार्य दिवस में लगातार 16 दिन तक सदन के बाहर बैनर-पोस्टर लेकर धरना पर बैठे थे डॉ लंबोदर महतो।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 46,800 रु./10 ग्राम
चांदी 56,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 16 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com



# हेमंत के खतियान और आरक्षण कार्ड से भाजपा भक्क

## 1932 का खतियान और आरक्षण पर फैसला लेकर बैकफुट पर धकेला विपक्ष को

**आजाद सिपाही विशेष**

पिछले साल फरवरी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुनिया के प्रख्यात संस्थान हार्वर्ड बिजनेस स्कूल और हार्वर्ड केनेडी स्कूल द्वारा आयोजित इंडिया कांफ्रेंस में जो कुछ कहा, उसका लब्बो-लुआब यह था कि वह तन-मन-धन से आदिवासी हितों के लिए समर्पित हैं। करीब डेढ़ साल बाद उनका यह कथन सही साबित हो रहा है। हेमंत सोरेन ने झारखंड के आदिवासियों, मूलवासियों और सदानों की भावनाओं से जुड़े दो मुद्दों, 1932 का खतियान और आरक्षण पर फैसला लेकर इनका दिल जीत लिया है। हेमंत ने उनकी नजरों में अपने को यह साबित कर दिया है कि वह आज की तारीख में आदिवासी मूलवासी हितों के सबसे बड़े पैरोकार हैं। वह केवल चुनावी वादों पर यकीन नहीं करते, बल्कि उन्हें पूरा करने की इच्छाशक्ति भी रखते हैं। हार्वर्ड केनेडी स्कूल के कार्यक्रम में पूछे गये पहले सवाल कि 'झारखंड कैसा है' के जवाब में 'जोहार' से शुरू कर हेमंत सोरेन ने साढ़े तीन करोड़ की आबादी वाले इस खूबसूरत प्रदेश की जो तस्वीर दुनिया के सामने पेश की, वह सराहनीय तो थी ही, साथ ही इसके साथ किये गये छल-प्रपंच और राजनीतिक धोखेबाजी को भी उन्होंने सामने रखा था। झारखंड आंदोलन, उसकी पृष्ठभूमि और उसकी जरूरत को रेखांकित करते हुए हेमंत अक्सर अपने पीछे लगी दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर को दिखाते हुए कहते रहते हैं कि यह राज्य लंबे संघर्ष का प्रतिफल है। इसकी परिकल्पना यहां के आदिवासियों के विकास को लेकर की गयी थी। लेकिन यह बेहद अफसोस की बात है कि झारखंड को जहां पहुंचना चाहिए था, वहां यह नहीं पहुंच सका है। लेकिन 14 सितंबर, 2022 को उन्होंने आदिवासियों-मूलवासियों सदानों की अस्मिता से जुड़े दो मुद्दों पर साहसिक फैसला लेकर अपनी सियासी राह में पैदा हुए कील-पत्थरों को एक झटके में उखाड़ फेंका है। हेमंत ने राज्य की सुरक्षित लोकसभा सीटों और सुरक्षित विधानसभा सीटों का समीकरण भी एक झटके में बदल दिया है। 1932 के खतियान और आरक्षण जैसे दो महत्वपूर्ण फैसलों के बाद झारखंड की संभावित सियासी तस्वीर और उसमें हेमंत सोरेन को मिली वाहवाही का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

कहानी शुरू करते हैं 23 दिसंबर, 2019 से। झारखंड की पांचवीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव का परिणाम घोषित हुआ था और पहली बार झारखंड ने पूर्ण बहुमत की सरकार को आत्मसात किया था। झामुमो-कांग्रेस-राजद को बहुमत मिल गया था और हेमंत सोरेन का मुख्यमंत्री बनना तय हो गया था। अपने आवास पर मीडिया के सवालों के जवाब में झामुमो के इस युवा नेता ने दुनिया को आश्वस्त किया था कि उनकी सरकार का हर फैसला झारखंडियों के हितों को ध्यान में रख कर किया जायेगा। खास बात यह कि वह यह बात आज तक नहीं भूले हैं और आज जब झारखंड में एक बड़ा वर्ग 1932 के खतियान और आरक्षण की सीमा बढ़ाये जाने के उनकी कैबिनेट के फैसलों पर खुशी से झूम रहा है, हेमंत सोरेन सियासत की उबड़-खाबड़ जमीन पर अपनी सरकार और पार्टी के लिए रास्ता आसान कर दिया है। यह पहला मौका नहीं है, जब हेमंत सोरेन ने आदिवासी हितों को सबसे ऊपर रखा है। पिछले पौने तीन साल में उनका एक भी फैसला आदिवासी-मूलवासी हित के खिलाफ नहीं गया है। यही नहीं, जरूरत के समय काम से भी उन्होंने पहचान बनायी है। चाहे कोरोना संकट हो या कोयला खदान की नीलामी, प्रवासी मजदूरों के लिए विशेष ट्रेन की व्यवस्था करने का सवाल हो या गरीबों के लिए दूसरी कल्याण योजनाएं शुरू करने का मामला, हेमंत ने साबित कर दिया है कि वह सचमुच काम में यकीन रखते हैं। सरना धर्मकोड और निजी क्षेत्र में आरक्षण जैसे विवादित और संवेदनशील मुद्दों को जिस तरीके से उन्होंने टेकल किया है, उसने साबित कर दिया है कि हेमंत सोरेन केवल बातें नहीं करते, काम करते हैं।

हेमंत सोरेन के इस फैसले की सबसे खास बात यह है कि इस समय झारखंड सियासी संकट के दौर से गुजर रहा है। खुद हेमंत सोरेन पर अयोग्यता की तलवार लटक रही है और उनकी सरकार के सामने भारी संकट है। इसके बावजूद 1932 के खतियान को झारखंडियों की पहचान के रूप में मान्यता देने का उनका फैसला उनके लिए ऑक्सीजन का काम कर गया है। इतना ही नहीं, इस खतियान आधारित स्थानीय नीति तथा नौकरियों में ओबीसी, एसटी और एससी आरक्षण के कोटे में बढ़ोतरी को लागू करने का उनका फैसला मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है।



झारखंड में हमेशा से 1932 आधारित स्थानीय नीति का मुद्दा आदिवासियों और मूलवासियों की भावनाओं से जुड़ा रहा है। आबादी के अनुपात को छोड़ दिया जाये, तो यह मुद्दा आम आदिवासियों और सदानों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है। वे इसके आगे कुछ भी नहीं मानते। यह सही भी है, क्योंकि राजनीतिक दलों ने हमेशा से कहा है कि झारखंड आदिवासियों-मूलवासियों और सदानों के लिए बनाया गया है। इस पर उनका हक है। तो 1932 का खतियान स्वाभाविक रूप से राज्य की राजनीति के केंद्र में रहा है।

यह सही है कि कैबिनेट की मुहर लगने के बावजूद दोनों प्रस्तावों को जमीन पर उतारने से पहले कई प्रक्रियाओं से गुजरना होगा। यही नहीं, इस पर कुछ क्षेत्रों और सत्ता पक्ष के कुछ विधायकों-सांसदों की तरफ से विरोध भी आयेगा, लेकिन जहां तक झामुमो का सवाल है, हेमंत सोरेन ने अपनी पार्टी के लिए चुनाव में बैटिंग करने के लिए एक आसान पिच बना दी है। यही नहीं, उन्होंने ओबीसी को भी एक झटके में साध लिया है। हालांकि स्थानीय नीति और नौकरियों में कुल 77 प्रतिशत आरक्षण पहले झारखंड विधानसभा से पारित होगा। विधेयक की मंजूरी के बाद इसे केंद्र के पास भेजा जायेगा, ताकि इसे नौवीं अनुसूची में शामिल किया जा सके। अब यह अलग बात है कि केंद्र इसे नौवीं अनुसूची में शामिल करेगा या नहीं, या कोर्ट में मामला जाने पर उस पर सहमति मिल ही जायेगी, क्योंकि बाबूलाल मरांडी के समय में पांच जजों की बेंच ने इसे सही नहीं माना था। लेकिन हेमंत सोरेन ने इस मुद्दे पर कैबिनेट की स्वीकृति लेकर सियासी बढ़त हासिल कर ली है।

केंद्र सरकार क्या करेगी और अदालतों-कानूनी पेचीदगियों की कसौटी पर ये फैसले कितनी दूर तक टिकेंगे, यह भविष्य के गर्भ में है, लेकिन अब इतना तय है कि इन मुद्दों पर हेमंत सोरेन से कभी कोई सवाल नहीं किया जायेगा।

### सियासी मतलब और असर

हेमंत सोरेन कैबिनेट के फैसले इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि झारखंड विधानसभा का अगला चुनाव यूपीए गठबंधन मिल कर लड़ेगा। जाहिर तौर पर सीटों को लेकर बैठकें करनी पड़ेंगी, लेकिन एसटी, एससी और ओबीसी की श्रेणी के आरक्षण में कुल 17 फीसदी इजाफा करके यूपीए इन वर्गों का कम से कम 10 फीसदी वोट अपने पक्ष में करना चाहता है। हेमंत सोरेन की नजर राज्य की 14 लोकसभा सीटों में से छह आरक्षित सीटों पर है। इसके अलावा विधानसभा की की सुरक्षित सीटों पर वह बढ़त बनाने की फिराक में हैं, इसलिए उन्होंने यह फैसला किया है। फैसलों का सीधा असर पड़ेगा और इस दृष्टिकोण से हेमंत सोरेन कैबिनेट का फैसला बड़ा सियासी धमाका कहा जा सकता है। यही कारण है कि हेमंत सरकार ने अपने कोर वोटर, यानी 26.2 फीसदी आदिवासी, धर्मांतरित इसाई और 19 फीसदी अल्पसंख्यक पर फोकस कर अब तक कई बड़े फैसले लिये हैं। मंडल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक झारखंड में करीब 50 फीसदी ओबीसी हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो को करीब 28 लाख वोट मिले थे। झामुमो का अगला लक्ष्य 38 से 40 लाख वोट हासिल करना है।

### असंवैधानिक बता चुका है कोर्ट

हालांकि यह भी सच है कि ये दोनों फैसले 2003 में ही अदालती कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं। झारखंड हाइकोर्ट इन्हें असंवैधानिक करार दे चुका है। हाइकोर्ट के पांच जजों की संवैधानिक पीठ ने कहा था कि सरकार की यह नीति आम लोगों के हित में नहीं है। इस नीति से वैसे लोग स्थानीय होने के दायरे से बाहर हो जायेंगे, जिन्हें देश के विभाजन के बाद रांची में बसाया गया था। ऐसे लोग लंबे समय से झारखंड में रह रहे हैं और उन्हें स्थानीय के दायरे से बाहर किया जाना उनके साथ भेदभावपूर्ण होगा।

### क्या कहा था अदालत ने

**अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि राज्य के हर इलाके में सर्वे भी नहीं हुए हैं। ऐसे में किसी एक सर्वे को ही आधार माना जाना उचित नहीं है और यह दूसरे लोगों के साथ भेदभावपूर्ण होगा। वर्ष 2002 में ही झारखंड सरकार ने पिछड़ों को 27 आरक्षण देने का प्रस्ताव लाया था। इससे राज्य में आरक्षण की सीमा 50 से अधिक हो गयी थी। यह मामला भी हाइकोर्ट पहुंचा था और पांच जजों की बेंच ने इसे भी असंवैधानिक करार दिया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं देने का आदेश दिया है। इस आधार पर झारखंड में भी 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण को संवैधानिक करार नहीं दिया जा सकता। उस समय अदालत ने झारखंड सरकार से कहा था कि सुप्रीम कोर्ट में 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण देने के लिए एक मामला लंबित है। याचिका पर अंतिम फैसला आने के बाद सरकार हाइकोर्ट में अपनी याचिका दायर कर सकती है। इन तमाम किंतु-परंतु के बीच यह तय है कि हेमंत सोरेन ने राज्य में सियासी संकट के बीच अपनी चाल से भाजपा को न सिर्फ मात दे दी है, बल्कि भविष्य के लिए अपनी राजनीतिक जमीन भी तैयार कर ली है। हेमंत सोरेन और उनकी सरकार डंके की चोट पर जनता के बीच यह संदेश देने में कामयाब रही है कि आदिवासी हितों को लेकर लिये गये फैसलों के कारण ही उन्हें निशाना बनाया जा रहा है।**

---

### चार नक्सलियों से एनआइए की पूछताछ में हुआ खुलासा

# माओवादियों को हथियार सप्लाई कर रहा है बब्बर खालसा इंटरनेशनल गैंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** माओवादियों को विदेशी हथियार सप्लाई करने के मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) कर रही है। इस मामले में एनआइए नक्सली शीला खेरवार, संजय नगेशिया, मारकुश नगेशिया और दशरथ सिंह खेरवार से पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि इन सभी नक्सलियों की गिरफ्तारी झारखंड पुलिस के द्वारा लोहरदगा में चलाये गये डबल बुल ऑपरेशन के दौरान हुई थी। इस दौरान भारी मात्रा में विदेशी हथियार बरामद किये गये थे। इसकी जांच एनआइए कर रही है।

**बीकेआइ इंटरनेशनल गैंग माओवादियों को सप्लाई करता है विदेशी हथियार :** बब्बर खालसा इंटरनेशनल गैंग झारखंड में माओवादियों को विदेशी हथियार की सप्लाई करता है। एनआइए की जांच में यह खुलासा हुआ है। गौरतलब है कि लोहरदगा जिले में माओवादियों के खिलाफ चलाये गये ऑपरेशन डबल बुल लातेहार और लोहरदगा जिले से छापेमारी के दौरान पुलिस को विदेशी हथियार भी मिले थे। इस मामले को एनआइए ब्रांच रांची ने टेकओवर करते हुए 02/2022 मामला दर्ज कर जांच शुरू करदी है।

**17 दिनों तक चला था ऑपरेशन :** डबल बुल ऑपरेशन 17 दिनों तक बुलबुल जंगल में चला था। इस अभियान में नक्सलियों को बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा था। अभियान के दौरान 11 बड़े नक्सली पकड़े गये थे। पुलिस ने 28 से ज्यादा अत्याधुनिक हथियार, 2000 से ज्यादा कारतूस और अन्य सामान जब्त किये थे।

**भारी मात्रा में हथियार बरामद हुआ था :** गिरफ्तार माओवादियों की निशानदेही पर एक अमेरिकन ऑटोमैटिक राइफल, तीन इंसास, एक एलएमजी, तीन सेमीऑटोमैटिक राइफल, आठ एसएलआर राइफल, 315 बोर की तीन रायफल, एक कार्बाइन, एक पिस्टल, 2020 गोलियां, एसएलआर की 13 गोलियां आदि बरामद किये गये थे. इंसास की 4, एलएमजी की दो रेगुलर मैगजीन, एक हैंडग्रेनेड, चार वायरलेस सेट, 21 एमुनेशन पाउच, 26 कार्टिज फिलर, 30 मीटर कोडेक्श वायर, 100 मीटर फ्लैक्शिबल वायर, 16 आईईडी, लेवी की 3 लाख 27 हजार 150 रुपये, नक्सली साहित्य, केंद्रीय कमेटी की किताब आदि बरामद की गयी थी।

# ट्रक लूट कर भाग रहे अपराधियों का यूपी पुलिस ने किया एनकाउंटर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरायकेला जिले के आदित्यपुर से स्क्रैप लदे ट्रक को लूट कर भागने वाले अपराधियों का यूपी पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया। जानकारी के मुताबिक बीते 11 सितंबर को आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित बीके स्टील से कोलकाता के लिए सरिया स्क्रैप से लदे ट्रक की लूट हुई थी। लूट मामले में आदित्यपुर पुलिस की सूचना पर यूपी पुलिस ने विश्वजीत कुमार नाम के एक अपराधी का एनकाउंटर कर दिया है। वहीं बाकी अपराधी मौके से फरार हो गये। हालांकि घायल अपराधी से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के आधार पर मनीष कुमार पांडेय निवासी ग्राम उतरौली थाना रेवतीपुर और दीपक निवासी कुतुबपुर थाना गहमर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### मांडर में ट्रक चालक की हत्या कर फेंक दिया था शव

**बता दें कि बीते 11 सितंबर को गम्हरिया बीके स्टील से स्क्रैप सरिया लोड कर ट्रक कोलकाता के लिए निकला था। इसी क्रम में घात लगाये अपराधियों ने आदित्यपुर से ही ट्रक को हाइजैक कर लिया, जिसके बाद मांडर थाना क्षेत्र में चालक केशव यादव की गला घोंट कर हत्या कर दी और ट्रक लेकर यूपी के लिए रवाना हो गये। आदित्यपुर पुलिस ने ट्रक की लोकेशन ट्रैक कर इसकी सूचना यूपी पुलिस को दी, जिसके बाद यूपी के गाजीपुर जिला अंतर्गत ताड़ीबारा हाइवे पर अपराधियों के साथ मुठभेड़ हुई., जिसमें विश्वजीत कुमार नामक बदमाश को गोली लगी है। वहीं पुलिस ने 16 लाख के स्क्रैप लदे ट्रक को भी बरामद कर लिया है।**

# सरकार का पक्ष रखने के लिए पीपी स्पेशल पीपी और एपीपी नियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड हाइकोर्ट में विभिन्न मामलों में पक्ष रखने के लिए 58 वकीलों की नियुक्ति की ह। इनकी नियुक्ति एक वर्ष के लिए की गयी है। चयन समिति की बैठक में की गयी अनुशंसा पर झारखंड हाइकोर्ट में आपराधिक वादों में अभियोजन के संचालन हेतु लोक अभियोजक, विशेष लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक के रूप में नियुक्ति की गयी है। मुख्यमंत्री की सहमति के बाद विधि विभाग ने 58 वकीलों की सूची जारी की है।

**पंकज कुमार बने लोक अभियोजक :** हाइकोर्ट में लोक अभियोजक के रूप में अधिवक्ता पंकज कुमार की नियुक्ति की गयी है। झारखंड हाइकोर्ट में निगरानी से जुड़े मामलों में सरकार का पक्ष रखने के लिए चार वकील नियुक्त किये गये हैं, जिनमें अधिवक्ता नेहला शरमीन, प्रिया श्रेष्ठ, विनीत कुमार वशिष्ठ और विश्वनाथ राय का नाम शामिल है। विशेष लोक अभियोजक के रूप में शैलेंद्र कुमार तिवारी की नियुक्ति हुई है। विशेष लोक अभियोजक से जुड़े मामलों में पक्ष रखने के लिए प्रवीर चटर्जी की नियुक्ति की गयी है। विशेष लोक अभियोजक के तौर पर रवि प्रकाश को नियुक्त किया गया है। वहीं विशेष लोक अभियोजक से जुड़े मामलो में सरकार का पक्ष रखने के लिए अधिवक्ता पीडी अग्रवाल को नयी जिम्मेदारी दी गयी है।

**अपर लोक अभियोजक के रूप में 49 वकीलों की हुई नियुक्ति:** इसके साथ ही सरकार ने 49 वकीलों को अपर लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त किया है। इसमें विभूति शंकर सहाय, तापस राय, जितेंद्र पांडेय, संजय कुमार श्रीवास्तव, विजय कुमार सिन्हा, सनत कुमार झा, महुआ पलित, अभय कुमार तिवारी, अजिममुद्दीन, गौतम राकेश, सुबोध कुमार दुबे, प्रकाश झा, सुनील कुमार दुबे, लिली सहाय, मनोज कुमार मिश्रा, शशि कुमार वर्मा, वंदना भारती, विश्वंभर शास्त्री, मनोज कुमार मिश्रा, अचिंतो सेन, शैलेश कुमार सिन्हा, सरधु महतो, रूबी पांडेय, अमृता कुमारी, साकेत कुमार, सुधीर कुमार महतो, नवीन कुमार सिंह, संतोष कुमार शुक्ला, संतोष कुमार तिवारी, सोमेश्वर राय, रजनीश वर्धन, सूरज कुमार मुंडा, शिवशंकर कुमार, अरूप कुमार डे, राकेश रंजन, नवीन कुमार गंझू, स्वेता सिंह, कुमारी रश्मि, तरुण कुमार, पंकज कुमार मिश्रा, सतीश प्रसाद, भोलानाथ ओझा, प्रफुल्ल जोजो, सुषमा आइंद, राजेंद्र राम, स्नेहलिका भगत, अनुराधा सहाय, अनूप टोपनो और फहाद आलम का नाम शामिल किया गया है।

# सिविल सेवा मुख्य परीक्षा आज से, दो पालियों में होगी परीक्षा

**16 से 18 सितंबर और 24 से 25 सितंबर तक लगी निषेधाज्ञा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** संघ लोक सेवा आयोग नयी दिल्ली द्वारा आयोजित सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा-2022 दिनांक 16 से 18 सितंबर और 24 से 25 सितंबर तक आयोजित होगी। पहली पाली 09.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक और दूसरी पाली दिन के 02.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक होगी। परीक्षा को लेकर रांची के डोरंडा स्थित निर्मला कॉलेज में सब सेंटर ए एवं बी बनाया गया है। परीक्षा केंद्र पर कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर डीसी और एसएसपी ने पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है। परीक्षा केंद्र के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी गयी है। यह निषेधाज्ञा 16 से 18 सितंबर एवं 24 से 25 सितंबर तक सुबह 06.00 बजे से रात 08.00 बजे तक प्रभावी रहेगी।

# अलीमुद्दीन हत्याकांड के सजायाफ्ता को राहत नहीं

### मामले में अगली सुनवाई 19 सितंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मॉब लिंचिंग में अलीमुद्दीन की हत्या के सजायाफ्ता के मामले में अब सुनवाई 19 सितंबर को होगी। गुरुवार को दीपक मिश्रा, विक्रम प्रसाद सहित सभी अपील कर्ता की ओर से बहस पूरी हो गयी। अब मामले में राज्य सरकार एवं शिकायतकर्ता अलीमुद्दीन की पत्नी की ओर से बहस की जायेगी। एक सजायाफ्ता सिकंदर राम की मृत्यु हो चुकी है।

दीपक मिश्रा और अन्य की ओर से निचली अदालत द्वारा दी गयी सजा के खिलाफ दाखिल याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षतावाली खंडपीठ में हुई। बता दें कि रामगढ़ कोर्ट ने 21 मार्च 2018 को 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनायी थी। हजारीबाग के मीट कारोबारी अलीमुद्दीन अंसारी की बीफ ले जाने के आरोप में भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में मृतक की पत्नी ने 12 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। 16 मार्च 2018 को 12 में से 11 आरोपियों को दोषी करार दिया था, जबकि एक आरोपी को नाबालिग होने के कारण उसका मामला जुवेनाइल बोर्ड में भेज दिया गया था। जिन्हें अदालत द्वारा आजीवन कारावास की सजा दी गयी थी, उनमें छोटू वर्मा, दीपक मिश्रा और संतोष सिंह के अलावा भाजपा नेता नित्यानंद महतो, विक्की साव, सिकंदर राम, उत्तम राम, विक्रम प्रसाद, राजू कुमार, रोहित ठाकुर, और कपिल ठाकुर शामिल थे। यह भी बता दें कि रामगढ़ जिले के मनुआ फुलसराय के रहने वाले अलीमुद्दीन की हत्या 29 जून 2017 को कर दी गयी थी। मारुति वैन से बीफ ले जाने के आरोप में भीड़ ने बाजार टांड़ स्थित गैस एजेंसी के पास अलीमुद्दीन की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी।

# गोड्डा में सागर रेडिमेड के संचालक ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार

**गोड्डा (आजाद सिपाही)।** गोड्डा पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ स्थानीय सागर रेडिमेड के संचालक को गिरफ्तार किया है। टाउन थाना क्षेत्र के सरकंडा निवासी सागर कुमार के पास से पुलिस ने 2.63 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है। मामले को लेकर टाउन थाना गोड्डा में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस संबंध में बताया जा रहा है कि टाउन थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि असनबनी हॉस्पिटल रोड में स्थित सागर रेडिमेड के संचालक द्वारा ब्राउन शुगर की ब्रिकी की जाती है। सूचना पर टाउन थाना पुलिस प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी औषधि निरीक्षक रंजीत कुमार चौधरी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी के लिए सागर रेडिमेड पहुंची टीम को माचिस की डिब्बी से एल्मुनियम फ्वाइल की 18 पुड़िया में ब्राउन शुगर मिला। दुकान की तलाशी के क्रम में कम वजन तौलने वाला डिजिटल बैलेंस (तराजू) एवं एल्युमिनियम फ्वाइल का पांच टुकड़ा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.0 °c | 23.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.52 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.35 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 16 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com



# वर्षों से चली आ रही खामियों को दूर करने में जुटी है सरकार: मुख्यमंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य का मुखिया होने के नाते हम एक ओर राज्य को बेहतर दिशा देने का काम कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर व्यवस्था में वर्षों से चली आ रही खामियों को दूर करने का प्रयास भी लगातार जारी है। पूर्व की सरकारों की गलत नीतियों का खामियाजा राज्यवासियों को भुगतना पड़ा है। उन्हें इस वजह से लंबा संघर्ष करना पड़ा, लेकिन हमारी सरकार अब सिस्टम को सुव्यवस्थित कर रही है, ताकि आपकी समस्याओं का समाधान निकल सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में नवनियुक्त माध्यमिक शिक्षक-2019 बैच (अनुसूचित क्षेत्र) द्वारा आयोजित आभार कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

## आपकी परेशानी देख कर मैं भी परेशान रहा

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त माध्यमिक शिक्षकों से कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी आप परेशान रहे। आपका मामला सर्वोच्च न्यायालय तक चला गया। आप लगातार संघर्ष करते रहे। आपकी परेशानियों को देख कर मैं भी लगातार परेशान रहा। ऐसे में आपकी समस्या का समाधान कैसे निकले, इसके लिए मैं हमेशा प्रयत्नशील रहा। अब जब आप सरकार के अंग रूप में योगदान देंगे तो आपको जितनी खुशी हो रही है, उतनाखुश मैं भी हूं। नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं हो, इसे हमारी सरकार हर हाल में सुनिश्चित करेगी।



## सरकार के अंग के रूप में काम करनेवालों को मिलेगा अधिकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के अंग के रूप में काम करनेवालों को उनका उचित हक और अधिकार मिले, यह सरकार की विशेष प्राथमिकताओं में शामिल है। जो भी सरकार की व्यवस्था से जुड़ कर काम कर रहे है, उनकी मांगों और समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, क्योंकि आपके सहयोग से ही राज्य में विकास की गति को तेज किया जा सकता है। अभी भी कई चुनौतियां हैं, जिन्हें दूर करने की दिशा में सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

## कोर्ट-कचहरी में अब सरकार के पक्ष में आ रहे हैं फैसले : हेमंत

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद से ही सरकार द्वारा बनायी गयी कई नीतियों का मामला कोर्ट-कचहरी तक पहुंचता रहा। अदालतों में सरकार को इन नीतियों की खामियों का खामियाजा भुगतना पड़ा, इन मामलों में अदालतों के फैसले सरकार के पक्ष में नहीं आये, लेकिन, हमारी सरकार आने के बाद अब हाइकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर मुकदमों में सरकार के पक्ष में फैसले आ रहे हैं। इसी का नतीजा है कि हमारी नीतियों का राज्यवासियों को सीधा फायदा मिल रहा है। इस मौके पर मंत्री आलमगीर आलम, जोबा मांझी, सत्यानंद भोक्ता तथा विधायक उमाशंकर अकेला, वैद्यनाथ राम एवं रामचंद्र सिंह मौजूद थे।

### 1932 का खतियान: सरकार पर लगातार हमलावर रहे लोबिन बोले

# गुरुजी और हेमंत सोरेन के धोयेंगे पांव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** राज्य कैबिनेट द्वारा 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय और नियोजन नीति बनाने का प्रस्ताव पास करने के बाद कहीं खुशी कहीं गम की स्थिति है। झामुमो कार्यकर्ता जगह-जगह जश्न मना रहे हैं तो कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता वेट एंड वाच की स्थिति में हैं। वहीं पिछले तीन महीने से हेमंत सोरेन और सरकार के खिलाफ हमलावर रहे झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा है कि 1932 के खतियान पर निर्णय लेने के बाद अब वह गुरुजी और हेमंत सोरेन का पैर धोयेंगे।

बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम ने राज्य कैबिनेट द्वारा 1932 के आधार पर स्थानीय नीति और नियोजन नीति का प्रस्ताव पास करने पर प्रसन्नता जतायी है। उन्होंने कहा कि वह झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पैर धोकर आभार जतायेंगे। कहा कि वर्तमान में वह क्षेत्र में हैं। 19 सितंबर को रांची जायेंगे। इसके बाद 20 या 21 सितंबर को दोनों से मुलाकात कर पैर धोकर उनका आभार जतायेंगे। लोबिन हेंब्रम ने कहा कि बुके और शॉल देकर भी दोनों का स्वागत करेंगे। गौरतलब हो कि लोबिन हेंब्रम लंबे समय से 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय और नियोजन नीति की मांग करते रहे हैं। सरकार की लाइन से अलग हट कर वह विधानसभा में आवाज भी उठा चुके हैं। इस मांग को लेकर उन्होंने पिछले दिनों झारखंड बचाव मोर्चा भी बनाया था और जगह-जगह सभा और संगोष्ठी कर रहे थे।



### 1932 के खतियान पर भाजपा चुप, सिर्फ निशिकांत दुब ट्विटर पर हैं सक्रिय

# छह मंत्री नहीं माने जायेंगे 1932 के खतियानी : निशिकांत दुबे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति लागू करने की सरकार की घोषणा ने विरोधियों का मुंह बंद कर दिया है। हेमंत सरकार को 1932 का खतियान लागू करने की चुनौती देनेवाले प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेता कुछ बोल नहीं रहे हैं।

1932 का खतियान लागू करने पर झामुमो को वोट देने का दावा करने वाले कोल्हान में भाजपा के बड़े नेता और प्रदेश के एक पदाधिकारी भी साइलेंट हैं। सोशल मीडिया पर भी भाजपा नेताओं का कोई बयान नहीं है। इतने बड़े फैसले पर भाजपा की तरफ से सरकार को न बधाई मिल रही है और न विरोध में कुछ बोला जा रहा है।



भाजपा की ओर से सिर्फ सांसद निशिकांत दुबे बोल रहे हैं। उन्होंने कहा है कि 2002 में बाबूलाल की लायी गयी डोमिसाइल नीति और हेमंत कैबिनेट के 32 के खतियान पर लिये गये फैसले में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने तो यह भी दावा किया है कि 1932 के खतियान के आधार पर झारखंड के छह मंत्री भी खतियानी नहीं माने जायेंगे।

## सरायकेला और मधुपुर 1965 में झारखंड में आया

निशिकांत दुबे ने कहा है कि 1932 के खतियान के मुताबिक झारखंड के मंत्री चंपई सोरेन, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन, आलमगीर आलम, जोबा मांझी कोई भी सरकार में रहने लायक नहीं है, क्योंकि सरायकेला और मधुपुर 1956 में झारखंड में आया। इसके पहले यह ओड़िशा, बंगाल का हिस्सा था। वहीं पाकुड़ का सर्वे नहीं हुआ है। शहर में रहनेवाले कोई भी 1932 के खतियानी नहीं हैं।

## 1948 में सरायकेला-खरसावां ओड़िशा से झारखंड में आये

निशिकांत ने कहा है कि विभिन्न जिलों के लिए अंतिम सर्वे सेटलमेंट अलग है। धालभूम में 1906 से 1911 तक सर्वे सेटलमेंट हुआ था। सरायकेला में 1925 से 1928 के बीच, हजारीबाग में 1908 से 1915 के बीच और पलामू में 1913 से 1920 के बीच हुआ है। वहीं सिंहभूम जिले के अंतिम गजट से ऐसा प्रतीत होता है कि चांडिल, पटमदा और ईशागर पुलिस स्टेशनों के क्षेत्र जो मानभूम (पश्चिम बंगाल) जिले में थे, उन्हें 1956 में सिंहभूम जिले में एकीकृत किया गया था, जबकि सरायकेला और खरसावां जो ओड़िशा राज्य का हिस्सा थे, उन्हें 1948 में सिंहभूम में एकीकृत किया गया था।

### राजगंज में आजसू का छोटानागपुर प्रमंडलीय शपथ ग्रहण समारोह सह प्रशिक्षण शिविर शुरू

# झारखंडी युवाओं के नियोजन में स्थानीय नीति सुनिश्चित करे सरकार : सुदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद/राजगंज।** टुंडी विधानसभा क्षेत्र के राजगंज स्थित बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में गुरुवार की दोपहर आजसू का उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय पंचायत व प्रखंड पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सह प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। शहीद वेदी पर नेताओं के माल्यार्पण एवं राष्ट्रगान के बाद सुदेश महतो की अध्यक्षता में समारोह की शुरुआत हुई। पार्टी प्रमुख सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री उमाकांत रजवार, रामचंद्र सहिस, डॉ देवशरण भगत, रोशनलाल चौधरी, शालिनी गुप्ता, अर्जुन बैठा समेत कई केंद्रीय नेता मंचासीन रहे। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉक्टर देवशरण भगत ने विषय प्रवेश कराया। समारोह में पहुंचे 90 प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों का डॉ भगत ने स्वागत किया। कहा कि पंचायत स्तर पर संगठन मजबूत कर संघर्ष करेंगे। झारखंडी हित में सरकार जो निर्णय लेगी, उसका आजसू समर्थन करेगी। सरकार को आजसू की लड़ाई पर ही यह निर्णय लेना पड़ा है। वर्तमान में जो कुछ हो रहा है,उस पर आजसू की पैनी नजर है।





**सरकार सिर्फ राजनीति खेल रही है :** आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि हमारे साथ जो राज्य बने, उसके नेताओं ने समझौते को बढ़िया से पढ़ा। यह व्यवस्था कराया कि आधारभूत संरचना के लिए केंद्र से पैकेज पास कराया। झारखंड के नेता जश्न मनाने में जुट गये। उत्तराखंड अपनी विधानसभा की सीटें बढ़ा ली, लेकिन हमारी संपत्ति तक बिहार ने बंटवा लिया। आज भी यही परिस्थिति है। यह सरकार और हेमंत का राजनीतिक निर्णय है। इसे व्यवहार में उतारने तक आजसू लड़ेगी। इसी स्थानीयता पर नियोजन नीति लागू हो। किसी को बाहर निकालने की बात नहीं है सिर्फ स्थानीय लोगों को नौकरी में प्राथमिकता की बात है। झारखंडी युवाओं के नियोजन में स्थानीय नीति सरकार सुनिश्चत करे। हेमंत सरकार ने अपने पाले का गेंद उठा कर केंद्र के पाले में डाल दिया। 55 हजार शिक्षक बहाल हो जाने के बाद क्या 1932 लागू होगा। तृतीय व चतुर्थ ग्रेड की बहाली सरकार पंचायत पर बहाली हो। प्रखंड में पढ़ने वालों की ही बहाली प्रखंडों में होनी चाहिए। सरकार यह करेगी। सरकार सिर्फ राजनीति राजनीति खेल रही है। ओबीसी आरक्षण में भी गड़बड़ी हुई है। दो सौ ओबीसी जाति है, जिसका मूल्यांकन कर यह निर्णय लेना चाहिए था।

**कैडर के बल पर पूरा करेंगे मिशन 2024 :** सुदेश महतो ने कहा कि हमारी तैयारी कल के झारखंड का है। झारखंड को नया नेतृत्व देना है। झारखंड को कितना नेतृत्व दे रहा हूं, यह मेरी चुनौती है। गांव से नेतृत्व तैयार नहीं होगा तो झारखंड आगे नहीं बढ़ेगा। हमारे साथ अलग हुए राज्य कहां से कहां पहुंच गए। कोई भी व्यक्ति आएगा और राज्य चला लेगा, यह प्रयोग झारखंड में हो रहा है। जिस बात पर लंबी बहस होकर निर्णय लेना था, उसे चंद मिनटों में ले लिया। होली-दिवाली मना रहे हैं। इसी कारण कैबिनेट के फैसले में गड़बड़ी हुई है। सुप्रीम कोर्ट में मामला उठ सकता है। सरकार बिना सोचे समझे झारखंडी भावना से खिलवाड़ कर रही है। इसके खिलाफ सिर्फ आजसू बात कर सकती है। आजसू ही यह लड़ाई लड़ेगी। मिशन 2024 हम कैडर के बल पर पूरा करेंगे। दिसंबर में आजसू का महाधिवेशन होगा।

## झारखंडियों को ठगने वाला निर्णय : लंबोदर

गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि किस बात को लेकर होली मना रहे हैं। मुख्यमंत्री का निर्णय झारखंडियों को ठगने वाला है। हेमंत सदन में घोषणा कर चुके हैं कि 1932 का खतियान लागू नहीं हो सकता है। अब पारित किए हैं कि 1932 व पूर्व के सर्वे का खतियान हो वही स्थानीय होगा। प्रस्ताव में लिखा है कि भारत सरकार जब तैयार होगी तो 1932 का खतियान लागू होगा। खतियान लागू करना राज्य सरकार की जिम्मेवारी है तो केंद्र को क्यों भेज रहे हैं। यह जनता को बेवकूफ बनाने का हथकंडा है। ओबीसी आरक्षण बढ़ाने पर कहा कि लॉलीपॉप नहीं चाहिए। बिहार की तरह जाति जनगणना कीजिए और उसके आधार पर आरक्षण दीजिए।

# दो माह में ही पलट गयी हेमंत सरकार : सरयू राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार के कैबिनेट में लाये 1932 के स्थानीय नीति का विरोध शुरू हो गया है। सरयू राय ने सोशल मीडिया के जरिये अपनी बात रखी है। कहा है कि सीएम हेमंत सोरेन ने गत विधानसभा में कहा था कि 1932 खतियान आधारित स्थानीयता संभव नहीं। अब इसे लागू कर दिया। दो माह में ऐसा क्या हुआ। 2002 में हाइकोर्ट के पांच जजों का निर्णय इस मामले पर आ चुका था। ऐसे में यह 9वीं अनुसूची में कैसे शामिल होगा, जबकि आधा झारखंड इसकी परिधि में नहीं आता। नीयत सही है तो सर्वेक्षण करा लें।



## झारखंडी से ज्यादा रोहिंग्या, एनआरसी और सीएए के दायरेवाले उछल रहे : भानु

विधायक भानु प्रताप शाही ने भी सीएम हेमंत सोरेन की नीयत पर उंगली उठायी है। कहा है कि 1932 खतियान और 27%ओबीसी आरक्षण से वह सहमत हैं, पर यह पांच लाख नौकरी और बेरोजगारी भत्ता की तरह धोखा नहीं होना चाहिए, नहीं तो जनता आपको बहुमत से अल्पमत में ले आयेगी। रोहिंग्या और एनआरसी, सीएए के दायरे में आनेवाले झारखंड में खूब उछल रहे, पर यह तय है कि उन्हें कोई नहीं बचायेगा। उन्हें अपने पुराने दादा के घर जाना ही होगा। जो मंसूबा लेकर वे झारखंड में आये हैं, कभी पूरा नहीं होगा।



## विशेष सत्र बुलाकर झारखंड सरकार को स्थानीयता कानून को पारित कराना चाहिए : ललित कुमार महतो

**रांची (आजाद सिपाही)।** आजसू के पूर्व केंद्रीय समिति अध्यक्ष ललित कुमार महतो ने कहा है कि अगर झारखंड सरकार को स्थानीय(खतियान आधारित) नीति लागू करने की इच्छा है तो अतिशीघ्र विधान सभा में पारित करे। ऐसा होने पर राज्यपाल और केंद्र को इसे लागू करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिस प्रकार राज्य सरकार ने बीते दिनो एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर विश्वास मत हासिल किया था उसी प्रकार स्थानीय नीति पर भी सरकार को प्रयत्नशील होना चाहिए। इसी सरकार ने पिछले सत्र में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति नहीं लागू होने की बात कही थी। सरकार सदन में कुछ कहती है और केबिनेट में कुछ करती है। अगर राज्य सरकार की मंशा साफ है तो विशेष सत्र बुलाए और इसे विधानसभा से पारित करे।

### सम्मान : ब्रदर्स एकेडमी ने सेमिनार आयोजित कर सफल छात्रों को किया सम्मानित

# मेहनत इतनी खामोशी से करो कि कामयाबी शोर मचा दे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ब्रदर्स ऐकेडमी ने अपनी विशिष्ट कार्यशैली और अथक परिश्रम से रांची शहर में नंबर 1 संस्थान के रूप मे खुद को स्थापित किया है और इस प्रतिष्ठा के अनुरूप सतत रूप से शिक्षण करता रहा है। ब्रदर्स एकेडमी ने विगत 10 वर्षों से रांची शहर में आइआइटी-जेइइ (मेन/एडवांस) और नीट के परिणामों में नये मानक गढ़ कर शहर को प्रतिष्ठित किया है। गुरुवार को हम आइआइटी एडवांस और नीट एचीवर्स-2022 कार्यक्रम के तहत संस्थान की सफलता को सेमिनार के माध्यम से आप सबों से साझा कर रहे हैं।

सेमिनार में आइआइटी-जेइइ एडवांस 2022 के टॉपर तनीश अग्रवाल (ऑल इंडिया रैंक-57), इंडियन स्टैटिकल संस्थान 2022 के टॉपर युवराज दत्ता (ऑल इंडिया रैंक-50 (झारखंड टॉपर), नीट टॉपर सबा आफरीन (स्कोर 648/720) उपस्थित थे। इन सफल छात्रों की आंखों में सपनों की अनंत उड़ान के साथ सफलता की मुस्कान साफ दिख रही थी। इन सफल छात्रों ने 1000 से अधिक छात्रों के समूह को आइआइटी, जेइइ और नीट की प्रवेश परीक्षा में सफलता के मूल मंत्र दिये।

तनीश अग्रवाल ने अपने आगामी वर्ष के आइआइटी, जेइइ के अभ्यर्थियों को विषय के फंडामेंटल कंसेप्ट को अच्छी तरह से समझने की सलाह के साथ प्रतिदिन कम से कम 6-7 घंटे के स्वाध्याय के रूटीन के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिनों में कम से कम 12-14 घंटे का अभ्यास उन्होंने किया। तनीश अग्रवाल ने यह भी कहा कि विगत दो वर्षों में उन्होंने फेसबुक, व्हाट्सएप्प जैसे सोशल मीडिया व टीवी को पूरी तरह त्याग दिया था।





तनीश अग्रवाल ने कहा कि शिक्षकों द्वारा सुझाए मार्ग पर सघन स्वाध्याय ही लक्ष्य पाने का एकमात्र सरल और सुगम सूत्र है। सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता अपने माता-पिता और गुरुजनों को समर्पित करते हुए कहा कि आइआइटी और नीट में दाखिले के सपने को मूर्त रूप देने में ब्रदर्स ऐकेडमी के शिक्षकों की अग्रणी भूमिका रही। इन्होंने कहा कि संस्थान का अनुशासित शैक्षणिक वातावरण हमें अपने लक्ष्य के प्रति सदैव प्रेरित करता रहा और शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा ने हमे हमारे सपनों तक पहुंचा ही दिया।

सेमीनार में प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया। इसमें इन सफल छात्रों ने आगामी वर्ष के आइआइटी, जेइइ और नीट के अभ्यर्थियों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर बहुत सटीक और परिपक्व अंदाज में दिये। सेमिनार में सम्मिलित छात्रों ने बताया कि सफल छात्रों के अनुभव से उन्हें बहुत प्रेरणा मिली और सकारात्मक दिशा दिखी है। प्रतिभागियों ने इस सेमिनार को बहुत सफल और प्रासंगिक बताया। संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, शुभेंदु शेखर और प्रेम प्रसून ने तमाम सफल छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी और अगामी जीवन के लिए शुभकामना भी दी। उन्होंने कहा कि सफलता की कहानियां समाज में भावी पीढ़ी को सफलता की ओर प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि मेहनत इतनी खामोशी से करो कि कामयाबी शोर मचा दे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-47-2022, दिनांक 13.07.2022; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: कार्य का नाम: दो (02) वर्षों के लिए हटिया में हरियाली भरे क्षेत्रों (ग्रीन पैचों) का रखरखाव एवं विकास। निविदा मूल्य: रु. 40,88,858.93; बयाना राशि: रु. 81,800; निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 05.10.2022 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-580)

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-48-2022, दिनांक: 15.09.2022। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम : एडीईएन/आरएनसी के क्षेत्राधिकार के तहत 4 अदद ट्रैक आधारित रेल ल्यूब्रिकेटर (हाइड्रोलिक टाइप) की आपूर्ति, स्थापना एवं उसे आरम्भ करना। निविदा मूल्य : ₹ 42,03,004.12। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : 06.10.2022 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। ई-निविदा सूचना मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रांची -834003 के कार्यालय में सूचना-पट्ट पर उपलब्ध है। (PR-592)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

### क्लस्टर फेसिलिटेशन प्रोजेक्ट का शुभारंभ

# जनता खुश होगी, तो राज्य खुशहाल बनेगा : आलमगीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरकार जनता की भलाई के लिए है, योजनाएं जनता को समृद्ध और स्वावलंबी बनाने के लिए क्रियान्वित की जाती हैं, ताकि जनता के जीवन में खुशहाली लाई जा सके। जनता खुश होगी, तो राज्य में भी खुशहाली आयेगी। ये बातें ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने प्रोजेक्ट भवन के द्वितीय तल स्थित सभागार में सीएसपी के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान कहीं। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान विकास बाधित हुआ। इसके बाद भी सरकार के प्रयासों को पूरे देश ने सराहा, क्योंकि हमने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के कई अवसर मनरेगा और जेएसएलपीएस के माध्यम से उपलब्ध कराया। मनरेगा के तहत कई योजनाएं ली गयीं। साथ ही बड़ी संख्या में लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने का काम जेएसएलपीए के माध्यम से किया गया।

उन्होंने कहा की सीएफपी (क्लस्टर फेसिलिटेशन प्रोजेक्ट) के माध्यम से मनरेगा में क्रांतिकारी बदलाव आयेंगे। ग्राम, प्रखंड, जिला व राज्य स्तर पर मनरेगा योजनाओं का क्रियान्वयन सफलता के नये आयाम स्थापित करेगा, क्योंकि सीएफपी का मकसद मनरेगा कार्यों का समय पर भुगतान, सही योजना का चयन और किये गये कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखनी है। उन्होंने पीएम आवास योजना के संदर्भ में कहा की केंद्र सरकार ने हमें एक लाख 75 हजार आवास के निर्माण का लक्ष्य दिया है। इस योजना में हम 50 हजार रुपये अतिरिक्त एक आवास पर राज्य सरकार के मद से देने जा रहे हैं, ताकि पीएम आवास योजना में लाभुक एक कमरे अतिरिक्त बना सकें।

### योजनाओं की मॉनिटरिंग के साथ होगी जीआइएस मैपिंग : डॉ मनीष रंजन

ग्रामीण विकास विभाग के सचिव डॉ मनीष रंजन ने कहा कि सीएफपी को मनरेगा से जोड़ने जा रहे हैं। इससे मनरेगा से जुड़ी योजनाओं में बड़ा बदलाव आयेगा। इस योजना का पहला वर्जन 2014 में 21 जिलों के 74 प्रखंडों में लॉन्च किया गया था, जो अब पूरे देश में लागू किया जा रहा है। सीएफपी परियोजना को 23 जिलों के प्रखंडों में लागू किया जा रहा है।

### ई रूरल एसेट मैनेजमेंट सिस्टम ऐप होगा लॉन्च

विभागीय सचिव ने बताया कि जल्द ही विभाग एक ऐप लॉन्च करेगा, जिसमें बीते 20 वर्षों की योजनाओं का पूर्ण विवरण शामिल होगा। खुशी की बात यह है कि झारखंड के इस प्रयास को भारत सरकार ने भी काफी सराहा है।

### झारखंड के प्रोजेक्ट को मिली देशव्यापी पहचान : राजेश्वरी बी

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि यह हमारे लिए खुशी की बात है कि पूरे देश में झारखंड पहला ऐसा राज्य है, जहां सीएसपी सबसे पहले लॉन्च हो रहा है। उन्होंने कहा की 2014 में सीएफपी का पहला वर्जन लॉन्च किया गया था, जिसकी सफलता के बाद भारत सरकार ने इस योजना को पूरे देश में लॉन्च करने की योजना बनायी है। यह हमारे लिए गौरव की बात है।

# जिप अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सीएम हेमंत से मिले, कहा-उन्हें शक्तियां प्रदान की जाये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को उनके आवासीय कार्यालय में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे जिला परिषद अध्यक्षों ने मुलाकात की। जिला परिषद अध्यक्षों ने त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्षों को शक्तियां और सुविधाएं देने को लेकर अपनी मांगें रखीं।

मुख्यमंत्री से कहा गया कि सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अधीन 14 विभाग की शक्तियां प्रदत्त की गयी हैं, उन सभी विभागों को प्रदान की गयी शक्तियों का अक्षरशः पालन कराए जाने के लिए जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) और जिला परिषद में होने के बावजूद अभी तक जिला परिषद को स्वतंत्र प्रभार नहीं मिल रहा है। इससे जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्षों को आवास, वाहन, अंगरक्षक और यात्रा भत्ता उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। मुख्यमंत्री ने जिला परिषद अध्यक्षों से कहा कि आपकी मांगों पर राज्य सरकार सकारात्मक पहल करते हुए विधिसम्मत यथोचित कार्यवाही करेगी। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि वर्तमान सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। सभी को सम्मान तथा हक अधिकार मिले इस निमित्त सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को नयी दिशा देने में सरकार लगी हुई है। राज्य सरकार द्वारा संचालित विकासात्मक योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी लोग जानते हैं कि झारखंड में गरीब वर्ग के लोग अधिक संख्या में हैं। गरीब तथा जरूरतमंद वर्ग के लोगों को राज्य सरकार सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने का काम कर रही है। हमारी सरकार से हर वर्ग को उम्मीदें हैं। उनके उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप ही कार्य हो रहा है। सरकार सभी की समस्याओं को सुनकर एक एक समस्याओं का हल निकाले, राज्य का मुखिया होने के नाते यह मेरी जिम्मेदारी है। मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त जिला परिषद अध्यक्षों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# आदिवासी मूलवासी संगठनों ने निकाला विजय जुलूस






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार द्वारा 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति बनाने की खुशी में गुरुवार को लोगों ने जश्न मनाया। विभिन्न आदिवासी और मूलवासी संगठनों ने मेन रोड में विजय जुलूस निकाला और सीएम हेमंत सोरेन का आभार प्रकट किया। इस मौके पर जमकर ढ़ोल नगाड़ा बजाया गया। इस दौरान नृत्य, संगीत और जमकर नारेबाजी की गयी। लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और बधाई दी। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि लंबे समय से राज्य की जनता खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति की मांग कर रही थी, जिसे हेमंत सोरेन की सरकार ने पारित कर सभी आंदोलनकारियों के सपनों को पूरा करने का काम किया है। जिसके लिए पूरे राज्य की जनता सरकार का आभार व्यक्त करती है। आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि कैबिनेट द्वारा स्थानीय नीति पास होना ऐतिहासिक कार्य है। सरकार विशेष सत्र बुलाकर सदन से पारित कर लागू करे। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि स्थानीय निति लागू होने से आदिवासी मूलवासी को नौकरी पेशा शिक्षा रोजी - रोजगार ठेका - पट्टा में जगह मिलेगी, पलायन रुकेगा रोजगार बढ़ेगा बरसों से आंदोलन कर रहे 1932 का खतियान का सपना पूरा होगा।मौके पर संजय तिर्की विमल कच्छप प्रमोद एक्का, विनय उरांव, नीरा टोपो, सुखवरो उरांव, पंचम तिर्की सत्यनारायण लकड़ा,गीता तिर्की, गीता लकड़ा, सुनील उरांव, गुड्डी तिर्की, मुकूल कुमार, धर्म कुमार, बाना मुंडा, सहाय तिर्की एवं अन्य शामिल थे।

आमया और झारखंड छात्र संघ के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि 15 नवंबर 2000 को सिर्फ झारखंड राज्य मिला था। बुधवार को कैबिनेट द्वारा 1932 आधारित स्थानीय नीति पारित कर झारखंडी जनता को राज देने का काम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया है। इस मौके पर राजी पडहा प्रार्थना सभा के प्रो प्रवीन उरांव, झारखंड कौमी तहरीक के आजम अहमद, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा एवं महासचिव कृष्ण कांत टोप्पो, केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के शिवा कच्छप, झारखंड दलित संघर्ष समिति के शिव टहल नायक, कांके सरना समिति डबूल मुंडा, भारतीय दलित वर्ग संघ के सुरेन्द्र कुमार कालिंदी, अनिल उरांव, शिव केशरी, अभय भूंटकुवर, प्रदीप खलखो, शेलिना लकड़ा, सुभानी तिग्गा, रवि खलखो, नवनीत उरांव, जयंत कच्छप, विजय कच्छप, रंजीत लोहरा किशोर लोहरा शामिल थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भाजपा का प्रतिनिधिमंडल लक्ष्मीकांत वाजपेई से मिला



**रांची (आजाद सिपाही)।** नव नियुक्त झारखंड भाजपा प्रभारी सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई से झारखंड भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल मिला एवं बधाई दी। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा सह मजदूर नेता सुमन सिंह कर रहे थे। इनके साथ वतन महतो (बोकारो), गुरुदेव महतो (जमशेदपुर), अमित महतो (मनोहरपुर, सिंहभूम)। लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि मैं जनसंघ के समय का कार्यकर्ता हूं, तब हम लोगों का चुनाव चिह्न दीपक छाप था। प्रतिनिधिमंडल से लक्ष्मीकांत वाजपेई ने झारखंड के राजनीतिक, भौगोलिक, सामाजिक बिषयों पर गहन चर्चा की।

### जरियागढ़ थाना क्षेत्र में रांची डोरंडा के कपड़ा व्यवसायी की पत्थर से कूच कर हत्या

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के जरियागढ़ डेडेंम टोली के पास रांची डोरंडा निवासी कपड़ा व्यवसायी अंकित शर्राफ की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार कपड़ा व्यवसायी अंकित शर्राफ स्कूटी से जरियागढ़ क्षेत्र किसी काम आया हुआ था। अज्ञात अपराधियों ने पत्थर से कूच कर हत्या कर दी। अंकित शर्राफ कि उम्र करीब 35 से 40 वर्ष के बीच बतायी जा रही है। जरियागढ़ पुलिस गुरुवार देर शाम को जरियागढ़ डेडेंम टोली के अर्धनिर्मित घर से अंकित का शव बरामद किया। जरियागढ़ पुलिस द्वारा घटना कि खबर परिजनों को कर दी गयी है। समाचार लिखे जाने तक घटना के कारण का पता नहीं चल पाया है। जरियागढ़ पुलिस घटना के सुराग को लेकर जुटी हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार को सदर अस्पताल खूंटी भेजा जायेगा।

### ब्राउन शुगर तस्करी के चार आरोपित गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** लोअर बाजार थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में आजाद बस्ती निवासी माजिद आलम, गुदड़ी निवासी जावेद कुरेशी, मिल्लत कॉलोनी निवासी इम्तियाज आलम, मौलाना आजाद कॉलोनी निवासी मोहम्मद तहसीन शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर ब्राउन शुगर के तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपित छोटी-छोटी पुड़िया बना कर आसपास के लोगों को बेचा करते थे। एक पुड़िया की कीमत 500 रुपये है।

### छात्रा को मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेजता था प्रो. उदय सिंह, गिरफ्तार

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले से बड़ी खबर आ रही है। यहां छात्रा को अश्लील वीडियो भेजने के मामले में एक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि आरोपी प्रोफेसर पीड़िता से पहले भी अश्लील बातें और छेड़छाड़ करता रहा है। दरअसल, रणविजय स्मारक महाविद्यालय सेक्टर 12 के साइकोलॉजी विभाग के प्रोफेसर उदय सिंह को बांसगोडा की रहनेवाली साइकोलॉजी की छात्रा के मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेजने के आरोप में गिरफ्तार कर किया गया है। जानकारी के अनुसार सेक्टर-12 थाना पुलिस ने छात्रा की मौखिक शिकायत पर प्रोफेसर को मंगलवार को ही हिरासत में ले लिया था। पीड़ित स्नातक फाइनल सेमेस्टर-6 की छात्रा है। उसने थाना में लिखित शिकायत की है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि प्रो उदय सिंह ने उसे 11 सितंबर की शाम 7:30 अश्लील वीडियो भेज कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। छात्रा के अनुसार आरोपी प्रोफेसर इससे पहले भी कॉलेज जाने पर अश्लील बातें एवं छेड़छाड़ कर चुका है। वहीं कॉलेज के प्राचार्य प्रो बी कुमार ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

# कराधान अधिनियम का बकाया राशि समाधान बिल राज्यपाल ने लौटाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने गुरुवार को कराधान अधिनियम का बकाया राशि समाधान बिल सरकार को वापस कर दिया है। उन्होंने उक्त बिल को ये कहते हुए लौटा दिया है कि हिंदी और अंग्रेजी भाषा में प्रति जो राजभवन को उपलब्ध करायी गयी थी उन दोनों प्रतियों में जो आंकड़ें हैं उनमें भिन्नता हैं।

राज्यपाल रमेश बैस ने उन त्रुटियों में सुधार का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि पिछले माह चार अगस्त को झारखंड विधानसभा मॉनसून सत्र के दौरान झारखंड कराधान अधिनियम का बकाया राशि समाधान विधेयक-2022 को पारित किया गया था। इसमें बकाया टैक्स की वसूली के लिए मुकदमों को समाप्त कर बकाये की वसूली का प्रावधान किया गया है। इसके तहत जीएसटी लागू होने से पहले तक के बकाये के सिलसिले में चल रहे कानूनी विवाद को समाप्त किया जायेगा।

# बीएयू के छात्रों ने खारे जल में मछली पालन करना सीखा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस गुमला के छात्र छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। यहां छात्रों को खारे पानी में मछली पालना सिखाया जा ।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्रीय खारा जल जीव अनुसंधान केंद्र काकद्वीप पश्चिम बंगाल में आयोजित हो रहा है। यहां के केंद्र प्रभारी डॉ देवाशीष डे और प्रशिक्षण संचालक डॉ प्रेम कुमार छात्रों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसमें मछलियों और झींगा की संस्कृति, जीवित जल जीवों की खाद्य संस्कृति, खारे पानी में सजावटी मछलियों की संस्कृति, खारे जल में मछलियों का पालन, मत्स्य की बीमारी एवं रखरखाव, झींगा का भोजन निर्माण, झींगा के रोगों का निदान और मछली पालन में उपयोगी जैव प्रौद्योगिकी उपकरणों की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है।

**कॉलेज के 28 छात्र-छात्रा कोलकाता एवं काकद्वीप का दौरे पर :** छात्रों के दल ने काकद्वीप स्थित मछली बाजार और गंगा सागर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान जलीय जंतुओं के नमूनों का संग्रह भी किया। कॉलेज के 28 छात्र-छात्राओं का यह दल 24 दिवसीय एजुकेशनल टूर पर कोलकाता एवं काकद्वीप के दौरे पर है। छात्रों को कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ गुलशन कुमार मार्गदर्शन दे रहे हैं।

**कोलकाता में 15 दिवसीय प्रशिक्षण में होंगे शामिल :** एसोसिएट डीन डॉ एके सिंह ने बताया कि सभी छात्र आइसीएआर, नयी दिल्ली द्वारा अनिवार्य किये गये रेडी प्रोग्राम में रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस (रावे) कार्यक्रम के तहत एजुकेशनल टूर पर हैं।

# राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने मंत्री बन्ना गुप्ता का किया स्वागत

## ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण का प्रस्ताव पारित होने पर जताया आभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** हम पिछड़ा समाज के बेटे हैं और मेरा कर्तव्य था ओबीसी के हक अधिकार की लड़ाई लडना, जो मैं मंत्री होते हुए कैबिनेट में और कैबिनेट से बाहर भी आरक्षण बढ़ाने की लड़ाई लड़ता रहा है और जीत हुई। आज खुशी इस बात का भी है कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा लगातार हमारे ऊपर विभिन्न कार्यक्रम कर दबाव बनाये हुए था कि आप ओबीसी का हक अधिकार जल्द दिलायें। उपरोक्त बातें मंत्री बन्ना गुप्ता गुरुवार को अपने आवास डोरंडा पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित स्वागत आभार कार्यक्रम में बोल रहे थे।

कैबिनेट में ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण का प्रस्ताव पारित होने पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी व जिले के पदाधिकारियों ने मंत्री बन्ना गुप्ता को गुलदस्ता, फूल माला से लाद दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने गठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि मंत्री बन्ना गुप्ता जी ने ओबीसी के हक अधिकार दिलाने में अथक प्रयास किया है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव प्रभात शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह, संजय मेहता, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रियंका कुमारी, प्रदेश सचिव अजय मेहता, विद्याधर प्रसाद, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, कार्यकारी अध्यक्ष अजय मेहता, आर्थिक सलाहकार सुनील जायसवाल, अमित कुमार खुशियाल साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

# 3.80 लाख का स्मार्ट डस्टबिन लगा दिया पर चिप नहीं लगा पाया रांची नगर निगम


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में सफाई व्यवस्था हाइटेक करने के लिए रांची नगर निगम ने शहर के विभिन्न स्थलों पर स्मार्ट डस्टबिन लगाया है। शहर में कुल 220 स्मार्ट डस्टबिन लगे हुए हैं। एक स्मार्ट डस्टबिन की कीमत तकरीबन 3,80,000 रुपये है, लेकिन स्मार्ट डस्टबिन में लगनेवाले चिप भी अब तक नहीं लग पाये हैं। निगम ने डोर टू डोर कूड़ा उठाव करने वाली कंपनी सीडीसी पर कार्रवाई तो की, मगर स्मार्ट डस्बिटन लगाने वाली कंपनी पर कोई सख्ती नहीं बरती जा रही है।

**शहर के 77 जगहों पर स्मार्ट डस्टबिन लगे :** रांची नगर निगम ने 8 करोड़ 48 लाख की लागत से शहर के 77 जगहों पर स्मार्ट डस्टबिन लगाने की योजना बनायी थी। कुल 220 स्मार्ट डस्टबिन लगायी गयी। स्मार्ट डस्टबिन लगाने का टेंडर जोंटा इंफ्राटेक को मिला है। लेकिन कंपनी ने अब तक शहर में एक भी स्मार्ट डस्टबिन में चिप नहीं लगायी है। बता दें कि चिप लगने से स्मार्ट डस्टबिन में कचरा भरने पर निगम कार्यालय में तुरंत पता चल पायेगा। इससे मॉनिटरिंग करने में भी आसानी होगी।

**निगम के पदाधिकारी ने क्या कहा :** निगम के पदाधिकारी ने बताया कि शहर में अब तक कुल 220 स्मार्ट डस्टबिन लगे हैं। एक स्मार्ट डस्टबिन की कीमत 3 लाख 80 हजार रुपये है। स्मार्ट बिन क्लोज्ड है और अंडर ग्राउंड भी है, जिस वजह से स्मार्ट बिन उपयोग करने और देखने में अच्छा लगता है। जोंटा द्वारा अब तक स्मार्ट डस्टबिन में चिप नहीं लगायी जा सकी है।

### स्थानीय नीति को विधानसभा से पारित करायें मुख्यमंत्री : विजय शंकर नायक



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने गुरुवार को कहा कि खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति की लड़ाई अभी अधूरी है। झारखंड की हेमंत सरकार तुरंत सदन का विशेष सत्र बुलाये और इसे सदन में ध्वनि मत से पारित करे और केंद्र सरकार को भेजने का काम करे। इसके साथ ही इसे नौवीं अनुसूची में डालने का अनुरोध करें, तब ही झारखंडी समाज के सपने और भावनाओं को सम्मान मिल पायेगा। नायक स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति के आंदोलन में शाहिद हुए विनय तिग्गा, कैलाश कुजूर, संतोष कुजूर के माल्यार्पण कार्यक्रम में कही। माल्यार्पण करने वालो मे भीम तिर्की, रंजीत उरांव, कर्मा लिंडा, अनिल उरांव, शमिल थे। इस कार्यक्रम मे दीपक पासवान, सिद्धार्थ नायक, सुखराम उरांव, बसंत उरांव, सोमनाथ उरांव, अजय नाग, मंटू राम, अशोक रवि, उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 16 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची में सीएपीटी (सेंट्रल एकेडमी फॉर पुलिस ट्रेनिंग), भोपाल के तत्वावधान में सीबीएसई द्वारा आयोजित सड़क-सुरक्षा जागरूकता की ऑनलाइन पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के द्वारा प्रस्तुति की गयी। इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बताया गया कि विश्व की 11 प्रतिशत सड़क दुर्घटना भारत में होती है, जो अत्यंत ही चिंता का विषय है। ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, गति नियंत्रण, सीट बेल्ट इत्यादि के द्वारा इस दुर्घटना से बचा जा सकता है। देश के सभी नागरिकों को सड़क-सुरक्षा जागरूकता की जानकारी के द्वारा ही सड़क दुर्घटना पर विराम लग सकता है। इस अवसर पर मुस्कान फाउंडेशन के द्वारा मुख्य सड़क दुर्घटनाओं, उसके कारणों, उससे हुई विभिन्न हानियों एवं सुरक्षात्मक उपायों पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता एवं उप प्राचार्य केआर झा ने सीबीएसई एवं सीएपीटी भोपाल को कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए एवं उक्त कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इसे अत्यंत ही उपयोगी बताया।

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पहुंचे रांची, एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत



**रांची (आजाद सिपाही)।** गुरुवार शाम को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के लिए बीजेपी के कई बड़े नेता पहुंचे थे। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह स्वामी हरिद्रानंद के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हैं। 16 सितंबर को राजधानी के प्रभात तारा मैदान में श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## डॉ मृणालिनी को मिला ललिता प्रसाद संस्कृति सम्मान



**रांची (आजाद सिपाही)।** हिंदी दिवस के अवसर पर औरंगाबाद में साहित्यकुंज संस्था की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में साहित्य और कला संस्कृति के क्षेत्र में काम करने वाले कई व्यक्तित्वों सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र में विशेष सामाजिक योगदान दिया है। इस कार्यक्रम में रांची की सुप्रसिद्ध गजल गायिका और संगीतज्ञ डॉ मृणालिनी अखौरी को डॉ ललिता प्रसाद संस्कृति सम्मान दिया गया। इस मौके पर औरंगाबाद और मगध क्षेत्र के साहित्य और संस्कृति से जुड़े कई गणमान्य उपस्थित थे। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ अखौरी ने बताया कि उनके जीवन संस्कृति यात्रा औरंगाबाद से शुरू हुई है और आज वे जिस मुकाम पर पहुंची हैं उसके पीछे औरंगाबाद की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि है। उन्होंने औरंगाबाद और मगध की भारतीय संस्कृति में भूमिका पर भी चर्चा की और प्राप्त सम्मान के प्रति अपना आभार जताया।

## केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री ने एम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का किया अनावरण

**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुभाष सरकार ने गुरुवार को इंजीनियर्स-दिवस के अवसर पर रांची स्थित राष्ट्रीय उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएएमटी) में एम. विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही उन्होंने संस्थान द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला रिमेनुफैक्चरिंग कैपेसिटी बिल्डिंग का भी उद्घाटन किया। डॉ सुभाष ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मेक इन इंडिया के तहत पुनर्निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही कहा कि इस तरह की कार्यशाला से रोजगार को बढ़ाने में मदद मिलेगी। कर्मचारियों का रेट्रेंचमेंट भी कम हो जायेगा। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट से नयी वस्तुओं के पुनर्निर्माण पर भी काम किया जा रहा है जो कि सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेगा। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, हटिया क्षेत्र के विधायक नवीन जायसवाल और रांची की मेयर आशा लकड़ा भी मौजूद थे।

## स्कूल-कॉलेज में लगेगा होर्डिंग्स शिकायत करने पर तुरंत होगी कार्रवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची में इन दिनों छेड़खानी के मामले बढ़ गए हैं। स्कूल कॉलेज के बाहर असामाजिक बढ़ तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। लड़के आए दिन लड़कियों को छेड़ते नजर आते हैं। इव टीजिंग के मामले बढ़ते देख रहे हैं। बीते दिनों ऐसी कई घटनाएं सामने आई है जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने सख्त कदम उठाने का फैसला लिया है। आपको याद होगा कि पिछले गुरुवार ही डोरंडा कॉलेज के बाहर बदमाश युवकों का जमावड़ा लगा था जिसका विरोध करने पर शिक्षक के साथ मारपीट की गई। वही ओरमांझी में एक स्कूल में कुछ लड़कों ने लड़कियों को जबरदस्ती दोस्ती करने का दबाव बनाया। इन सब मामलों को देखते हुए रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने कुछ गाइडलाइन जारी करने का फैसला लिया है। अब स्कूल कॉलेज के बाहर शक्ति कमांडो को सघन गश्त पर लगाया जाएगा।एसएसपी ने स्कूल-कॉलेज के इलाकों में शक्ति कमांडों को सघन गश्त लगाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कॉलेजों में होर्डिंग्स लगाया जाएगा। उसपर दिये गए नंबर पर छात्राएं शिकायत कर सकती हैं। उस पर तुरंत कार्रवाई होगी। रांची के स्कूल-कॉलेज गेट के बाहर अक्सर मनचलों का जमावड़ा लगा रहता है। लड़के, छात्राओं पर कमेंट पास किया करते हैं। इनपर नकेल कसने की तैयारी रांची पुलिस ने कर ली है। स्कूल-कॉलेजों में लगे होर्डिंग्स में संबंधित इलाके के डीएसपी, थानेदार, शक्ति कमांडो, टाइगर मोबाइल और पीसीआर पुलिस का नंबर अंकित रहेगा। अगर कोई बदमाश परेशान करता है तो होर्डिंग्स में दिए गए नंबर पर तुरंत फोन कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।बता दें कि शक्ति कमांडो में महिला पुलिसकर्मी की तैनाती की गई है। तैनात महिला पुलिसकर्मियों को निर्धारित स्कूल और कॉलेज में सघन गश्ती लगाने का निर्देश दिया गया है। उनसे कहा गया है कि परेशानी होने पर पीसीआर पुलिस की भी मदद लें। एसएसपी ने सभी शक्ति कमांडो का क्षेत्र भी निर्धारित कर दिया है। एसएसपी ने तैनात पुलिसकर्मियों से कहा है कि वे स्कूल कॉलेज के वक्त गश्ती में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतें। अन्यथा उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## धनबाद जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आज

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को धनबाद जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दिनांक 16 सितंबर 2022 को धनबाद परिसदन भवन में सुबह 11 बजे, जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों की एक बैठक रखी गयी है। सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार के कल्याणकारी कार्यों को गति देने के साथ साथ राज्य सरकार की योजनाओं को जिला के सभी प्रखंडों, पंचायतों और गांवों में धरातल पर उतारने को लेकर जिला बीस सूत्री के सभी सदस्यों के साथ बैठकर चर्चा परिचर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में जिला 20 सूत्री के सभी सदस्यों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित किया गया है।

### 1932 के खतियान और ओबीसी आरक्षण पर प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक में पार्टी की बनी राय

# आनन-फानन में लिया गया निर्णय है, जो न विधिसम्मत है और न ही सर्वसम्मत : भाजपा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में झारखंड सरकार द्वारा हुए कैबिनेट के निर्णय के बाद गुरुवार को प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक देर शाम भाजपा प्रदेश कार्यालय में सेमी वर्चुअल मोड में हुई। बैठक के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी एवं केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने प्रेसवार्ता कर पार्टी की राय को स्पष्ट किया। कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनभावना का सम्मान करते हुए एक विधिसम्मत एवं सर्वसम्मत निर्णय की पक्षधर है। ऐसे किसी भी निर्णय के पक्षधर हैं जो कि झारखंड की जनता की हित में हो। स्थानीयता के लिए वर्तमान सरकार द्वारा निर्धारित आधार अपूर्ण है। वर्तमान झारखंड सरकार द्वारा स्थानीय नीति को नियोजन नीति से नहीं जोड़ना भी समझ से परे है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह निर्णय आनन-फानन में लिया गया है, जो न विधिसम्मत है और न ही सर्वसम्मत है। भारतीय जनता पार्टी ने 15 नवंबर 2000 में झारखंड राज्य गठन के बाद पहली सरकार भाजपा के नेतृत्व में बनते ही स्थानीयता एवं नियोजन नीति को परिभाषित करने के लिए पहल प्रारंभ कर दिया गया। राज्य सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई और उस बैठक के सर्वसम्मत निर्णय के आधार पर कैबिनेट में स्थानीयता को परिभाषित करने के लिए राज्य के पिछले सर्वे (राइट्स ऑफ रेकार्ड) में जिनके पूर्वजों का नाम दर्ज हो, उनको स्थानीय मानते हुए और जिला स्तर पर तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के सेवा में नियुक्ति देने में प्राथमिकता का निर्णय लिया, परंतु उच्च न्यायालय ने इसको निरस्त कर दिया।

**हेमंत सरकार का ओबीसी आरक्षण प्रक्रिया विहीन प्रावधान**

ओबीसी आरक्षण पर कहा कि भाजपा की राज्य सरकार ने झारखंड राज्य में पिछड़े समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण को विधिसम्मत बनाने के लिए राज्य में सर्वेक्षण का निर्णय किया था, परंतु वर्तमान सरकार ने उस सर्वेक्षण कार्य को बंद कर दिया ताकि इस समाज को आरक्षण का विधि सम्मत लाभ न मिल पाये। वर्तमान सरकार द्वारा दिया गया आरक्षण विधिसम्मत और संवैधानिक ढांचे में नहीं है। पिछड़े वर्ग के मुद्दा को कमजोर करने के लिए हेमंत सरकार ने प्रक्रिया विहीन प्रावधान किया है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस कार्य में सरकार में शामिल कांग्रेस और राजद भी समान रूप से दोषी है। भारतीय जनता पार्टी हेमंत सरकार के इसे प्रक्रिया विहीन निर्णय मानती है। ऐसे समय में हम राज्य की जनता से अपील करते हैं कि सरकार के द्वारा भ्रामक तथ्यों के आधार पर जो विद्वेष का बीज बोया जा रहा है, उसके लिए जनता को सावधान रहते हुए शांति और सौहार्द बनाये रखने का अपील करती है। प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद सुनील सिंह, पूर्व सांसद रविंद्र कुमार राय, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, सांसद समीर उरांव मौजूद रहे। वहीं वर्चुअल रूप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश के नवनियुक्त प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी शामिल हुए।

## क्षतिग्रस्त किचन का निरीक्षण करने रोल पहुंचे प्रतुल शाहदेव

### झारखंड आंदोलनकारी जस्टिस एलपीएन नाथ शाहदेव के नाम है विद्यालय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंदवा।** रोल ग्राम स्थित जस्टिस एलपीएन नाथ शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय के क्षतिग्रस्त हुए किचन शेड की जानकारी मिलते ही रोल निवासी सह भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव रोल पहुंचे। ग्रामीणों संग विद्यालय पहुंच क्षतिग्रस्त हुए किचन शेड का निरीक्षण किया। ग्रामीणों संग वार्ता के पश्चात निर्णय लिया गया कि ग्रामीणों के आपसी सहयोग से इसे तत्काल मरम्मत कराकर उपयोग में लाने लायक बना दिया जाये,ताकि बच्चो को परेशानी ना हो। वही प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इस संदर्भ में शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारियों से वार्ता हुई है। उन्होंने वहां आश्वासन दिया है कि जल्द ही इसका एस्टीमेट तैयार कर इसे बनवा दिया जायेगा। एक अन्य सवाल के जवाब में प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मैं शिक्षा सचिव और शिक्षा मंत्री से मिलकर इस विद्यालय को प्लस टू उच्च विद्यालय करवाने का प्रयास करूंगा, ताकि आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में विद्यार्थियों को इसका लाभ मिले। बता दे यह स्कूल झारखंड माटी के पहले न्यायधीश व झारखंड आंदोलनकारी रहे जस्टिस एलपीए नाथ शाहदेव के नाम से है। जिनके पुत्र प्रतुल शाहदेव है। प्रतुल शाहदेव विद्यालय भ्रमण के दौरान बच्चों के क्लासरूम भी पहुंचे। जहां उन्होंने बच्चों से सवाल जवाब भी किया। बच्चों की प्रतिभा देखकर प्रतुल शाहदेव ने कहा कि प्रतिभावान बच्चे संसाधन का रोना नहीं रोते। मेरे पिताजी भी इसी स्कूल के छात्र रहे थे। मौके पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष सिंह, हेडमास्टर चंद्रमन राम, पूर्व मुखिया बैजू मुंडा, सोहराय गंझू, प्रकाश उरांव, मीणा देवी,अनिल प्रसाद, कोलेश्वर यादव, कैलाश यादव, रामवृक्ष भगत, शिवशंकर भगत, सुरेश गंझू समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।



## ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पांच स्वर्ण पदक जीत कर शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम



**रांची (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिला में आयोजित 22वीं झारखंड राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2022 में रांची जिला ताइक्वांडो टीम में शारदा ग्लोबल स्कूल के 10 छात्र-छात्राएं भी चयनित हुए एवं शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ पदक अपने नाम किये। इसमें पांच स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। पदक विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं। स्वर्ण पदक विजेता साई कृष्णा, सचिन यादव, सृष्टि, आयरा उरांव, श्रेय राज, रजत पदक विजेता माही शंकर, कांस्य पदक विजेता-सिद्धिका राज, आकृति उरांव, इनके अलावा इस प्रतियोगिता में रविष कुमार जायसवाल और आयुष कच्छप ने भी भाग लिया। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडेमिक्स (डा) रंजना स्वरूप एवं प्राचार्या जसमीत कौर ने छात्रों को खेलों का महत्व बताते हुए उन्हें खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने को कहा। छात्रों की इस उपलब्धि पर समस्त विद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई देकर उत्तरोत्तर प्रगति की आकांक्षा व्यक्त की।

## झारखंड में महंगी होगी शराब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में शराब की कीमतें और बढ़ेंगी। थोक विक्रेताओं की लाइसेंस फीस में सरकार की तरफ से एक्स डिस्टीलरी प्राइस (इडीपी) लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह फैसला राजस्व वसूली और शराब की खुदरा बिक्री में कमी आने की वजह से लिया गया है। उत्पाद विभाग के उपायुक्त (मुख्यालय) की तरफ से इस संबंध में सभी थोक विक्रेताओं को इडीपी लागू करने का निर्देश भी दिया गया है। उन्होंने दिशिता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड को पत्र लिख कर इडीपी लागू करने को कहा गया है। जानकारी के अनुसार 11 जिलों में शराब की बिक्री कम होने पर स्पष्टीकरण की भी मांग की गयी है। अब झारखंड में पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और ओड़िशा की तुलना में शराब की कीमतें और अधिक होंगी। उत्पाद उपायुक्त ने अपने पत्र में लिखा है कि झारखंड मदिरा का भंडारण और थोक बिक्री नियमावली के नियम 9 (1) तथा 2 (14) के आलोक में इडीपी लागू करने का प्रावधान है। ऐसे में बिक्री नियमावली के अंतर्गत एक्स डिस्टीलरी प्राइस, एक्स ब्रीवरी प्राइस, एक्स वाइनरी प्राइस के जरिये थोक विक्रेता रिटेलरी से इसकी वसूली कर सकते हैं। इसमें लागत, पैकेजिंग, समर्पित मूल्य का कॉस्ट जोड़ा जा सकता है। इसमें होलसेलर लागत और परिवहन व्यय को भी शामिल कर सकते हैं।

# पेयजल और स्वच्छता विभाग के पूर्व अभियंता प्रमुख श्वेताभ दोषी करार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पेयजल और स्वच्छता विभाग के पूर्व अभियंता प्रमुख श्वेताभ कुमार पर रूक्का प्लांट के भीतर राइजिंग पाइप लाइन चैनल के निर्माण के एक वर्ष बाद क्षतिग्रस्त होने पर दोषी पाये गये हैं। इसकी जांच विभाग के विशेष सचिव की तरफ से 21/4/2016 को की गयी थी। जाच रिपोर्ट में निर्माण कार्य में अनुपयुक्त तकनीकी डिजाइन और निर्माण की तकनीकी स्वीकृति (टेक्निकल एप्रूवल) दिये जाने की बातें सामने आयी। निर्माण कार्य करानेवाले और इसकी मानिटरिंग करनेवाले अधिकारी कर्मियों को इसके लिए जांच दल ने जिम्मेवार माना। सरकार के संयुक्त सचिव की तरफ से जारी आदेश के बाद खर्च हुई सरकारी राशि की वसूली को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया। विभाग की तरफ से जांच रिपोर्ट की समीक्षा करने के बाद आरोपी पदाधिकारी और संवेदक (ठेकेदार) से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। क्षेत्रीय मुख्य अभियंता रांची की अध्यक्षता में गठित समीक्षा समिति ने इसकी जांच की और 9 फरवरी 2022 को अपनी रिपोर्ट विभाग को सौंपी। जांच समिति की रिपोर्ट में राइजिंग प्लांट की दीवार की डिजाइन में समिति द्वारा कई त्रुटियां होने की बातें कही गयीं। यह बताया गया कि डिजाइन का एप्रूवल तकनीकी स्वीकृति तत्कालीन अधीक्षण अभियंता श्वेताभ कुमार ने दी थी। अब वह अभियंता प्रमुख के पद से रीटायर हो गये हैं। जांच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर 15 मार्च 2022 को पेंशन नियमावली के नियम 139 के तहत श्वेताभ कुमार को दोषी पाते हुए कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। यह पाया गया कि श्वेताभ कुमार ने गलत डिजाइन के आधार पर निर्माण कार्य की मजबूती और दृढ़ता होने की बातें कहीं। इस कमजोर निर्माण पर प्राकृतिक आपदा जैसे भूकंप, अधिक बारिश को नहीं झेल पाने के कारण क्षतिग्रस्त संपत्ति पर हुए खर्च निष्फल साबित हुए हैं। इसलिए इनसे सरकारी खर्च से संबंधित राशि की वसूली करने का फैसला दिया गया। 10 प्रतिशत राशि की कटौती इनके पेंशन से लगातार दो साल तक करने का दंड भी इन पर लगाया गया।



## जेसीआइ रांची उड़ान कर रहा है ग्लिटस एंड ग्लैम प्री दिवाली मेले का आयोजन




**रांची (आजाद सिपाही)।** जेसीआइ रांची उड़ान का बहुचर्चित दो दिवसीय मेला ग्लिटस एंड ग्लैम रांची क्लब के मल्टीपर्पज हॉल में होने जा रहा है। अध्यक्ष निधि सर्राफ एवं सचिव प्रिया पोद्दार ने संयुक्त रूप से कहा कि दो साल के बाद यह मेला लगने से महिलाओं में इस मेले को लेकर काफी उत्साह है। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से स्टॉल होल्डर्स आएंगे और 60 से ज्यादा स्टॉल लगेगी यहां गारमेंट्स, किड्स वेयर, फैशन वेयर, लाइफस्टाइल, डेकोरेशन, हाउसहोल्ड ,गिफ्ट आइटम, ज्वेलरी, क्रोकरी प्रमुख रूप से रहेंगे। ग्लिटस एंड ग्लैमके सबसे बड़े स्पॉंसर तुलसियान ज्वेलरी को स्पांसर शोटाइम वेडिंग एंड इवेंट्स एवं पार्टनर नंद वाटिका ग्रींस समृद्ध सुरभि ग्रीन एक्रेस एंड अदर्स रहेंगे। आकर्षक का केंद्र बिंदु रहेगा लाइव म्यूजिक तंबोला लकी ड्रॉ कूपन और भी बहुत कुछ अट्रैक्शन रहेगा जो इस मेले को खास बनायेगा। यहां फूड स्टॉल की भी व्यवस्था की जाएगी मेले में प्रवेश निशुल्क रहेगा। इस कार्यक्रम की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर पीपी जैसी राखी गंगवाल जैन है चार संयोजित निश्चित हुई है जेसी कविता डैम, जेसी रोली चौधरी ,जेसी पूजा केसरी, जेसी मोनिका अभय, जो दिन रात मेहनत कर रही है मेले को सफल बनाने के लिए यह सारी जानकारी मीडिया प्रभारी पूजा सरावगी ने दी।

## एसबीयू में इंजीनियर्स डे आयोजित



**रांची (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड अप्लाइड साइंस द्वारा भारत के प्रसिद्ध सिविल इंजीनियर भारत रत्न डॉ मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जन्म जयंती के अवसर पर इंजीनियर्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न डॉ एम विश्वेश्वरैया के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्पांजलि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने डॉक्टर एम विश्वेश्वरैया के जीवनी एवं व्यक्तित्व तथा उनके क्रियाकलापों पर प्रकाश डाला। उन्होंने इंजिनियर्स डे की शुभ कामनाएं देते हुए इंजिनियर्स डे के आयोजन तथा उसके प्रासंगिकता के बारे में भी अपने विचार साझा किये। उन्होंने कहा कि भारत के बांधों, जलाशयों और जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण में उनका स्वर्णिम योगदान अविस्मरणीय है। उनके इस योगदान के कारण ही भारत सरकार द्वारा 1955 में भारत रत्न पुरस्कार से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मैकेनिकल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ मनोज कुमार पाण्डेय ने किया तथा वोट ऑफ थैंक्स की औपचारिकता इंजीनियरिंग के डीन प्रो श्रीधर बी दंडिन्द्वारा पूरी की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, उप कुलसाचिव प्रो अमित गुप्ता, डॉ संजीव कुमार, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, डॉ जीवा चिदंबरम, प्रो चंदन कुमार, प्रो राजीव रंजन, प्रो राहुल वत्स, प्रो आदित्य विक्रम वर्मा, डॉ अभिषेक चौहान, आदित्य रंजन आदि उपस्थित थे।

## साई नाथ विश्वविद्यालय में इंजीनियर्स डे राष्ट्रीय अभियंता दिवस का आयोजन




**रांची (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची के डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग विभाग में इंजीनियर्स डे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल ने भारत रत्न से सम्मानित एम विश्वैश्वरैया के चित्र पर मल्यार्पण कर कार्यकम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विश्वविद्यालय के कुलपति ने डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए इंजीनियर्स के कठोर परिश्रम, उनके योगदान और कार्यो के लिए उनका आभार जताया। साथ ही कुलपति ने इंजीनियर्स डे के महत्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इंजीनियर्स डे पर डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग-सिविल, इलेक्ट्रीक्ल, मैकानिकल एवं माइनिंग विभाग के विभागाध्यक्षों एवं शिक्षक-शिक्षकाओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस असवर पर छात्र-छात्राओं के बीच पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्रायें एवं शिक्षक-शिक्षकाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष-प्रो अंकित वर्मा, प्रो अशोक सुमन अंबेडकर, प्रो सुनिता कुमारी, प्रो एनुल हक एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का एयरपोर्ट पर स्वागत



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फतेहपुर सीकरी सांसद राजकुमार चाहर गुरुवार को रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। चाहर प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के जमशेदपुर में चल रहे दो दिवसीय कार्यसमिति बैठक में शुक्रवार के सत्र को संबोधित करेंगे। एयरपोर्ट पर मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ललित नारायण ओझा, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, महानगर भाजपा अध्यक्ष केके गुप्ता, पंकज सिन्हा, संजय जायसवाल, महानगर किसान मोर्चा अध्यक्ष लाल प्रमोद नाथ शाहदेव, नीरज सिंह, मुकेश सिंह, महानगर किसान मोर्चा के अध्यक्ष लाल प्रमोद नाथ शहदेव, नरेंद्र पांडे नीरज सिंह, अरविंद तिवारी, मुकेश सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित नारायण सिंह, अरविंद तिवारी, अजय जयसवाल, बल शाही महतो सहित किसान मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट में गर्मजोशी से स्वागत किया।

## अमर शहीद देवेंद्र मांझी का 75वें जयंती समारोह का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** शहीद देवेंद्र मांझी के प्रतिमा पर शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो एवं महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री जोबा मांझी ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिवासी मूलवासी जनअधिकार मंच सह आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष श्री राजू महतो ने किया। महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि आज शहीद देवेंद्र मांझी का संघर्ष रंग लाया और अलग राज्य का निर्माण हुआ और मैं मंत्री के रूप में सरकार में शामिल हूं। मैं मंत्री रहते हुए शहीद देवेंद्र मांझी के सपने के अनुरूप झारखंड को गढ़ने में लगी हूं। और खतियान भी लागू कराने का ठोस कार्य किया। शिक्षा मंत्री श्री जगरनाथ महतो ने कहा कि शहीद देवेंद्र मांझी ने अलग राज्य के साथ-साथ जल जंगल जमीन की लड़ाई सशक्त रूप से लड़े और झारखंड में अपनी स्मरणीय योगदान की छाप छोड़ गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री राजू महतो ने कहा कि शहीद देवेंद्र मांझी ने झारखंड अलग राज्य के निर्माण के संघर्ष मैं अपनी कुबार्नी देकर झारखंड मे ऐतिहासिक पुरुष के रूप में अपना नाम दर्ज करा लिए और सदैव सही देवेंद्र मांझी का नाम याद किया जाएगा। आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच के उपाध्यक्ष श्री सर्जन हंसदा, विजय शंकर नायक, संयोजक विजय साहू,महासचिव रंजीत उराव,मुजफ्फर हुसैन ने माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में शिवचरण कच्छप, मोहन मरांडी,किशोर किस्कू, लखन महतो, इसरार अहमद, विनीता खलखो, सुंदरी तिर्की, एरेन कच्छप, सरफराज अहमद, मोहम्मद फैजी, आजम अहमद, निलय मेहता, गोपाल महतो, कैलाश,गणेश साहू,कुमुद कुमार,सोमनाथ जेराए, रामदेव तिग्गा,शंभू नायक, विकास तिर्की, देव कुमार सिंह, महावीर गाड़ी, सदानंद सिंह मुंडा, मंगल मुंडा आदि शामिल हुए।

# स्वास्थ्य पर खर्च बढ़े

यह खबर चिंता बढ़ाने वाली ही कही जायेगी कि देश में जीडीपी के अनुपात में स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च बढ़ने के बजाय कम हो गया है। करीब डेढ़ दशक से बढ़ता चला आ रहा यह खर्च 2018-19 में घट कर 1.2 फीसदी पर आ गया। इससे ठीक पहले यानी 2017-18 में यह 1.3 फीसदी दर्ज किया गया था। यह बात नैशनल हेल्थ अकाउंट के ताजा आंकड़ों से सामने आयी है। यह बहुत गंभीर बात है। कोरोना महामारी के शुरू होने के बाद यह बात शिद्दत से महसूस की गयी थी कि सरकार को स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ाना चाहिए। खैर, नेशनल हेल्थ अकाउंट के ताजा आंकड़ों से कई बातें साफ होती हैं। ये बताते हैं कि 2004-05 से लेकर 2018-19 तक की अवधि में स्वास्थ्य पर लोगों के अपनी जेब से किये जाने वाले खर्च में लगातार कमी दर्ज की गयी। जहां 2004-05 में यह कुल खर्च का 70 फीसदी होता था, 2018-19 में यह 48 फीसदी पर आ गया, लेकिन इसी अवधि में सरकार द्वारा स्वास्थ्य पर किया गया खर्च 22.5 फीसदी से बढ़ कर 40.6 फीसदी पर चला गया। साफ है कि जब सरकार स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च बढ़ाती है, तो लोगों को सस्ता इलाज मिलता है और उन्हें अपनी तरफ से स्वास्थ्य पर ज्यादा खर्च करने की जरूरत नहीं रहती। हालांकि इन आंकड़ों को लेकर यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ये ज्यादातर राज्यों से जुड़े आंकड़ों का योग हैं, क्योंकि स्वास्थ्य आम तौर पर राज्य सूची के ही अंतर्गत आता है। राज्यों में जीएसडीपी के अनुपात में या औसतन प्रति व्यक्ति खर्च दोनों लिहाज से स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा सरकारी खर्च करने वाला राज्य हिमाचल प्रदेश रहा और सबसे ज्यादा व्यक्तिगत जेबों पर बोझ डालने वाला राज्य उत्तर प्रदेश। ये आंकड़े स्वास्थ्य सेवाओं के लिहाज से अन्य राज्यों की स्थिति के अलग-अलग पहलुओं पर भी रोशनी डालते हैं, लेकिन कुल मिला कर तस्वीर निराशाजनक ही है। शिक्षा और स्वास्थ्य ये दो क्षेत्र ऐसे हैं, जिनकी जिम्मेदारी से किसी भी लोक कल्याणकारी राज्य को मुक्त नहीं किया जा सकता। तमाम हेल्थ इंश्योरेंस स्कीमों का, प्राइवेट अस्पतालों के ढांचों का और निजी क्षेत्र के भारी-भरकम निवेश का चाहे जितना भी हवाला दिया जाये, सरकारी सेवाओं का एक बुनियादी ढांचा बेहतर स्थिति में मौजूद होना ही चाहिए, तभी प्राइवेट अस्पतालों पर भी बेहतर सेवा देने का एक हेल्दी प्रेशर बना रहता है। दुनिया भर में स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च का मानक जीडीपी का 3 प्रतिशत माना जाता है। अपने यहां भी 2021 के आर्थिक सर्वे में स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च बढ़ा कर जीडीपी के ढाई-तीन फीसदी तक लाने की सिफारिश की गयी थी। इसका टारगेट से इतना नीचे रहना चिंता की बात है। सरकार को इसे बढ़ाने के प्रयास तत्काल शुरू करने चाहिए।

**2021 के आर्थिक सर्वे में स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च बढ़ा कर जीडीपी के ढाई-तीन फीसदी तक लाने की सिफारिश की गयी थी। इसका टारगेट से इतना नीचे रहना चिंता की बात है। सरकार को इसे बढ़ाने के प्रयास तत्काल शुरू करने चाहिए।**

**अनादिकालीन भारतीय परंपरा में भी कर्तव्य अर्थात धर्म पर अधिक बल दिया गया है, क्योंकि इसके अनुसरण में ही दूसरों के अधिकार निहित हैं। उदाहरणस्वरूप, यदि शिक्षक अपना धर्म निष्ठा से निभाये, तो छात्र अधिकार सुरक्षित रहेंगे। हाल के वर्षों में मोदी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ राजमार्गों का निर्माण किया है, तो स्वच्छता अभियान छेड़ा है।**

# कर्तव्य और अधिकार-एक सिक्के के दो पहलू

बलबीर पुंज



**राजपथ के नये नामकरण के अवसर पर इंडिया गेट पर पांच दशकों से रिक्त कैनोपी (छत्र) में नेताजी की 28 फीट लंबी और 65 टन वजनी ग्रेनाइट प्रतिमा का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन करना और कुछ माह पहले प्रधानमंत्री संग्रहालय का निर्माण-इस दिशा में भूल-सुधार का बड़ा प्रयास है।**

गत दिनों भारत दो सकारात्मक घटनाओं का साक्षी बना। इसमें पहला- दिल्ली स्थित ऐतिहासिक राजपथ का नाम कर्तव्यपथ करना, तो दूसरा- भारतीय नौसेना के देशज झंडे का अनावरण है। सच तो यह है कि इन दोनों को केवल मात्र परिवर्तन की संज्ञा से नहीं बांधा जा सकता। वास्तव में, यह उस सभ्यतागत-सांस्कृतिक संघर्ष का हिस्सा है, जिसमें बीते 8 वर्षों से मार्क्स-मैकॉले मानस बंधुओं, पराधीन मानसिकता के शिकार असंख्य लोगों और विभाजनकारी मानसिकता (जिहाद-इंजीलवाद सहित) के खिलाफ युद्ध लड़ा जा रहा है।

जब 8 सितंबर को सेंट्रल विस्टा परियोजना के अंतर्गत, एक हिस्से के नवीनीकरण के बाद राजपथ का नाम कर्तव्यपथ किया गया, तब समाज के एक वर्ग ने विकृत तथ्यों के आधार पर नैरेटिव (विमर्श) बनाने का प्रयास किया कि इसके माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी, नागरिकों के प्रति सरकार को उत्तरदायित्व से मुक्त कर रहे है। क्या ऐसा है? वास्तव में, कोई भी व्यवस्था तभी सुचारू ढंग से काम कर सकती है, जब उसके सभी घटक अपने कर्तव्यों का पालन करें।

**अंग्रेजों के भारत छोड़ने के बाद ही इन दूषित नैरेटिव में सुधार होना चाहिए था।**

लोकतंत्र में सरकार और जनता को बांटने वाली रेखा बहुत धुंधली और अस्थिर होती है। जो आज सत्तारुढ़ है, वह कल साधारणजन बन सकते हैं। इसमें फर्श से अर्श और अर्श से फर्श की यात्रा अधिक लंबी नहीं होती। व्यवस्था को ठीक से चलाने के लिए यह आवश्यक है कि सरकार में बैठे लोग और जनता अपने-अपने कर्तव्य का निर्वहन ठीक से करें।

अनादिकालीन भारतीय परंपरा में भी कर्तव्य अर्थात धर्म पर अधिक बल दिया गया है, क्योंकि इसके अनुसरण में ही दूसरों के अधिकार निहित हैं। उदाहरणस्वरूप, यदि शिक्षक अपना धर्म निष्ठा से निभाये, तो छात्र अधिकार सुरक्षित रहेंगे। हाल के वर्षों में मोदी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ राजमार्गों का निर्माण किया है, तो स्वच्छता अभियान छेड़ा है।

अब यदि नागरिक सड़कों पर निर्धारित दिशा के उलट वाहन चलाए और कूड़ेदानों के बजाय कचरा बाहर फैंके (जोकि अक्सर होता भी है), तो क्या उससे अन्य लोगों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे? संक्षेप में कहें, तो कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं। संविधान में निहित एक नागरिक कर्तव्य के अनुसार, स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखें और उनका पालन करें।

यह दुखद है कि वैचारिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत कारणों से स्वाधीनता संग्राम में शामिल कई लोगों/संगठनों को इतिहास में गौण या फिर उनका दानवीकरण कर दिया गया है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस, वीर सावरकर और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इसका दंश सर्वाधिक झेला है। राजपथ के नये नामकरण के अवसर पर इंडिया गेट पर पांच दशकों से रिक्त कैनोपी (छत्र) में नेताजी की 28 फीट लंबी और 65 टन वजनी ग्रेनाइट प्रतिमा का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन करना और कुछ माह पहले प्रधानमंत्री संग्रहालय का निर्माण-इस दिशा में भूल-सुधार का बड़ा प्रयास है।

इससे पहले कोच्चि में प्रधानमंत्री मोदी ने पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आइएनएस विक्रांत के साथ भारतीय नौसेना के नये प्रतीक-चिह्न का भी अनावरण किया था। जिस अष्टकोण रूपी नीले प्रतीक ने नौसेना के झंडे पर ब्रितानियों के पुराने मजहबी प्रतीक सेंट जॉर्ज क्रॉस का स्थान लिया है, उसका मुख्य स्त्रोत वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज की नौसेना का प्रतीक-चिह्न है।

यदि वर्तमान भारत, जहां लोकतंत्र, बहुलतावाद और पंथनिरपेक्षता अब भी अक्षुण्ण है, तो वह शिवाजी के साथ असंख्य जाट-राजपूतों, साधु-संतों, सिख गुरु परंपरा और असंख्य वीर सेनानियों-मंगल पांडे, रानी लक्ष्मीबाई, तांत्या टोपे, नाना साहिब, वीर सावरकर, गांधी जी, नेताजी, भगत सिंह, डॉ केशव बलिराम हेडगेवार, सरदार पटेल, पंडत नेहरू, रासबिहारी बोस, डॉ अंबेडकर, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी आदि के त्याग-समर्पण के कारण ही संभव हुआ है।

जिस प्रकार समाज का एक वर्ग अपने वास्तविक नायकों और अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रति हीन-भावना का शिकार है, वह स्वतंत्र भारत के उस वर्तमान नैरेटिव की देन है, जिसे ब्रितानियों ने अपने शासन को देश में शाश्वत बनाने हेतु जन्म दिया था। जब ब्रिटिश भारत आये, तो यहां भारतीयों का एक वर्ग इस्लामी शासन की शारीरिक गुलामी से जकड़ा हुआ था, परंतु वे मुस्लिम आक्रांताओं को मानसिक रूप से स्वयं पर हावी नहीं होने देते थे। पराधीन रहते हुए भी उन्हें अपने स्वाभिमान और मौलिक पहचान पर गर्व था।

चूंकि कुटिल आक्रमणकारी ब्रिटिश अपना साम्राज्य चिरंजीवी बनाना चाहते थे, इसलिए उन्होंने चर्च की व्हाइट मैन बर्डन मानसिकता से ग्रसित होकर शारीरिक गुलामी से जकड़े भारतीयों को बौद्धिक रूप से पंगु बनाने की योजना पर काम प्रारंभ किया। इसके लिए उन्होंने झूठे आर्य आक्रमण सिद्धांत सहित कई नैरेटिव को गढ़ा।

अंग्रेजों के भारत छोड़ने के बाद ही इन दूषित नैरेटिव में सुधार होना चाहिए था। किंतु ऐसा नहीं हुआ। वैचारिक कारणों से भारत-हिंदू विरोधी वामपंथियों ने इस चिंतन को अपने एजेंडे के अनुकूल मानते हुए तत्कालीन भारतीय नेतृत्व, जो सोवियत संघ के वाम-समाजवाद से प्रभावित था- उसके आशीर्वाद से आगे बढ़ाया। यह उसी नैरेटिव का ही चमत्कार है कि जिन इस्लामी आक्रांताओं और उसके मानस बंधुओं ने भारत की सनातन संस्कृति को मिटाने का असफल प्रयास किया, उन्हें खंडित भारत में नायक का दर्जा दे दिया गया। यह स्थिति तब है, जब भारत-हिंदू विरोधी चिंतन का मूर्त रूप पाकिस्तान भी उन लोगों को अपना प्रेरणास्त्रोत मानता है।

## जमशेदपुर की खबरें

### जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों की समस्याओं पर विधायक गंभीर

# बैठक कर समाधान के लिए दिये आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में जन समस्याओं को लेकर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी काफी गंभीर है। शुक्रवार को विधायक मंगल कालिंदी ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय समस्याओं से अवगत हुए। बैठक के दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण कर प्रयास शुरू करने का आश्वासन दिया। शुक्रवार को विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के खकरीपाड़ा पहुंचे। जहां ग्राम पंचायत भवन में स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। कुछ महिलाओं ने वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन नहीं दे पाने की जानकारी दी। विधायक ने खुद सामने बैठकर सभी से आवेदन लिखवा कर जमा करवाया। बैठक में ग्रामीणों ने जर्जर सड़क की परेशानी से अवगत कराया। विधायक ने संज्ञान में लेकर मौके पर ही कार्यकताओं के साथ उक्त स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कसकम गोड़ा बैजनाथडीह चौक से बैजनाथडीह ग्राम, शांतिपुर, बधाई घाट होते हुए खैरबनी फाटक तक और बबनीडीह चौक से मोकरो किस्कू के घर होते हुए निवारण मुर्मू के घर तक 5 किलो मीटर पथ निर्माण के लिए सड़क का नापी करवाया। विधायक ने स्थानीय ग्रामीणों को जल्द से जल्द सड़क निर्माण का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा बहुत जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। उन्होंने बताया ग्रामीणों की समस्या दूर करना ही पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा हेंमत सरकार की कार्यकाल में झारखंड के खास कर जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र का विकास की गति रफ्तार में पकड लिया है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हर गांव में विकास की गंगा बहाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग पर हेमंत सरकार के द्वारा कई महत्वपूर्ण योजना को ग्रामीणों तक लाभ पहुंचाने के लिए चलाया जा रहा है। गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजना पहुंचाने के लिए झामुमो संकल्पित है। आने वाले दिनों में जुगसलाई विधानसभा के रूप रेखा बदला हुआ नजर आयेगा। उन्होंने कहा पूरा जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की विकास करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इसके लिए जनता का समर्थन जरूरी है। उन्होंने बताया ग्रामीण क्षेत्र के युवा आगे आये ताकि संगठन को मजबूत करते हुए विकास की गंगा बहा सके।

**मौके पर ये रहे मौजूद**

**मौके पर खाकड़ीपाड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया घासीराम बारदा, ग्राम प्रधान कृष्णा माझी, शंकर दास, रजनी दास, आलोक भकत, सागर महतो, असित गोप, राजा मार्डी, बुधेश्वर कर्मकार, आलोक भकत, कार्तिक हो के आलावे सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।**

# 1932 का खतियान प्रस्ताव पारित होने पर झामुमो नेताओं ने किया लड्डू का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पहल पर 1932 का खतियान लागू करने, 27% ओबीसी,एसटी को 28% एवं एससी को 12% आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित करने के खुशी मनायी गयी। गुरुवार को गधड़ा चौक में झामुमो नेताओं के लड्डू वितरण कर खुशी का इजहार किया। मौके पर झामुमो आंदोलनकारी नेता जेना जामुदा, झारखंड मजदूर यूनियन केंद्रीय सचिव सह झामुमो नेता राजेश सामंत, ग्राम प्रधान सुकलाल हेमरोम, अमित दास, मनोज दास, छोटे सरदार, आनंद पीटर तिर्की, लिली हेमब्रम, कृष्णा दास, राजेश मुंडा, मंगल शर्मा, विजय पूर्ति, बीर सिंह पात्रों, गुरबा भूमिज, अनूप दास, बिश्वजीत दास, संजय गिरी, रघुनाथ पांडे, विश्वरूप पात्रों ने सड़क से गुजरने वाले ग्रामीणों के बीच लड्डू बांट कर खुशी मनायी। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे। सभी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार को बधाई दी।

# टाटानगर सत्संग विहार के प्रभारी रहे स्वर्गीय मोहनलाल अग्रवाल की आत्मा की शांति के लिए गुरुभाइयों ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटानगर सत्संग विहार के बीते 20 वर्ष से प्रभारी रहे मोहनलाल अग्रवाल का बीते दिनों साकची स्थित आवास में स्वर्गवास हो गया। शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में सभी गुरुभाइयों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा में मंदिर के प्रभारी स्व० मोहनलाल अग्रवाल के दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। मौके पर अनेकों श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के भक्तजनों उपस्थित होकर उनके चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर रित्तिक राजू शरण ने बताया मिली जानकारी के अनुसार स्व. मोहनलाल अग्रवाल 1974 साल में परम प्रेममय श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के दीक्षा देवघर मंदिर में जाकर ग्रहण किए थे। शुरू से ही वे सत्संग के सक्रिय सदस्य रहे हैं। विगत बीस वर्षो से भी अधिक वे टाटानगर सत्संग विहार के प्रभारी रहे। उन्हीने विगत 8 सितंबर को लगभग 88 वर्ष की उम्र में शरीर को त्याग परलोक सिधार गये। वे एक अति मधुर भाषी एवं आकर्षक व्यक्तित्व के धनी थे। ऐसे अनेकों व्यक्ति सत्संग में है जिन्होंने अपना जीवन का मार्ग से भटक गए थे, उनके संपर्क में आकर ठाकुर जी की दीक्षा ग्रहण कर आज शांतिमय, सुखमय एवं उन्नति शील जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा अचानक उनका देहांत हो जाने से सभी गुरु भाई काफी आहत है। लेकिन संसार का नियम के अनुसार आना जाना लगा रहता है। इस कठिन घड़ी में परमपिता उनकी शोकाकुल परिवार को आत्मीय शक्ति प्रदान करें। ताकि वे इस कठिन घड़ी को सहन कर सके। उन्होंने बताया शुक्रवार को सभी गुरु भाई एकत्रित होकर मंदिर के अभिभावक स्वरूप स्वर्गीय मोहनलाल अग्रवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा पूर्वक श्रद्धांजलि दी।

**शोक सभा में ये रहे शामिल**

**शोक सभा में सत्संग विहार टाटानगर के एसपीआर भास्कर शरण, एसपीआर विनोद साव, एसपीआर आनंद कुमार, राधे मुनका, डीके मिश्रा, कृष्णा प्रसाद,कार्तिक चंद्र दास, राजा सिंह, दुगार्नंद झा, हरे कृष्णा महतो, जुगल किशोर साव, विशन दास, राजेंद्र मिस्त्री,सुबोध पोद्दार, अभिजीत अधरजी, विवेक सोनी, सोनू रजक के अलावे काफी संख्या में सत्संगी शामिल रहे।**

# सूर्यसिंह बेसरा ने स्थानीय नीति पर हेमंत सोरेन सरकार के फैसले का किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने 1932 के आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी को दिए गए 27 प्रतिशत आरक्षण के कैबिनेट के फैसला का स्वागत किया। शुक्रवार को पूर्व विधायक सुरेश सिंह बेसरा ने झारखंड में हेमंत सरकार को बधाई दी। उन्होंने बताया पूर्व में 1932 का खतियान और 27% आरक्षण नीति लागू करने की मांग की गई थी। लेकिन पूरे झारखंड में 1932 का खतियान लागू होना मुश्किल है। उन्होंने सभी जिले के अंतिम सर्वे के आधार पर ही स्थानीय नीति लागू करने का सुझाव दी। उन्होंने कहा कोल्हान में 1964 में अंतिम सर्वे हुआ था। जिसके आधार पर स्थानीय नीति में बदलाव होने चाहिए। उन्होंने बताया आंध्र प्रदेश के अनुसार विशेष प्रबंध अनुच्छेद 371 के अनुसार स्थानीय नीति बननी चाहिए। जिस पर राष्ट्रपति का मुहर लगने के बाद ही संभव हो पाएगी। उन्होंने कहा इसके लिए बहुत सारी कानूनी प्रक्रिया में गुजारना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 50% आरक्षण मिल सकती है। उन्होंने बताया एसटी एससी ओबीसी को 77% आरक्षण के लिए सरकार को सिड्यूल 9 लोकसभा और राज्यसभा से पास कराना होगा। लेकिन केंद्र में भाजपा की सरकार है। इसके लिए एक वैकल्पिक तैयार किया गया है। जिसे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 2 दिनों के अंदर सौंपा जाएगा। उन्होंने हेमंत सोरेन की सरकार के फैसले को बधाई देते हुए झारखंड की जनता के लिए फैसले का स्वागत किया।

## राहत : गढ़वा की चिरप्रतीक्षित मांग हुई पूरी, ट्रैफिक से मिलेगी मुक्ति

# 191 करोड़ की लागत से होगा तीन सड़कों का निर्माण

**गढ़वा-चिनिया, रंका-रमकंडा व रमना- विशुनपुरा-मंझियांव पथ के लिए झारखंड सरकार के कैबिनेट से मिली स्वीकृति**

आजाद सिपाही संवाददाता



जीर्ण शीर्ण व संकीर्ण गढ़वा-चिनिया रोड

**गढ़वा।** गढ़वा की चिर प्रतिक्षित मांग पूरी हो गई है। 191 करोड़ की लागत से जिले की तीन सड़कों का चौड़ीकरण व मजबूती करण कार्य किया जाएगा। झारखंड सरकार ने कैबिनेट में इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन सड़कों में गढ़वा-चिनिया, रंका-रमकंडा व रमना-विशुनपुरा-मंझियांव पथ शामिल है। करीब 75 किलोमीटर लंबी इन सड़कों का निर्माण पथ निर्माण विभाग झारखंड करायेगा। अब ये सड़कें डबल लेन अर्थात सात मीटर चौड़ी बनेंगी। फिलहाल इनकी चौड़ाई 3.75 मीटर है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि उक्त सड़कों की चौड़ाई काफी कम होने के कारण हमेशा ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। साथ ही अक्सर दुर्घटना भी होती रहती है। इन क्षेत्रों के ग्रामीणों की लंबे समय से इन सड़कों के चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। उन्होंने दृढ़ता से इस मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने इसे कैबिनेट से स्वीकृति प्रदान कर दी। मंत्री ने बताया कि गढ़वा-चिनिया पथ 26.3 किमी 70 करोड़, 24 लाख, एक हजार 300 रुपये, रंका-रमकंडा पथ 20.95 किमी 65 करोड़, 77 लाख, 86 हजार, 500 रुपये तथा रमना- विशुनपुरा-मांझियाव पथ 29.3 किमी का 55 करोड़, 26 लाख, 90 हजार, 500 रुपये से चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाएगा। अब जल्द ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य आरंभ किया जायेगा।

मंत्री ने कहा कि इन तीनों पथों पर ट्रैफिक का भार काफी बढ़ने सहित पथ की स्थिति भी काफी जीर्ण-शीर्ण हो गई थी। आज उन क्षेत्र के लोगों की पूरी करते हुए काफी सुकून की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि इन पथों के निर्माण के उपरांत गढ़वा से चिनिया और रंका से रमकंडा पहुंचने में 20 मिनट से अधिक का समय नहीं लगेगा तथा इन पथों के दोनों ओर बसे गांवों की आर्थिकी भी बदलेगी। गढ़वा-चिनिया पथ एनएच 75 गढ़वा से शुरू होकर मुख्य रूप से कल्याणपुर, चामा, पेसका, गेरुआसोती, कोलदह, तसरार, कपराठ, सोती व चिनिया प्रखंड मुख्यालय से साढ़े पांच मीटर चौड़ी पीडब्ल्यूडी सड़क को जोड़ते हुए रंका अनुमंडल के विभिन्न सुदूरवर्ती आदिवासी व नक्सल प्रभावित गांव से होते हुए रंका अनुमंडल मुख्यालय में एनएच 343 को जोड़ेगा। जबकि रंका-रमकंडा पथ रंका अनुमंडल मुख्यालय के एनएच 343 से शुरू होकर मुख्य रूप से रंका, लिदीकंडा, मानपुर, मतौली, पूरेगाड़ा, चटकमान, केरवा, रमकंडा सहित अन्य आदिवासी व नक्सल प्रभावित गांव से होते हुए हुए पलामू जिला के चैनपुर प्रखंड को जोड़ेगा। इन सड़कों को छत्तीसगढ़ व उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़ने के कारण गढ़वा जिला मुख्यालय से छत्तीसगढ़ व उत्तर प्रदेश की दूरी भी काफी कम हो जाएगी।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि रमना, बिशुनपूरा व मंझियाव भी तीव्र गति से सड़कों से आच्छादित होंगे। गढ़वा ज़िले में जिस गति से सड़कों का निर्माण हो रहा है, अब वह दिन दूर नहीं कि हर प्रखंड, पंचायत और गांव अच्छी सड़कों से जुड़ जायेंगे। प्रत्येक गांव की सड़क पीडबल्यूडी सड़क से जुड़ जाए ऐसा हमारा ऐक्शन प्लान है। इन सड़कों की कैबिनेट से मंजूरी प्रदान करने के लिए मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा की जनता की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है।

## गढ़वा के आठ प्रखंडों में बनेगा पदाधिकारियों व कर्मियों का आवास

**पदाधिकारियों, कर्मियों को प्रखंड मुख्यालय में रहना होगा अनिवार्य, जनहित के लिए प्रतिबद्ध है झारखंड सरकार : मिथिलेश ठाकुर**



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला के आठ प्रखंडों सहित राज्य के कुल 86 प्रखंडों में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण किया जाएगा। करीब साढ़े पांच करोड़ रुपए प्रति प्रखंड की लागत से बनने वाले इन भवनों के निर्माण के लिए झारखंड कैबिनेट ने 468 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा ज़िले में गढ़वा सदर, मेराल, मंझियाव, बड़गड़ डंडई, श्री बंशीधर नगर, भवनाथपुर एवं रमना प्रखंड मुख्यालय में इन आवासीय भवनों का निर्माण होगा। मंत्री ने कहा कि भवन निर्माण के के बाद पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रखंड परिसर में ही रहना अनिवार्य होगा। झारखंड सरकार जनहित के कार्यों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आम जनता को अधिक से अधिक सुविधा पहुंचाने के लिए काफी गंभीर हैं। इसका उदाहरण नित प्रतिदिन नए नए लोक कल्याणकारी निर्णयों के रूप में देखा जा सकता है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि अब आम जनों को पदाधिकारियों को खोजने के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। सभी पदाधिकारी व कर्मी प्रखंड मुख्यालय में ही निवास करेंगे। जिससे जनहित के कार्यो को निपटाने में काफी सहूलियत होगी।

## कैबिनेट के निर्णय पर झामुमो ने मनाया जश्न



**नेताओं ने कहा झारखंड की जनभावनाओं के अनुरूप कार्य कर रही हेमंत सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा गढ़वा इकाई के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने गढ़वा गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान से चिनिया मोड़, रंका मोड़, मेन रोड होते हुए मझिआंव मोड़ तक गाजे बाजे के साथ जुलूस निकालकर जश्न मनाया।

झामुमो नेताओं ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार जनभावनाओं के अनुरूप काम कर रही है। कैबिनेट में 1932 की खतियान और 27% ओबीसी आरक्षण पारित होने की खुशी में झामुमो नेताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और अबीर गुलाल लगाकर जश्न मनाया। इस जश्न यात्रा में करीब 1000 नेता कार्यकर्ता शामिल हुए।

जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्य नारायण यादव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजली गुप्ता, सचिव चंदा देवी, प्रवक्ता रजनीगंधा देवी, केंद्रीय समिति सदस्य अनीता दत्त, सभी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष-सचिव, सभी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, सभी विभाग के विधायक प्रतिनिधिगण, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, एवं सभी प्रखंड के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## केतार में महागठबंधन के नेताओं एवं समर्थकों ने निकाला विजय जुलूस



**केतार (आजाद सिपाही)।** झारखंड में 1932 का खतियान लागू करने एवं पिछड़ों को 27% आरक्षण पर मुहर लगने से केतार बाजार स्थित अंबेडकर चौक से लेकर कर्पूरी गेट तक महागठबंधन के नेताओं एवं समर्थकों ने विजय जुलूस निकाला। इस अवसर पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जमकर पटाखे फोड़े एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाइयां दी। समाजसेवी सह जेएमएम नेता अजय वर्मा ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का सपना 1932 का खतियान लागू करने एवं पिछड़ों को 27% आरक्षण देने का पूरा हुआ। आज झारखंड के लिए काफी खुशी का दिन है। प्रदेश वासियों के लिए आज का दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। झामुमो नेता कामेश्वर सिंह, अजय वर्मा, सुरेश कुमार, श्रीराम सिंह, 20 सूत्री सदस्य छोटन कुमार सिंह, पंचायत अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, रामविचार साह, शिव कुमार सिंह, प्रमुख पति सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद, पांचाडूमर मुखिया श्यामसुंदर बैठा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सेवा कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को होगा महारक्तदान शिविर का आयोजन : रितेश चौबे



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो जिला कार्यालय गढ़वा में मीडिया को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितम्बर से शुरू होगा। 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर महारक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक सदर अस्पताल गढ़वा में किया गया है। उक्त कार्यक्रम में जिले भर से भाजपा कार्यकर्ता समाजिक संगठनों के कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितम्बर से शुरू एवं 2 अक्टूबर को समापन होगा। इस दौरान पौधरोपण, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, पुस्तक विमोचन, महापुरुषों की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान जैसे अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महारक्तदान कार्यक्रम के दौरान ब्लड डायरेक्ट्री भी बनायी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे जिले भर से दो हजार कार्यकर्ताओं का ब्लड ग्रुप के साथ डायरेक्ट्री बनायी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल से लेकर बूथ स्तर तक पौधरोपण कार्यक्रम किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नवीन जायसवाल, ओमप्रकाश पासवान सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## 'मॉर्निंग वॉक पर निकले अधेड़ की बाइक सवार तीन अपराधियों ने गला रेत कर की हत्या

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जंगीपुर में एक दिल दहला देने वाली घटना हुई है। बाइक सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने सुबह टहलने के लिए निकले जंगीपुर निवासी लभग 72 वर्षीय दसु मेहता की गला काटकर हत्या कर दी। घटना जंगीपुर स्टेशन रोड में अहले सुबह साढ़े 4 बजे की बतायी जा रही है। समाचार के अनुसार दसू मेहता चाय पीकर टहलने स्टेशन की ओर जा रहे थे। तभी अचानक एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर आये और चाकू से उनका गला काट दिया। साथ ही शरीर के कई जगहों पर चाकू से प्रहार किया। इधर घटना के बाद मृतक के शव के साथ स्थानीय लोगों ने हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए एनएच 75 को जाम कर दिया। लभाग आधे घंटे बाद एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी के आश्वासन के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क से जाम हटाया। बाद में पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। अपराधी अतिशीघ्र पकड़े जाएंगे।

## भूमंडलीकरण के दौर में अंग्रेजी व हिंदी के बीच प्रतिस्पर्द्धा है : केएन पांडेय

**सृजन साहित्यिक मंच ने हिंदी की दशा व दिशा पर परिचर्चा सह संगोष्ठी का किया आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सृजन साहित्यिक मंच द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर बुधवार की शाम स्थानीय मेलोडी मंडप में हिंदी की दशा व दिशा पर परिचर्चा सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। देर रात तक चले इस साहित्यिक संगोष्ठी में उपस्थित साहित्यकारों एवं बुद्धिजीवियों ने हिंदी की स्थिति पर अपने उदगार व्यक्त किये। कई रचनाकारों ने काव्य पाठ कर अपनी भावनाओं की प्रस्तुति की। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केएन पांडेय, वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र कुमार मिश्र, पातंजलि योग समिति के राज्य सह प्रभारी रासबिहारी तिवारी, कवियित्री पूनमश्री आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत पूनमश्री ने हिंद देश के वासी हैं हम, हिंदी अपनी भाषा है... शीर्षक पंक्ति की प्रस्तुति कर वातावरण बनाने का काम किया। इसको आगे बढ़ाया सेवानिवृत अधिकारी अजय शुक्ला ने 'हिंदी है मेरे देश की विंदिया भारत की पहचान, हिंदी को अपनाकर ही भारत बने महान...' प्रस्तुत कर हिंदी के महत्व को रेखांकित किया। युवा रचनाकार प्रमोद कुमार ने 'है जन्मभूमि भारत मेरी, यह सोच के मैं इतराता हूं...' की सस्वर प्रस्तुति कर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि केएन पांडेय ने वर्ष 1949 इस्वी से लेकर आजतक की हिंदी की स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुये कहा कि भूमंडलीकरण के इस दौर में अंग्रेजी से हिंदी की प्रतिस्पर्द्धा है। इसलिये हिंदी और अंग्रेजी का समन्वय जरूरी है। इस दौरान उन्होंने प्राचीन काल से आधुनिक काल तक के कवियों की पंक्तियों को उद्धृत करते हुये कई प्रसंगों का उल्लेख किया। साहित्यकार सुरेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि हिंदी वर्ष 1949 से लेकर आजतक गली-गली अपनी स्थिति पर आंसू बहाते आ रही है। इसके बावजूद हिंदी एक समावेशी साहित्य है। हिंदी भाषियों की संख्या भले ही कम हो, पर गुणवत्ता ज्यादा है. रासबिहारी तिवारी ने हिंदी हूं, माथे की विंदी हूं...प्रस्तुत किया। मंच के सचिव सतीश कुमार मिश्र ने सृजन साहित्यिक मंच की गतिविधि पर प्रकाश डालते हुये कहा कि अपने स्थापना काल से ही उनका मंच हिंदी दिवस पर लगातार कार्यक्रम करते आ रहा है। आगे भी निरंतर कार्यक्रम की रूपरेखा बनायी गयी है। कार्यक्रम में टेंडर हर्ट के निदेशक एसएन पाठक, पातंजलि योग समिति के जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी, अधिवक्ता राकेश शुक्ला, समाजसेवी रामाशंकर चौबे, मॉडल इंफैंट के प्राचार्य शशिशेखर गुप्ता, संस्कार भारती के प्रदेश मंत्री नीरज श्रीधर, पूर्व मुखिया सुनील सिंह आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन अध्यक्ष विनोद पाठक ने तथा धन्यवाद ज्ञापन मीडिया प्रभारी दयाशंकर गुप्ता ने किया।

इस मौके पर संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष शंभू तिवारी, जायन्ट्स सहेली की किरण गुप्ता, अनिता गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नाबालिग लड़की को भगाकर लाने का आरोपी गिरफ्तार

**रंका (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बाहाहारा पंचायत के निवासी देवलाल भुईयां को नाबालिग लड़की भगाकर लाने के आरोप में रंका थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया है। देवलाल भुईयां जमशेदपुर में ड्राईवरी का काम करता था। उसी दौरान वहां से लड़की को बहला फुसलाकर कर अपने घर ले आया था। जिसके खिलाफ लड़की के घर वालों ने लड़की को बहला फुसलाकर भगाने का केस किया था।

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा।
(कल्याण शाखा)

सूचना
वित्तीय वर्ष 2021–22 में पोस्ट–मेट्रिक छात्रवृत्ति भुगतान से संबधित
आवश्यक सूचना

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए अनुसूचित जनजाति अनसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के Ekalyan(ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर कोडरमा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन का Status" Approved by DA Officer" है वे आवेदन में दिये गये आधार संख्या को अपने बैंक खाता के साथ दिनांक 24.09.2022 तक निश्चित रूप से लिंक करा लें। कुछ आवेदन से संबंधित आधार Inactive होने के कारण भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे आवेदक अपना आधार को दिनांक 24.09.2022 तक Active करा लें। ज्ञात हो कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।

उक्त तिथि के प्रश्चात Mapping करने वाले छात्रों को वर्ष 2021–22 के छात्रवृत्ति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट uidai.gov.in

जिला कल्याण पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 277880 (Welfare) 22-23 (D)

झारखण्ड सरकार
उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा।
(कल्याण शाखा)

अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति वर्ष 2022–23 हेतु आवश्यक सूचना
(प्री–मैट्रिक पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट–कम–मिन्स)

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्रांक–SS-15/4/2021-Scholarship MOMA दिनांक–20.07.2022 के आलोक में राज्य के सभी विद्यालय / महाविद्यालय / आई०टी०आई० / विश्वविद्यालय / अन्य शिक्षण संस्थान (जहाँ अल्पसंख्यक गरीब छात्र / छात्राएं अध्ययनरत् है) के प्रधानाध्यापक / प्राचार्य / अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति हेतु प्राधिकृत नोडल पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा संचालित अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति यथा–प्री–मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक तथा मेरिट–कम–मेन्स छात्रवृत्ति 2022–23 हेतु राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (NSP) वेबसाईट–www.scholarships.gov.in (इस साईट का लिंक www.minorityaffairs.gov.in पर भी उपलब्ध है) या मोबाईल ऐप–National Scholarship (NSP) पर छात्रवृत्ति योजनाओं में से किसी एक के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति हेतु निम्नांकित तिथि तक ऑनलाईन आवेदन आवेदित किया जा सकता है।

समय सीमा :–

| OPENING OF PORTAL | 20 JULY 2022 | |
|---|---|---|
| छात्रों द्वारा नई छात्रवृत्ति (पहली बार आवेदक) तथा नवीकरण छात्रवृत्ति (वह आवेदक जिसने 2021 – 22 के दौरान छात्रवृत्ति प्राप्त की) हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने का अंतिम तारीख | प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति | 30 सितम्बर 2022 |
| | बेगम हजरत महल छात्रवृत्ति | 30 सितम्बर 2022 |
| | पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति | 31 अक्टूबर 2022 |
| | मैरिट–कम–मेन्स छात्रवृत्ति | 31 अक्टूबर 2022 |

पात्रता:–
➢ आवेदक छः अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों (जैन, बौद्ध, सिक्ख, पारसी, मुस्लिम, ईसाई) का विद्यार्थी हो।
➢ वह भारत में सरकारी या निजी विश्वविद्यालयों / संस्थानों / महाविद्यालयों / विद्यालयों में अध्ययन कर रहा हो।
➢ अध्ययन किया जा रहा पाठ्यक्रम न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का हो।
➢ आवेदक ने पिछले वार्षिक बोर्ड / कक्षा की परीक्षा में 50% अंक प्राप्त किए हो।

निर्देश :–
➢ ऑनलाईन आवेदन भरने के लिए विस्तृत "निर्देश" और बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के होम पेज पर उपलब्ध है।
➢ आवेदक को परामर्श दिया जाता है कि केवल वहीं बैंक खाता विवरण दें जो सक्रिय मोड में है या बैंक के निर्देशों के अनुसार हो ताकि छात्रवृत्ति का भुगतान विफल न हो।

विश्वविद्यालयों / संस्थानों / महाविद्यालयों / विद्यालयों के लिए :–
➢ सभी विश्वविद्यालयों / संस्थानों / महाविद्यालयों / विद्यालयों, जहाँ कोई अल्पसंख्यक छात्र / छात्रा पढ़ रहे हैं, वे राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर स्वंय को पंजीकृत कर अपने इंस्टिट्यूट नोडल ऑफिसर का केवाईसी (KYC) एवं आधार डेमो–ऑथेटिकेशन कराना सुनिश्चित करें।
➢ अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति हेतु केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकार्य है।

नोट :– विस्तृत जानकारी के लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की वेबसाईट www.minorityaffairs.gov.in पर जाएं।

PR 277876 Welfare(22-23)D

जिला कल्याण पदाधिकारी, कोडरमा।

## गुटबाजी : गिरिनाथ सिंह के 16 सितंबर के धरना को अवैध बता रहे जिलाध्यक्ष, सत्येंद्र तिवारी ने कसा तंज

# राजा की मानसिकता से बाहर नहीं निकले हैं गिरिनाथ

**जिलाध्यक्ष और प्रदेश संगठन की सहमति से आयोजित कर रहा हूं धरना : गिरिनाथ**

आजाद सिपाही संवाददाता







**गढ़वा।** जिले में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरिनाथ सिंह के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष, संगठन प्रभारी, प्रदेश प्रभारी एवं जिला प्रभारी की उपस्थिति में जिले में लगातार घटित हो रही घटना पर पुलिस प्रशासन द्वारा दोषियों पर कार्रवाई नहीं किये जाने के विरोध में 16 सितंबर को समाहरणालय के सामने एक दिवसीय रोषपूर्ण धरना प्रदर्शन आहूत किया गया है। इस धरना कार्यक्रम के विरोध में इधर प्रेस वार्ता कर भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने उसे भाजपा का नहीं बल्कि गिरिनाथ सिंह का व्यक्तिगत धरना-प्रदर्शन बताया। इस बाबत ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि कोई भी कार्यक्रम पार्टी का आयोजित होता है, तो उसका निर्देश प्रदेश नेतृत्व से आता है। इस कार्यक्रम के बारे में किसी को जानकारी नहीं है। जहां तक धरना के बैनर में मेरी तस्वीर लगाये जाने की बात है, इसकी कोई जानकारी मुझे नहीं है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वे राष्ट्रीय कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा संपन्न कराने के लिए सभी जुड़े हुए हैं। नेतृत्व का भी यह निर्देश है कि इस कार्यक्रम के अलावा पार्टी द्वारा कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा। ऐसे में इस धरना प्रदर्शन का आयोजन करना बिल्कुल गलत है। यदि यह आयोजन करते हैं तो प्रदेश संगठन को इसकी जानकारी दी जाएगी।

वहीं भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि अब प्रजातांत्रिक व्यवस्था है। लेकिन गिरिनाथ सिंह राजा के मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाये हैं। उनके द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम को दरकिनार करते हुए धरना का आयोजन किया जा रहा है। यदि उनके द्वारा यह कार्यक्रम आयोजन किया जाता है तो इसकी जानकारी प्रदेश संगठन को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रम को धत्ता बताते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

इधर इस संबंध में पूछे जाने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरिनाथ सिंह ने कहा कि यह जो बात जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक के द्वारा कही जा रही है बिल्कुल हास्यास्पद है। क्योंकि यह धरना कार्यक्रम सभी की सहमति से किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष के साथ-साथ प्रदेश अध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी सहित सभी को जानकारी देते हुए धरना का आयोजन किया जा रहा है।

## एंबुलेंस से लकड़ी की तस्करी, तीन युवक गिरफ्तार



तोरपा (आजाद सिपाही)। तोरपा पुलिस ने एंबुलेंस से लकड़ी की तस्करी कर रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तपकारा से एक एंबुलेंस में लकड़ी तस्करी कर रांची ले जाया जा रहा है। इसके बाद इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी सत्यजित कुमार, एसआइ महती बोपाई की टीम गठन कर बुधवार देर रात दियांकेल के पास छापामारी कर रोक लिया गया। उसकी जांच करने पर एंबुलेंस से 50 पीस साल की लकड़ी का चौखट बरामद हुआ। पुलिस ने तस्करी में लिप्त तपकरा निवासी सोनू केसरी, शुभम केसरी और नीतिश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये युवकों द्वारा गोवंश तस्करी करने की भी सूचना है।

### सलाह : भारतीय किसान संघ की ओर से किसान सम्मेलन का आयोजन

# औने-पौने दाम में उपज न बेचकर आर्थिक मजबूती पर ध्यान दें किसान: कड़िया मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कर्रा के नगर सभागार में गुरुवार को भारतीय किसान संघ की एकदिवसीय सम्मेलन आयोजित की गई। पहले सत्र में संगठन की क्रियाशीलता के तरीके और संगठन विस्तार पर चर्चा की गयी। जबकि दूसरी पाली में सभा की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पद्मभूषण कड़िया मुंडा भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि किसान के मेहनत की बदौलत ही देश में जीवन रेखा चलती है। लेकिन किसान मजबूत नहीं होने से उनकी पूछ नहीं होती है। किसानों को भी चाहिए कि अपनी आर्थिक मजबूती पर ध्यान दें। वर्तमान में महिला किसान संगठन बनाकर आय दोगुनी करने में लगी है। वहीं किसानों को चाहिए कि सरकारी लाभ का पूरा उपयोग करे। वहीं, तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि झारखंड में लूट खसोट बढ़ गया है। सहायता और विकास के नाम पर केवल लूट मची है। इसलिए किसानों को समूचित लाभ से वंचित होना पड़ता है। आइटीडीए निदेशक संजय भगत ने भी अपने विचार रखे। कहा कि किसान कल्याण योजना के तहत किसानों को सरकार ऋण उपलब्ध कराती है। जिसका लाभ किसानों को अवश्य उठाना चाहिए। कृषि कार्य के लिए किसानों को 30 फीसदी तक छूट मिलती है। पर ऋण तीन वर्ष के अंदर मुक्त हो तभी इसका लाभ मिलेगा। वहीं, जिला कृषि पदाधिकारी संतोष लकड़ा ने कहा कि सरकार भले ही सूखे की बात की थी। पर बाद में किसान धानरोपनी कर लिया। इसलिए कर्रा को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित नहीं किया। हालांकि सभी किसान पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करा लें। अगर उपज कम होगी तो उसका मुआवजा मिलेगा। वहीं, भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी ने कहा कि संगठन पूरे देश के किसानों को लाभ पहुंचाने और जागृत करने के लिए हर समय तत्पर रहता है। क्योंकि अन्नदाता किसान ही हैं जिनकी बदौलत मानव जीवन का भला होता है। इस दौरान कई किसानों ने अपनी-अपनी समस्याओं को मंच पर उपस्थित पदाधिकारियों के समक्ष रखा। जिलके समाधान को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान अरुण चंद्र गुप्ता, जगदीश महतो, बिरेंद्र मांझी आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन संगठन के जिलाध्यक्ष घुरन महतो और धन्यवाद ज्ञापन बिरेंद्र मांझी ने किया। इस मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, जगरनाथ मुण्डा, विनोद प्रसाद सोनी, भीम सिंह मुंडा, विष्णु प्रसाद सोनी आदि उपस्थित थे।



सम्मेलन में पद्मभूषण कड़िया मुंडा का स्वागत करते पार्टी नेता।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डायन बिसाही कुप्रथा की रोकथाम को लेकर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



खूंटी (आजाद सिपाही)। डायन बिसाही कुप्रथा के रोकथाम को लेकर जिला पुलिस की ओर से गुरुवार को 10 गांवों के ग्रामीणों के बीच हिंदी और स्थानीय भाषा में सघन जन जागरूकता अभियान चलाया गया। डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के अपराध एवं दंड से संबंधित प्रावधानों का लोगों के बीच प्रचार-प्रसार किया गया। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार और तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश तिवारीस तोरपा और मरंगहादा अंचल के पुलिस इंस्पेक्टर के नेतृत्व में चलाए गए जागरूकता अभियान में काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। साथ ही वैसे थाना क्षेत्र जहां मानव तस्करी की संभावना होती है, वैसे कुछ क्षेत्रों में मानव तस्करी की रोकथाम के लिए भी जागरूकता अभियान चलाया गया। खूंटी के एसडीपीओ और पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में चंडीडीह, मुरहू थाना के बिंदा, अड़की थाना के बिरबांकी और सायको थाना के डिगरी गांच में जागरूकता अभियान चलाया गया। मारंगहादा के पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में मारंगहादा के लाबोदाग में अभियान चलाया गया। वहीं, तोरपा के पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में तोरपा थाना के मनमनी, तपकारा थाना के रोन्हे, रनिया थाना के कोनबीरकेल, कर्रा थाना के डुमारी और जरियागढ़ थाना के तिरला में जागरूकता अभियान चलाया गया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने विज्ञप्ति जारी कर दी।

### ग्रामीणों को गांव में ही दी जा रही चिकित्सा सुविधा



खूंटी (आजाद सिपाही)। डीसी के निर्देश पर जिले स्थानीय स्तर पर सुगम रूप से स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रही है। जिले में संचालित आई केयर वाहन के माध्यम ये ग्राम स्तर तक लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। गुरुवार को तोरपा प्रखंड के सुंदारी में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा, आई केयर वाहन के माध्यम से आंखों की जांच की गई और दवा दी गयी। समय डॉक्टर्स व विशेषज्ञों के परामर्श भी उपलब्ध कराये गये। डीसी द्वारा निर्देशित किया गया है कि समय-समय पर क्षेत्रों में चिकित्सकों की मदद से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाय, जिससे सुगम रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य परीक्षण हो सके और समस्या होने पर उनका इलाज किया जा सके। शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही उन्हें परामर्श और निशुल्क दवां भी उपलब्ध कराई गई। आई केयर वाहन के माध्यम से 21 लोगों की आंखों की जांच कर उनमें से दृष्टि दोष व आंख की अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों को चिह्नित किया गया है, इनमें रिफ्रेक्टिव एरर के दो, कैटरैक्ट के 16 और आंच की अन्य बीमारी के तीन पाये गये। उन्हें आवश्यकता के अनुरूप चश्मा भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### बिरसा कॉलेज में पोषण जागरूकता सेमिनार का आयोजन



खूंटी (आजाद सिपाही)। बिरसा कॉलेज खूंटी में गुरुवार को पोषण जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में छात्र-छात्राओं को कुपोषण के खिलाफ जागरूक रहने की सलाह दी गई। इस बार पोषण माह महिला स्वास्थ्य एवं बच्चों पर केंद्रीत है। शिक्षिकाओं एवं प्रभारी प्राचार्य ने खूंटी में सुलभ उपलब्ध भोजन एवं सब्जियों की जानकारी दी और परिवार की गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक एवं संतुलित भोजन देने की सलाह दी। सभी को हरी पत्तेदार सब्जियों का अधिक से अधिक प्रयोग की सलाह दी गई। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्या प्रो जर्मन कुल्लू कीड़ो, पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ नेलन पूर्ति, एनएसएस की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ पुष्पा सुरीन, प्रो तारीफ लुगुन, प्रो पूनम माई तियू, अमृता महतो, डॉ संध्या कुमारी, अभिषेक कुमार और राजकुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## 1932 के खतियान के समर्थन में झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाली आभार यात्रा



तोरपा (आजाद सिपाही)। प्रखंड झामुमो की ओर से तोरपा में हेमंत सरकार द्वारा 1932 खतियान के आधार पर स्थानीय नीति के निर्णय लेने पर खुशी जाहिर करते हुए गुरुवार को रैली निकाल आभार जताया। 20 सूत्री उपाध्यक्ष जुबेर अहमद की अध्यक्षता में एनएचपीसी गेट के पास भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद निकाली गई आभार रैली हिल चौक, मेन रोड होते हुए ब्लॉक गेट होते हुए कर्रा मोड़ पहुंच कर समाप्त हुई। जीप अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार ने जन भावनाओं का ख्याल रखा है। इस स्थानिय नीति से निसंदेह स्थानिय लोगों को लाभ मिलेगा। इस मौके पर जीप सदस्य सुशांति कोंगाडी, उपप्रमुख संतोष कर, पूर्व प्रमुख रोशनी गुड़िया, नेली डाहंगा, अमृत हेमराम, शिशिर तोपनो, प्रदीप केसरी और संजय यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सयुंक्त पड़हा संघ ने जताया हेमंत सरकार का आभार



कर्रा (आजाद सिपाही)। झारखंड में हेमंत सोरेन कि सरकार द्वारा 1932 के खतियान के आधार पर स्थानिय नीति लागू करने पर संयुक्त पड़हा संघ ने जुलूस निताल कर झारखंड सरकार आभार व्यक्त किया है। जिसमें होरो पड़हा के देवान सुनील होरो, सचिव इपील होरो, कल्वर्ट होरो उर्फ शिबू होरो, जोसेफ होरो, बौना होरो, नौना हेमरोम, हेरेंज पड़हा के राजा संध्या हेरेंज, सहायक हरिनाथ हेरेंज, एतवा हेरेंज, जोसेफ हेरेंज, भेंगरा पड़हा का पड़हा राजा सनिका भेंगरा, एतवा भेगरा, संगा पड़हा का पड़ा राजा शनिचारवा संगा के अलावे काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने किया विरोध

पिपरवार (आजाद सिपाही)। क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीणों ने पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय और अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार को पत्र लिखकर हाईवा मोड़ से जाने वाले कोयले को ट्रक मोड में करने की मांग की है। पत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने कहा कि पिपरवार क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीणों को यहां के लोकल सेल में रोजगार मिल रहा था, लेकिन कोयलो को अब प्रबंधन द्वारा हाईवा मोड़ से भेजा जा रहा है, जिससे यहां के विस्थापित ग्रामीण बेरोजगार हो गए हैं। वही ट्रक मालिकभी परेशान हैं। इस लिए हाईवा मोड़ के कोयले को ट्रक मोड़ से भेजने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# पुलिस ने अवैध स्लरी लदे 10 वाहन पकड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

**डकरा।** खलारी थाना अंतर्गत बंद पड़े सीमेंट फैक्ट्री के बगल में जमा स्लरी की तस्करी इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। स्लरी के इस गोरखधंधे में छोटे-बड़े वाहनों का इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा था। वहीं खलारी थाना क्षेत्र से स्लरी के हो रहे अवैध खनन और उठाव की मिल रही जानकारी पर खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी के निर्देश पर पुलिस ने हुटाप मोड़ पर वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान खलारी पुलिस ने अवैध तरीके से स्लरी ले जाते नौ ट्रैक्टर एवं एक टर्बो गाड़ी जब्त की है। साथ ही अग्रतर कार्यवाही के लिए जिला परिवहन कार्यालय एवं जिला खनन विभाग को लिखित सूचना दे दी गई है। इधर, जब्ती के बाद सभी वाहनों को थाना परिसर में रखा गया है। दूसरी ओर, पूरे मामले में खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि थाना क्षेत्र में बालू और स्लरी के अवैध खनन और उठाव की खबर लगातार मिल रही थी। इसके रोक थाम के लिए औचक जांच अभियान चलाया गया। जहां मामले को सत्य पाया गया। जिस पर कार्यवाही भी की गई है। उन्होंने कहा कि आगे इस तरह के मामले कि खबर फिर मिलती है तो किसी को बक्शा नहीं जाएगा। जबकि खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य ने पुलिस की कार्यवाही को सराहते हुए कहा कि मामले की खबर मिली है। स्लरी के उठाव की मनाही है। बावजूद इसके मामले में किसी की संलिप्तता पाई जाती है तो उनके विरुद्ध नियम संगत कार्यवाही की जाएगी।



# भाजपा खलारी मंडल कार्यसमिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**डकरा।** भाजपा खलारी मंडल कार्यसमिति की बैठक गुरुवार को डकरा वीआईपी सभागार में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने की। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजाप के रांची जिला ग्रामीण प्रभारी विनोद सिंह उपस्थित थे। अपने संबोधन में विनोद सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर आगामी 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों जिसमें रक्तदान, मंडल स्तर पर दीन दयाल उपाध्याय जयंती, वृक्षारोपण, क्षेत्र के टीबी के मरीजों की पहचान और उनकी सेवा, अमृत सरोवर कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम की सफलता, बौद्धिक एवं प्रबुद्ध लोगों की गोष्ठी आदि के बारे में बताया। बैठक का संचालन मंडल के महामंत्री कार्तिक पांडे और धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री अनिल गंझू ने किया। बैठक में खलारी भाजपा मंडल के प्रभारी सतीश कुमार साहू आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, चुरी पश्चिमी शक्ति केंद्र के प्रभारी शशिकांत सिंह की अध्यक्षता में शक्ति केंद्र के पांच बूथों की बैठक विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह के आवास पर की गई। जहां रांची जिला के भाजपा प्रभारी विनोद सिंह ने सभी बूथ अध्यक्षों व कमेटी के सदस्यों को एक सशक्त बूथ निर्माण करने का मूलमंत्र दिया।



## विहिप ने राज्यपाल के नाम खूंटी डीसी को ज्ञापन सौंपा

खूंटी (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को राज्यपाल के नाम खूंटी के डीसी को ज्ञापन सौंपकर पिछले दिनों कर्रा प्रखंड के पड़गांव में असामाजिक तत्वों द्वारा की गई तालाबंदी और पूजा पाठ को अवरुद्ध करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा कि पड़गांव स्थित हनुमान मंदिर में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तालाबंदी कर मंदिर की जमीन को हथियाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि मंदिर और भूमि राम जानकी देवस्थान के नाम से सरकारी कागजात में अंकित है।

## सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा की बैठक



कर्रा (आजाद सिपाही)। भाजपा गोविंन्दपुर मंडल में सेवा पखवाड़ा को लेकर गुरुवार को डेहकेला गांव में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह ने की। बैठक में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया और पंचायत के प्रभारी का चयन किया गया। मौके पर श्याम सोनी, सुधीर सिंह, संजय भगत, लक्ष्मण पहान, सुदर्शन गोप, देवेंद्र सिंह, सुरेंद्र गोप, विनय गुप्ता, रोहित, शिवम कुमार, अजीत आइंद, मधुसूदन साहू, जगरनाथ साहू, शंकर दास के अलावा मंडल के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। इधर, कर्रा मंडल अध्यक्ष बालकिशुन महतो की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकर्ताओं की हुई बैठक में भी सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में कृपा सिंधु बेहरा, जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम, महामंत्री दिलीप सिन्हा, महामंत्री कलिंद्र राम, युवा मोर्चा अध्यक्ष बलराम सिंह, बिरसा उरांव, अहलाद मुंडा, तेंबा उरांव, विकास मिश्रा, जागरण उरांव, ज्ञानरंजन, अमन सौरभ, राज सिन्हा, रंजीत मुंडा, कृष्णा महतो, शीतकंठ शर्मा, अर्जुन बखला, निखिल मिश्रा, विनोद सिंह, राजीव महतो, फिरोज मियां और जगदीश महतो आदि उपस्थित थे।

## 1932 खतियान के समर्थन में पिपरवार में जुलूस निकाल मुख्यमंत्री का जताया आभार



पिपरवार (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार द्वारा 1932 खतियान आधारित नीति पर फैसला आने के बाद कोयलांचल क्षेत्र में जश्न का माहौल है। गुरुवार को बमने स्थित शहीद निर्मल महतो चौक से जुलूस निकाला गया। जिसमें शामिल लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा व आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। जुलूस बमने, पुरानीराय, राय बाजार होते हुए बचरा चार नंबर चौक पहुंचा जहां कृष्णा महतो चौक के पास सभा में तब्दील हो गया। जहां वक्ताओं ने 1932 खतियान आधारित नीति को झारखंड सरकार द्वारा पास किये जाने का स्वागत किया और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित आंदोलन को धारदार बनाने वाले जयराम महतों के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर नागेश्वर महतो, अर्जुन महतो, दीपक कुमार महतो, टहलु महतो, धर्मनाथ महतो, विकास महतो, महेंद्र महतो, नरेश महतो, अशोक महतो, नागो महतो, तारकेश्वर महतो, जितेन्द्र कुमार, राजा खान, कृष्णा यादव, मोहम्मद आमिर, छबि सिंह, राजेश महतो आदि थे।

## 1932 खतियान और ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने का जताया आभार

डकरा (आजाद सिपाही)। खलारी केडी स्थित हिंदू चौक में गुरुवार की शाम रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अंबेडकर एवं राष्ट्रीय मुल निवासी महिला संघ के तत्वावधान में 1932 खतियान एवं ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित होने पर खुशी मनाते हुए हेमंत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान लोगों ने जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी गई। कार्यक्रम में जिला परिषद पश्चिमी सदस्य सरस्वती देवी एवं पूर्व प्रमुख रेणु देवी भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर अनिता एक्का ने कहा कि झारखंड की आत्मा 1932 खतियान है जो कि हम सबके प्रयास एवं सरकार की साफ नीतियों के कारण हमे प्राप्त हुआ। हमलोग अब सामाजिक, राजनैतिक रूप से स्वतंत्र हुए हैं। 1932 खतियान एवं ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने के प्रस्ताव को झारखण्ड विधानसभआ में पारित होने पर राज्य में खुशी का माहौल है। काफी लंबे समय से राज्य के आदिवासी और मूलवासी को इस प्रस्ताव के पारित होने का इंतजार था। जिसे हेमंत सोरेन की सरकार ने पूरा किया है। वहीं जिप सदस्य सरस्वती देवी, रेणु देवी सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

### 1932 का खतियान आधारित स्थानीयता नीति से जश्न का माहौल

# झामुमो, कांग्रेस और तेली समाज ने बांटी मिठाइयां, आतिशबाजी कर मनाया जश्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में बुधवार को 1932 के खतियान को स्थानीयता का आधार बनाने और ओबीसी के आरक्षण को 14 से बढ़ाकर 27 फीसदी करने के निर्णय से जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में उल्लास व्याप्त है। झारखंड सरकार द्वारा लिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय की खुशी में झामुमो, कांग्रेस, तेली समाज आदि राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने गुरुवार को शहर में अलग-अलग स्थानों पर जुलूस निकाल कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व आतिशबाजी करते हुए मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया गया। झामुमो जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद के नेतृत्व में निकाले गए आभार रैली में गुलशन सिंह मुंडा, मगन मंजीत तिड़ू, भोला नाथ लाल, राजेन कुजूर, मकसूद अंसारी, सनेहलता लता कंडुलना, मसीह गुड़िया, उषा धान, सीता नाग, हेमंत तोपनो, सुशांति कोंनगाडी, सुशील पहान, सुदीप गुड़िया, डिक्शन पूर्ति, असगरी खातून, मोजीर अंसारी, अलोक डुगडुंग, अर्जुन मुंडा, प्रदीप केशरी, उदय चौधरी, कुंवर सिंह मुंडरी, सनिका बोदरा, नेहली डांगा, संजय यादव, वीरेंद्र सिंह, देवनाथ मगईया, शेख फिरोज, बिनोद उरांव, सोनाराम यादव, सनीका बोदरा और शंकर सिंह मुंडा आदि शामिल थे। दूसरी ओर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय से नेताजी चौक तक विजय जुलूस निकाला गया। सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय की खुशी में नेताजी चौक में जमकर आतिशबाजी की गई और मिठाईयां बांटी गई। सरकार के इस निर्णय के लिए जिला अध्यक्ष सहित अन्य कांग्रेसियों ने महा गठबंधन सरकार व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया। विजय जुलूस में प्रवक्ता ओम प्रकाश मिश्रा, महासचिव पीटर मुंडू, रवि मिश्रा, देवजीत देवघरिया, रविकांत मिश्रा, विल्सन टोपनो, नरेश तिर्की, सयूम अंसारी, सुनीता गोप, सोहेल अंसारी अरकम हुसैन, किशोर मुंडा, दुर्गा मुंडा आदि शामिल थे। इससे पूर्व कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सोनू इमरान के नेतृत्व में भी जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इससे पूर्व छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज द्वारा जुलूस निकाला गया और अबीर गुलाल लगाकर मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया गया। इस मौके पर परमानंद कश्यप, शिवनारायण गंझू, लक्ष्मी नारायण प्रसाद, विक्रम राम, नरेंद्र साहू, कुमार ब्रजकिशोर, अमिताभ साहू, जीतवाहन महतो, महावीर राम, विकास कुमार महतो, महावीर महतो, सुबोध महतो, यशवंत साहू, गुलाब महतो, शिव कुमार महतो आदि शामिल थे।



ढोल-नगाड़ा बजाकर जश्न मनाते कांग्रेसी।

## सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन करेगा भाजयुमो



खूंटी (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनमदिन को भाजयुमो 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगा। यह जानकारी भाजयुमो के खूंटी जिलाध्यक्ष राजेश महतो ने दी। वे गुरुवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातें कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सेवा पखवाड़े के दौरान 17 सितंबर को नगर भवन में महारक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 100 कार्यकर्ता रक्तदान करेंगे। इस दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान और वृक्षारोपण भी किया जाएगा। राजेश महतो ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और कोचे मुंडा संयुक्त रूप से करेंगे। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की सफलता को लेकर संयोजक नियुक्त किए गए हैं। रक्तदान के लिए सत्यम मिश्रा, टीबी मुक्त अभियान के लिए नीरज पाढ़ी, वृक्षारोपण के लिए दीपक तिग्गा को संयोजक नियुक्त किया गया है। इस मौके पर भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा, नगर अध्यक्ष शुभम जायसवाल और मंत्री मनीष कुमार मौजूद थे।

## बुंडू में तमाड़ विधायक विकास मुंडा के नेतृत्व में निकाला गया विजय जुलूस



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** झारखंड कैबिनेट द्वारा 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं ओबीसी को 27% आरक्षण दिये जाने को लेकर तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा के नेतृत्व में विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस विधायक आवास से चौक बाजार सुभाष चौक होते हुए धुर्वा मोड़ भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल तक निकाला गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा झारखंड वासियों को हेमंत सरकार की तरफ से यह सुनहरा तोहफा दिया गया है। मौके पर हर्षवर्धन शर्मा, फेकला गोंझु, गुड्डू चेल, नेपाल दास, दिनेश जयसवाल, जितेंद्र उरांव, बालेश्वर महतो, शरद महतो, बासुदेव सेठ, सुभाष महतो, अरविंद मनु, परीक्षित महतो, पिंकू, प्रकाश भगत, सुरथ दास एवं आदिवासी छात्र संघ के लोग मौजूद थे।

## सिल्ली में कांग्रेस-झामुमो ने पदयात्रा निकाल कर लोगों का किया अभिनंदन

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सिल्ली के द्वारा ग्राम विकास से पदयात्रा निकाली गयी जो छोटा मुरी पहुंच कर संपन्न हुई। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा 1932 खतियान आधारित नीति लागू करने पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा कर लोगों का अभिनंदन किया एवं आपस में रंग गुलाल लगाकर खुशी जाहिर की। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा सिल्ली-बुंडू चौक पर लोगों के बीच मिठाई बांटकर एवं पटाखे फोड़कर खुशी जतायी। मौके पर रामानंद बेदिया, जूनियर अमित महतो, नगेंद्र नाथ गोस्वामी, राकेश किरण महतो, राजकुमार महतो, नागेश्वर महादेव, हरे कृष्णा महतो आदि लोग उपस्थित थे।

## तमाड़ में झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार द्वारा 1932 का खतियान व 27 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग को आरक्षण की कैबिनेट से मुहर लगते ही लोगों में खुशी है। आज तमाड़ प्रखंड के झामुमो के प्रखंड सचिव हलधर महतो के नेतृत्व में प्रखंड के रंगामाटी से सलगाडीह तक खुशी का इजहार किया गया और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया और खुब अबीर-गुलाल उड़ाये गये। झामुमो कार्यकर्ताओं ने सडक पर उतर कर खुशियां मनायी एवं खुब बम पटाखे फोड़े गये। मौके पर लखीमनी देवी, शमीम अंसारी, मुखिया दुर्गा उरांव, समशाद अंसारी, एमडी मशीर सरफराज आदि शामिल हुए।

## विधायक प्रतिनिधि के नेतृत्व में मना जश्न



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड कैबिनेट की बैठक में हेमंत सरकार द्वारा 1932 खतियान कौन पास किए जाने पर तमाड़ में लोगों ने जश्न मनाया। भुईयांडीह स्थित शहीद निर्मल महतो की आदमकद प्रतिमा पर विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा गुलाल लगाकर बधाई दी। लोगों में हेमंत सोरेन के इस निर्णय को साहसिक एवं ऐतिहासिक बताया कहा कि झारखंड के लोग काफी दिनों से 1932 खतियान लागू करने की मांग कर रहे थे। जिसे हेमंत सरकार ने पूरा किया। इससे पूर्व जेएमएम कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद शिबू सोरेन जिंदाबाद विकास मुंडा जिंदाबाद के नारों को बुलंद किया।

## सोनाहातू-राहे प्रखंड कांग्रेस ने निकाला जुलूस



**सोनाहातू/राहे (आजाद सिपाही)।** झामुमो-कांग्रेस की गठबंधन सरकार के द्वारा 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति और पिछड़ी जातियों के कुल आरक्षण को बढ़ाकर 27% करने के ऐतिहासिक फैसले को लेकर सोनाहातू ओर राहे प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा जुलूस निकाला गया। सोनाहातू बाजार में सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर मिठाई बांटी। जम कर नारेबाजी की। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने इतिहास रचा डाला है। इससे उन दलों के होश उड़ गए हैं। इस मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष अजगुत महतो, प्रमुख विक्टोरिया देवी, उपप्रमुख सविता देवी, निशिकांत गोंझु आदि उपस्थित थे। इधर देर शाम राहे भगतसिंह चौक गोमदा से सुभाष चौक राहे तक गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। मौके ओर राजकिशोर मुंडा, प्रदीप गोस्वामी, मोहन सिंह, कासिम अंसारी, कृष्ण कुमार चटर्जी, जगदीश चंद्र महतो सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झामुमो-कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण पर कैबिनेट में प्रस्ताव पारित होने पर गुरुवार को रांची लोकसभा क्षेत्र सोनाहातू ईचागढ़ प्रखंड के पिलीद से लेकर मिलन चौक तक झामुमो व कांग्रेस के कार्यकर्तओं ने खुशी जाहिर किया। झामुमो कार्यकर्ताओं ने मिलन चौक में वीर शहीद निर्मल महतो की फोटो पर माल्ययार्पण कर नमन किया। उसके बाद गाजे बाजे के साथ पिलीद सिंधू नारायण पेट्रोल पंप से मिलन चौक तक पैदल रैली निकाली तथा लोगों के बीच लड्डू का वितरण किया गया। वहीं मिलन चौक पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। सभा को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, मुखिया सह जिला परिषद प्रतिनिधि नयन सिंह मुंडा, समाजसेवी वृन्दावन महतो, डॉ गुरूचरण महतो, गुप्तेश्वर महतो, रामप्रसाद महतो, पंचानन पातर, कामेश्वर महतो, पशुपति बागची, अधीर महतो, हरेंद्र महतो, बलराम महतो सहित अन्य लोगों ने सभा को संबोधित किया। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## रातू में जश्न का माहौल, उड़े अबीर-गुलाल



**रातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड की महागठबंधन सरकार द्वारा झारखंडियों के हित में 1932 का खतियान लागू करने व एवं दलित पिछड़े को 27 फीसदी आरक्षण देने की खुशी पर रातू में जश्न का माहौल है। जेएमएम व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। इसके उपरांत कार्यकर्ताओं ने प्रखंड मुख्यालय से काठीटांड़ तक जुलूस निकाल कर खुशी का इजहार किया। इसके उपरांत लोगों के बीच मिठाइयां भी बांटी गयीं। सभी ने सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर बेलाल अंसारी, रामनंदन महतो, महावीर विश्वकर्मा, असलम अंसारी, शमीम मंसूरी, जाबिर अंसारी, मियांजान अंसारी, महफूज आलम, कुदुस अंसारी के अलावा सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**उत्साह : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांके में निकाला खतियानी विजय जुलूस, नेताओं ने कहा**

# हेमंत सरकार ने आदिवासी-मूलवासी को सम्मान देने का कार्य किया है

आजाद सिपाही संवाददाता





**कांके।** कांग्रेस आदिवासी मोर्चा कांके प्रखंड व कांके प्रखंड कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात कार्यकर्ताओं ने खतियानी विजय जुलूस निकाला। जुलूस का नेतृत्व रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मदन महतो, रांची महानगर कमेटी के महासचिव महेश कुमार मनीष, आदिवासी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मुंडा कर रहे थे। विजय जुलूस में शामिल नेताओं ने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य के आदिवासियों, मूल निवासियों, सदानों को सम्मान देने का कार्य किया है। 1932 का खतियान लागू होने का विधेयक कैबिनेट से पास किया है, जो बधाई के पात्र हैं। विजय जुलूस में लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और मिठाइयां बांटकर खुशियां मनायी। ढोल नगाड़ों की धुन पर नाचते बीएयू गेट से कांके चौक होते हुए कांके न्यू मार्केट तक जुलूस निकाला और जमकर सरकार के समर्थन में नारेबाजी की। जुलूस में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चंदन बैठा, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अशोक गोप, वरीय नेता महताब आलम, प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, कार्यालय मंत्री गौरीशंकर महतो, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनोद साहू, भोला महतो, सीताराम मुंडा, सिकंदर महतो, राजू दुबे, अरविंद कुमार राम, अशोक कुमार महतो, ललित कुजूर, प्रमोद कुजूर सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## कांके में झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाला आभार जुलूस



कांके (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव सोनू मुंडा के नेतृत्व में कांके चौक से न्यू मार्केट होते हुए बाजार टाड़ कांके तक ढोल-नगाड़ों के साथ आभार जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल कार्यकर्ताओं ने बम पटाखे फोड़कर और मिठाइयां बांटकर खुशियां मनायी। हेमंत सोरेन, शिबू सोरेन, महागठबंधन जिंदाबाद के नारे भी लगाये। सोनू मुंडा ने कहा कि सही मायने में अब अबुआ दिसुम अबुआ राज का मार्ग प्रशस्त हुआ है। हेमंत सोरेन सरकार ने 1932 के खतियान को कैबिनेट से पास कर यहां के आदिवासियों मूल वासियों और सदानों को सम्मान देने का कार्य किया है। वह बधाई के पात्र हैं और पूरे सरकार का हम लोग आभार व्यक्त करते हैं। जुलूस में सोनू मुंडा, विमल खेस, सुजीत कुजूर, नवीन तिर्की, विनोद मुंडा, सुनील उरांव, कृष्णा तिर्की, अमित, रोशन, दीपक, रवि, सुधीर सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## चिलदाग में हैंडीक्राफ्ट जनचौपाल का आयोजन

**हुंडरू एवं जोन्हा फॉल में स्थानीय हस्तशिल्प कलाकारों को प्रशिक्षित कर और बेहतर बनाया जा सकता है : पुष्पा रंजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** भारत सरकार के हैंडीक्राफ्ट रीजनल ऑफिस रांची एवं क्रिएटिव मिशन झारखण्ड रांची के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को पंचायत सचिवालय चिलदाग में जन चौपाल सह हैंडीक्राफ्ट जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पंचायत के मुखिया दुर्गा पाहन, हैंडीक्राफ्ट के सहायक निदेशक पुष्पा रंजन एवं क्रिएटिव मिशन के सीइओ बदरे वकार उपस्थित थे। मौके पर पुष्पा रंजन ने कहा कि क्रिएटिव मिशन झारखंड के प्रयास से इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन हो रहा है। उन्होंने हस्तशिल्प कला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हुंडरू फॉल एवं जोन्हा फॉल में स्थानीय हस्तशिल्प कलाकारों को प्रशिक्षित कर और बेहतर बनाया जा सकता है ताकि उनकी आय वृद्धि किया जा सके। बदरे वकार ने कहा कि क्रिएटिव मिशन पूरे झारखण्ड में हस्तशिल्प कला को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के उन्मुखीकरण कार्यक्रम चला रहा है ताकि सुदूर गांवों मे रहने वाले लोगों खासकर महिलाओं को इसमें आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

इस अवसर पर हस्त शिल्पकारों के बीच पहचान पत्र का वितरण किया गया। बताया गया कि जिन शिल्पकारों का कार्ड बन गया है उन्हें कौशल प्रशिक्षण एनजीओ के माध्यम से जल्द दिया जायेगा। मौके पर दिव्यांग रोजगार अधिकार मंच के अध्यक्ष तबरेज अंसारी, वीर भगत, भवानी, अनिता देवी आदि उपस्थित थे।

## हथियार से लैस दो दो बाइक सवार अपराधी गिरफ्तार

**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर थाना की पुलिस ने चटवल मोड़ के पास से हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में चान्हो थाना क्षेत्र का सोहन टाना भगत व प्रकाश उरांव शामिल है। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो अपराधी किसी घटना को अंजाम देने की नियत से घूम रहे हैं। जिसके बाद थाना प्रभारी विनय कुमार यादव के नेतृत्व में टीम गठन कर आरोपियों के गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया है।

## 'दो अलग-अलग सड़क हादसे में पांच घायल

**मांडर (आजाद सिपाही)।** नारो पेट्रोल पंप के पास गुरुवार की शाम हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार टांगर बसली निवासी अजमेरी (28), गीता (17) और शोएब अंसारी (20) बाइक पर मांडर से टांगर बसली अपने घर जा रहे थे, तभी अज्ञात बाइक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दूसरे बाइक सवार की पहचान नहीं हो पाई थी। क्योंकि गंभीर चोट लगने के कारण वह बेहोश हो चुका था। दूसरी घटना एनएच 75 पर मुड़मा पुल के निकट की है, जहां सड़क हादसे में रांची गए दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया।

## डाक कर्मियों के अधिकार को लेकर दिल्ली तक मार्च करेंगे : रामकुमार दीपक

**प्रमंडलीय सचिव पद के उम्मीदवार राजाडेरा अनगड़ा के पोस्टमास्टर ने चलाया जनसंपर्क अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारी संघ रांची प्रमंडल रांची का 11वां द्विवार्षिक अधिवेशन आगामी 25 सितंबर को लापुंग बेड़ो में आहूत किया गया है। इस खुला अधिवेशन में कार्यकारिणी का चुनाव भी संपन्न कराया जाना है। राजाडेरा अनगड़ा के पोस्टमास्टर रामकुमार दीपक प्रमंडलीय सचिव पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा बहुत पहले कर चुके हैं। इसको लेकर रामकुमार दीपक ने प्रमंडल स्तर पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया है। इस दौरान उन्हें जीडीएस कर्मियों का अपार समर्थन प्राप्त हुआ है। सभी जीडीएस कर्मी इस बार बदलाव के मुड में हैं। जीडीएस कर्मियों का मानना है कि कर्मचारी संघ में परिवर्तन कर इसे काफी गतिशील और सक्रिय बनाया जा सकता है। पुरानी कमिटी वर्षों से यथावत बनी है, जिस वजह से जीडीएस कर्मियों के हक अधिकार को लेकर मुखर आवाज नहीं उठ पा रही है। परिवर्तन लाकर नये युवा और उजार्वान साथियों को प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। इस क्रम में रामकुमार दीपक सचिव पद के लिए बेहतर साबित हो सकते हैं। उन्होंने जीडीएस कर्मियों को आहवान किया कि यदि उन्हें एक मौका मिला तो वे जीडीएस कर्मियों के हक अधिकार को लेकर संसद से लेकर सड़क तक आंदोलन शुरू करेंगे तथा जो वादा किया है उसे हर हाल मे पूरा करेंगे।

**कार्यक्रम : सीआइटी रांची में 55वां इंजीनियर्स डे समारोह पूर्वक मनाया गया**

## बेहतर प्रदर्शन के लिए संस्थान के 11 शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**विद्यार्थियों ने पोस्टर एवं आइडिया प्रेजेंटेशन दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची में गुरुवार को 55वां इंजीनियर्स डे समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर महान अभियंता डॉ मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या के चित्र पर सामूहिक रूप से माल्यार्पण कर की गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बीआईटी मेसरा के परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय कुमार व विशिष्ट अतिथि फ्लोकार्ड कंपनी के सीईओ अमितेश आनंद उपस्थित थे। अतिथियों ने इंजीनियर्स डे के इस बार की थीम स्मार्ट इंजीनियरिंग फॉर अ वेटर वर्ल्ड पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू ने अतिथियों का स्वागत किया। आरएनडी सेल की प्रो. स्वेता सोनाली धाल ने डॉ एम विश्वेश्वरय्या के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम को टीएनपी सेल के डीन डॉ ए भट्टाचार्य ने भी संबोधित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर एवं आइडिया प्रेजेंटेशन भी दिया। मौके पर एन बंदोपाध्याय, डॉ विजय शंकर सिंह, डॉ मुकेश साहू, डॉ नैयर मुमताज, डॉ केपी दत्ता प्रो अरशद उस्मानी, प्रो तापस कुमार, प्रो. स्नेहा त्रिवेदी के अलावे सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। मौके पर रिसर्च एंड डेवलपमेंट, पेपर पब्लिकेशन, गेस्ट लेक्चर, पेटेंट, बुक पब्लिकेशन के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिये संस्थान के 11 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कंप्यूटर साइंस विभाग के डॉ मोहित कुमार को सर्वश्रेष्ठ डॉ बहादुर सिंह मेमोरियल रिसर्च एंड इनोवेशन अवार्ड 2022 से नवाजा गया। डॉ डीके सिंह, डॉ नैयर मुमताज, डॉ कावेरी कंचन, डॉ श्रीकांत उपाध्याय, डॉ कैलाशपति दत्ता, डॉ विकाश चंद्र साहा, डॉ मो. आसिफ इकबाल, डॉ मुकेश कु. साहू, डॉ शालिनी सिंह व प्रो. चंदा कुमारी को सम्मानित किया गया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## झारखंड कैबिनेट के फैसले पर बेदिया विकास परिषद ने आभार यात्रा निकाली



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** कुच्चू पंचायत अंतर्गत खभावन बाजार टांड़ में झारखंड सरकार द्वारा कैबिनेट में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने पर बेदिया विकास परिषद् के सदस्यों ने आभार यात्रा निकाली। आभार यात्रा खभावन चौक से लेकर खभावन बाजार टांड़ स्थित नीलाम्बर पीताम्बर प्रतिमा स्थल पहुंचकर शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और हेमंत सरकार के समर्थन में नारेबाजी की गयी। मौके पर सभी ने एक-दूसरे को रंग-अबीर लगा कर खुशी जतायी। मौके पर बेदिया विकास परिषद् के केंद्रीय सदस्य बालेश्वर बेदिया, उप मुखिया सहदेव बेदिया, सौहरैया बेदिया, डॉ शचिमोहन कुमार, संतोष बेदिया, शनिचरवा बेदिया, शिवशंकर बेदिया, शुभम बेदिया, तिलक नाथ बेदिया, विडम्बर बेदिया, बिरसू बेदिया, राजेन्द्र बेदिया, मुचिराम बेदिया, लहरू बेदिया, नित्यानंद बेदिया, विरेंद्र बेदिया, लहरू बेदिया, महेंद्र बेदिया आदि शामिल थे।

## कैबिनेट के फैसले पर नामकुम में मना जश्न, जम कर हुई आतिशबाजी



नामकुम (आजाद सिपाही)। झारखंड की स्थानीयता के लिये 1932 के खतियान को लागू करने के संबंध में हेमंत सोरेन सरकार के कैबिनेट के फैसले से नामकुम के लोवाडीह दुर्गा सोरेन चौक पर गुरुवार को दुर्गा सोरेन स्मारक समिति के अध्यक्ष विलियम रिचड लकड़ा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई देते हुये आभार जुलूस निकाला। इस दौरान खूब अबीर-गुलाल उड़े व जम कर आतिशबाजी हुई। मौके पर समिति अध्यक्ष विलियम ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। इस अवसर पर दुर्गा सोरेन स्मारक समिति क संरक्षक पप्पू सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष मंटू लाला, वीरु साहू, शांति तिर्की, सुनीता लिंडा, अर्जुन साहू, उमेश महतो, अंकित कुमार, अशोक साहू, राजू कुजूर, किशोर कुजूर, दिलबर सुरीन जुलूस में शामिल हुए।

## 1932 खतियान पर मुहर लगने पर शास्त्री चौक दड़दाग में मना जश्न



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड वासियों के द्वारा 1932 खतियान की मांग कई वर्षों से हो रही थी। वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार ने मंगलवार को इस पर मुहर लगा दी। ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग पर भी मुहर लगा दी गई। इसके साथ आंगनबाड़ी सेविकाओं के मानदेय वृद्धि पर भी मुहर लगा दी गई है। 1932 खतियान और ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण पर मुहर की खबर सुनकर यूपीए गठबंधन के साथ स्थानीय लोगों ने शास्त्री चौक दड़दाग में ढोल नगाड़े के साथ जश्न मनाया। जश्न मनाने में कांग्रेस के रमेश उरांव, प्रेमनाथ मुंडा, देवेन्द्र ठाकुर, दिनेश महतो, सफीउल्ला अंसारी, कमिश्नर मुंडा, रमेश चंद्र उरांव, बलराम महतो, हरिमोहन महतो, एहतेशाम अली उर्फ बब्ली, काशीनाथ पाहन, शिबू मुंडा, बिरजू उरांव, लाल मोहन बेदिया, बाबू लाल महली सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा ने हेमंत सरकार का जताया आभार

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर हेमंत सोरेन कैबिनेट से राज्य के ओबीसी समुदाय को 27 प्रतिशत आरक्षण देने पर आभार जताया है। कहा कि ओबीसी समाज की वर्षों पुरानी मांग को झारखंड सरकार ने पूरा कर वैश्य समाज को सौगात दी है। इस अवसर रांची जिला केसरवानी वैश्य समाज में हर्ष व्याप्त है। समाज के लोगों ने हेमंत सरकार का बहुत आभार जताते हुए कहा कि 27 प्रतिशत आरक्षण से समाज के युवाओं को काफी लाभ पहुंचेगा। बधाई देने वालो में रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा के जिला अध्यक्ष कार्तिक केसरी, महामंत्री मनीष केसरी, तपेश्वर केसरी, प्रेम सागर केसरी, हेमंत केसरी, द्वारका केसरी, दिनेश केसरी, कमलेश केसरी, अनिल केसरी, उमेश केसरी, इंजीनियर अजीत केसरी, इंजीनियर मदन केसरी, मनोज केसरी, सुरेंद्र केसरी, दौलतराम केसरी, हेमंत केसरी, पुरूषोतम केसरी, प्रदीप केसरी, संजय चौधरी, मनीष केसरी, रवि कुमार केसरी, आदित्य केसरी, दीपक केसरी, राहुल चौधरी, चंदन केसरी, भोला केसरी सहित जिला के नगड़ी, पिठौरिया, चौली, चुटिया, गोंदलीपोखर, रातू, इटकी, लोधमा के केसरवानी समिति के लोग शामिल हैं।

## नवनियुक्त शिक्षकों ने सीएम का जताया आभार

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** अनुसूचित जिले के 1500 नवनियुक्त माध्यमिक शिक्षक गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पहुंचे और आभार जताया। गौरतलब है कि विगत दो वर्षों से इन शिक्षकों का सुप्रीम कोर्ट में केस चल रहा था, जिससे ये लोग काफी परेशान थे। इनके केस में सरकार ने काफी मदद की और अंत में सभी शिक्षक केस जीत गये। कोर्ट ने पिछले सरकार की बनायी गयी नियोजन नीति को असंवैधानिक करार दिया, परंतु साथ में यह भी कहा इन शिक्षकों की आवश्यकता अनुसूचित क्षेत्र के बच्चों को है। इसलिए इन्हें हटाना ठीक नहीं। मौके पर मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को बधाई देते हुये आगे भी साथ देने की बात कही।

## बलदेव उरांव बने उनीकेल का ग्राम प्रधान



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के उनीकेल गांव में गुरुवार को मुखिया बिरसमनी देवी की अध्यक्षता में बैठक कर ग्राम प्रधान का चयन किया गया। बैठक के दौरान बलदेव उरांव व दूसरा अनिल उरांव ने ग्राम प्रधान बनने की इच्छा जतायी। जिसके बाद ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि जिसके पक्ष में अधिक लोग होंगे उसी को ग्राम प्रधान बनाया जाएगा। इस दौरान बलदेव उरांव के पक्ष में 64 व अनिल उरांव के पक्ष में 13 लोग खड़े हुए, जिसके बाद बलदेव उरांव का ग्राम प्रधान के लिए विधिवत चयन किया गया। मौके पर पर्यवेक्षक जेई साकेत गिरी, पूर्व जिप सदस्य बंदे हेरेंज, समाजसेवी शिवकुमार सिंह, वार्ड सदस्य जौनी उरांव, राजेश उरांव, संजय उरांव, एतवा उरांव, नायको उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

# जमीन विवाद में बेटे ने पिता को मारी गोली

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के मझिगांवा में बेटे ने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि बेटे ने जमीन विवाद में इस घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है। पुलिस ने बताया कि रामसागर महतो के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही घटना को अंजाम देने के बाद बेटा सूर्यदेव महतो फरार है, जिसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। पलामू में पति की हत्या कर कातिल पहुंचा वृद्धा के पास, बोला-तेरे पति को मार डाला। मिली जानकारी के अनुसार पिता रामसागर महतो और बेटे सूर्यदेव महतो के बीच जमीन विवाद था। इस मामले में गुरुवार को पलामू कोर्ट में सुवनाई होनी थी।लेकिन सुनवाई से पहले बेटे ने पिता के सीने में गोली मार दी। इससे रामसागर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है।स्थानीय लोगों ने बताया कि सूर्यदेव महतो पिछले 40 सालों से अलग रह रहा था। सूर्यदेव महतो और उसके भाई चैनपुर के कोसियारा में रह रहे थे। रामसागर महतो ने करीब चार साल पहले अपने एक रिश्तेदार के बच्चे को गोद ले लिया था। एक नतनी को अपने पास रखते थे। कुछ दिनों पहले रामसागर महतो ने करीब 72 डिसमिल जमीन अपने नतनी के नाम कर दिया था और कुछ जमीन गोद लिए हुए बच्चे के नाम कर दिया था। इस मामले को लेकर सूर्यदेव महतो अपने पिता रामसागर महतो के खिलाफ पलामू कोर्ट में मुकदमा दायर किया था।पिछले कुछ महीने पहले इसी जमीन विवाद की कोर्ट में सुनवाई हो रही थी। गुरुवार को कोर्ट में सुनवाई थी। रामसागर महतो गोद लिए हुए बच्चे के साथ सोया हुआ था। इसी दौरान सूर्यदेव महतो ने उसे गोली मारी। ग्रामीणों ने बताया कि रामसागर के तीन बेटे हैं। इसमें सबसे बड़ा बेटा सूर्यदेव महतो है। सूर्यदेव महतो अपने दो भाइयों के साथ ननिहाल में रहता था। जिस कारण रामसागर महतो ने बच्चे को गोद ले लिया था। सूर्यदेव महतो बच्चे का विरोध कर रहा था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस पहुंची। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने बताया कि जमीन विवाद में घटना को अंजाम दिया गया है।

## सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के खादी भंडार के समीप उदय नाथ विश्वकर्मा के काम्प्लेक्स परिसर में भाजपा का हुसैनाबाद विधानसभा स्तरीय प्रभारियों की बैठक सेवा पखवाड़ा को लेकर हुई।अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता ने की जबकि संचालन सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल ने किया।कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बिनोद कुमार सिंह,रविंद्र कुमार सिंह,कर्नल संजय सिंह, रामप्रवेश सिंह,कामेश्वर कुशवाहा,प्रफुल्ल कुमार सिंह,लालबहादुर सिंह,जिलामहा मंत्री संतोष सिंह आदि ने संयुक्त रूप से श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तसवीर के समक्ष दीप जलाकर की।कार्यक्रम में हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा के सभी स्तर के संगठन प्रभारियों को जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रमो पर विस्तृत प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन है।जिसमें पुस्तक का विमोचन, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन,दिव्यांगों के बीच कृतिम अंग का वितरण,मरीजो को मदद करना ,टीकाकरण अभियान, बूथ स्तर पर बृक्षा रोपण,जल संचय पर कार्यशाला,पंडित दीनदयाल की जयंती और प्रधानमंत्री जी की मन की बात सुनना ,महिला मोर्चा द्वारा क्षेत्रीय व्यंजन बनाना,स्थानीय वस्तुओं का प्रचार प्रसार,स्थानीय स्तर पर बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित है।उन्होंने कहा कि सभी आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी व कार्यकर्ता मिलकर सभी रचनात्मक कार्यक्रम को सफल बनाने की जरुरत है।रामेश्वर राम,अखलेश मेहता,उदय विश्वकर्मा,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह,रामराज मेहता,उमेश चंद्र शिव,नीरज सिंह,नरेंद्र सिंह,सीबी रमन सिंह,रंजीत पासवान, जेके पासवान,अरुण विश्वकर्मा, सुबोध कशयप, रंजीव सिंह उर्फ छोटू सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 1932 का खतियान लागू करना हेमंत सरकार का ऐतिहासिक फैसला: छेदी खान

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राज्य कैबिनेट की बैठक में स्थानीयता की पहचान एवं नियोजन नीति निर्धारण के लिए 1932 के खतियान को आधार बनाने के फैसले एवं पिछड़ा वर्गों का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने के फैसले के साथ हेमंत सोरेन की सरकार ने चुनाव पूर्व जनता से किए वादों को निभाने का काम किया है। उक्त बातें हुसैनाबाद जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने अपनी प्रतिक्रिया के दौरान कहीं। प्रेस वक्तव्य जारी कर उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक एवं बहुप्रतीक्षित निर्णय के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा की आज तक स्थानीयता के नाम पर सिर्फ राजनीति होती रही है, लेकिन पहली बार राज्य की हेमंत सरकार ने इसे नीतिगत रूप से कैबिनेट में स्वीकृति प्रदान की है ' उन्होंने कहा कि ओबीसी आरक्षण के प्रतिशत में वृद्धि के लिए जेएमएम ने सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन भी किया था, अब स्थानीयता की पहचान निर्धारण का मार्ग प्रशस्त होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के शासन काल मे हर वर्ग के लोगों के चेहरे पर मुस्कान है।सरकार लगातार कई जन कल्याणकारी फैसले ले रही है जो बधाई के पात्र है।

## शिक्षक पुत्र को नम आंखों से दी अंतिम विदाई



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत शिक्षक कृष्णा प्रसाद गुप्ता के 17 वर्षीय पुत्र विकाश राज का निधन एक गंभीर बीमारी के कारण दिल्ली के एम्स में बुधवार को हो गया।विकाश राज के निधन पर गुरुवार को विभिन्न राजनीतिक दलों व प्रखण्ड के सैकड़ो शिक्षकों ने अंतिम दाह संस्कार में भाग लेकर गहरा शोक व्यक्त किया है। बता दें कि विकाश राज दिल्ली के एम्स में करीब एक वर्ष से इलाजरत था और उसका निधन बुधवार को हो गया।उसका शव पैतृक गांव पहुंचते ही परिजनों सहित गांव वालों भी रो-रो कर बेहाल हैं, साथ ही पहुंचे जन प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के आँखे भी नम हो गई। इस दौरान भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह,जीप प्रतिनिधि राजेश राम,सरसोत मुखिया विनय कुमार सिंह,खड़गपुर मुखिया सत्येंद्र मेहता,सरसोत के पूर्व मुखिया शारो देवी,डॉ प्रमोद कुमार वर्मा, रौशन कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, बसपा नेता राजकुमार गौतम, रा.उ.म.वि.सरसोत प्रधानाध्यापक अर्जुन राम, ढकचा प्रधानाध्यापक आनंदमोहन सिंह, शिक्षक अजय सिंह, अजय मेहता, रामजी यादव, सोमर राम, राजेश्वर राम, भोला सिंह, नवल सिंह, उदय साव, विजय गुप्ता, मुकेश सिंह, विकास पांडे, उपेंद्र यादव, प्रमोद पासवान, प्रवेश राम,विजयमल प्रजापति, प्रभु शर्मा, गोपाल यादव, अशोक कुमार यादव,अशोक कुमार, समाजसेवी कमलेश यादव, शशि पासवान, सुरेश चौधरी, छोटू यादव सहित सैकड़ों लोगों ने अंतिम संस्कार में भाग लेकर शोक व्यक्त किया।

उधर सरस्वती शिशु विधा मंदिर हरिहरगंज के पुरातन छात्र विकास राज की असामयिक मृत्यु पर विद्यालय के आचार्य व छात्र व छात्राओं ने शोक सभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा और ईश्वर से आत्मा की शांति की कामना की। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र प्रसाद, आचार्य संजय कुमार सिंह, मोहन ठाकुर, हंसराज गुप्ता, नवीन कुमार सिंह, नीलिमा मेहता, सुनीता कुमारी, स्नेहा कुमारी, प्रियांजली कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रिया कुमारी, मुसर्रत परवीन एवं सभी शिक्षक व छात्र शामिल थे।

## वोटर कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए जागरूकता रथ रवाना

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने को लेकर गुरुवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।उपायुक्त ने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार शुरू किया गया है।साथ ही यह जागरूकता रथ जिले के सभी 21 प्रखंडों सहित सभी पंचायतों में जाकर आमलोगों को उनके वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने हेतु जागरूक करेगा।निर्वाचन आयोग ने अग्रिम तौर पर योग्य आवेदक पंजीकरण के लिए अर्हता तिथियों एक अप्रैल,एक जुलाई एवं एक अक्टूबर के अनुसार अपना आवेदन अग्रिम तौर पर फार्म-छह (वोट लिस्ट में नया नाम जोड़ने हेतु) समर्पित कर सकते हैं।वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची में प्रारूप प्रकाशन की तिथि एक जनवरी के संदर्भ में होगी साथ ही बताया कि मतदाता पुनरीक्षण के दौरान अग्रिम दावा समर्पित करने की सुविधा युवा नागरिकों के लिए एक अतिरिक्त सुविधा है। इस अवसर पर उपनिर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह,सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

**मतदाता घर बैठे ही जोड़ सकेंगे दोनों कार्ड**

इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि कोई भी मतदाता घर बैठे अपने दोनों कार्ड को लिंक करा सकते हैं इसके लिये उन्हें अपने इलाके के बीएलओ को आधार और वोटर आइडी नंबर देना होगा।बीएलओ दस्तावेज को वेरिफाई करके वोटर आइडी को आधार से लिंक कर देंगे।

## डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिवस पर मनाया गया अभियंता डे



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज नगर क्षेत्र के अंतर्गत भगत तेंदुआ चित्रांश आइटीआइ कॉलेज में गुरुवार को डॉ. मोक्षगुंडम विश्वे श्वरैया के जन्म दिवस पर अभियन्ता डे मनाया गया।एसआरएम चित्रांश आइटीआइ कॉलेज के प्राचार्य चंदन प्रजापति ने बताया कि भारत में प्रति वर्ष 15 सितंबर को अभियंता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन भारत के महान अभियंता व भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्म दिवस मनाया जाता है। डॉ. मोक्षगुंडम भारत के महान अभियंताओं में एक थे। इन्होंने ही आधुनिक भारत की रचना की और भारत को नया रूप दिया। साथ ही छात्र व छात्राओं को कहा कि आज के टेक्निकल युग में सभी विद्यार्थियों को टेक्नीकल की शिक्षा लेना चाहिए। मौके पर प्राचार्य चंदन प्रजापति, शिक्षक विनीत कुशवाहा, विट्ठू वैध व सोनू कुमार, विक्की कुमार ने विधार्थियों को डॉ. मोक्षगुंडम के जीवनी व इंजीनियर डे के बारे में विस्तार से बताया। बाद में 40 पास आउट विद्यार्थियों को मार्क सीट व फाईनल सर्टिफिकेट वितरण किया गया। इस मौके पर मुरारी विश्वकर्मा, रामाधार पासवान के अलावे विद्यार्थी सुजीत कुमार, विजेंद्र रजक, राज कुमार, मनीष कुमार,अजित कुमार, रोहित पासवान, सुमंत कुमार, पप्पू कुमार, सहेंद्र कुमार, चंदन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा : डॉ एसबीपी मेहता



**पलामू (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को नीलाम्बर पिताम्बरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में भाजपा का सेवा सप्ताह पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता नीलाम्बर पिताम्बरपुर के मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने किया। इस दौरान पांकी विधायक डां शशिभूषण मेहता ने कहा की जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक मोदी पुस्तक का विमोचन, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, कृत्रिम अंग एवं उपकरण वितरण, टीबी मुक्त राष्ट्र, कोविड टीकाकरण, वृक्षारोपण, स्वच्छता,जल ही जीवन अभियान, मन की बात, पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती, वोकल फॉर लोकल, प्रबुद्धजन एवं बुद्धिजीवी सम्मेलन, एक भारत श्रेष्ठ भारत, वृद्धजनों एवं जरूरतमंदों की सहायता व सेवा के अलावा जनसेवा के अन्य कई कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र विश्वकर्मा, महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, प्रो. बचन ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता, नीलांबर-पीतांबरपुर के सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह, रंजय ठाकुर, लोहारसी मंडल उपाध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर गुप्ता, अमित तिवारी, उपाध्यक्ष मनीष भिवानीया,पांकी सांसद प्रतिनिधि सत्यप्रकाश पांडेय उर्फ चुनमुन पांडेय, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, पांकी विधायक प्रतिनिधि सुनील प्रसाद गुप्ता,मनोज सिन्हा सहित सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा मनाने को लेकर भाजपा की हुई बैठक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को भाजपा डालटनगंज विस के सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारियों एवं आगामी कार्यक्रमों के प्रभारी की बैठक जिला कार्यालय पलामू में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महामंत्री श्याम बाबू ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष मेदिनीनगर अविनाश सिन्हा छोटू ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में डालटेनगंज भंडारिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया मौजूद रहे। सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इस दौरान ब्लड डोनेशन कैंप, हेल्थ चेकअप कैंप, नरेन्द्र मोदी के सफल राजधर्म के 20 साल पर चित्र प्रदर्शनी, वृक्षारोपण समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपमहापौर मेदिनीनगर मंगल सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा, जिला मंत्री धीरेंद्र दुबे, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे, चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे,पथरा मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी, दीपक सिंह, किशन मखड़िया, संयुक्ता कुमारी, ज्योति कुमारी, रेखा देवी, दीपक सिन्हा, विक्रांत सिंघानिया, विकास सिंह, अनिमेष सिंह, राहुल अग्रवाल, रंजीत चंद्रवंशी, शुभक तिवारी, छोटू सिंह, आशीष सिंह, अमर मिश्रा, रंजन पाठक, सुमन सिंह, मुकेश प्रजापति, राजेश सिंह, विनोद बैठा, दीनानाथ मांझी, बैजनाथ शर्मा, विजय बैठा, मनोज मेहता, रामलाल प्रसाद, मनीष पांडे, श्रवण चंद्रवंशी, धीरज गुप्ता, सुदेश्वर चौधरी, विनोद रवि एवं काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 1932 का खतियान लागू होने पर पलामू झामुमो ने बांटी मिठाई



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के 1932 आधारित खतियान लागू करने की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा पलामू के सभी नेताओं ने गुरुवार को डाल्टनगंज में जुलूस निकाल कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का धन्यवाद किया और लोगों को मिठाई खिला कर खुशीयों को बांटा। सबों ने जम कर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया और पूरे शहर में आतिशबाजी की। इस जुलूस का नेतृत्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा एवं जिला सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि हेमंत सोरेन जी का बहुत बहुत धन्यवाद आपने जो कहा,वो किया। झारखंड की जनता के लिए सबसे महत्वपूर्ण 1932 का खतियान लागू कराने का कदम राज्य के विकास में और यहां के मूलवासियों को आगे बढ़ाने में बहुत मददगार साबित होगा। सचिव सन्नू सिद्धिकी ने कि कहा झारखंड के लोगों की मांग जिस तरह से पूरी की जा रही है।आज लोगों का भरोसा हेमंत सोरेन में और बढ़ा है।ओबीसी आरक्षण और 1932 आधारित खतियान लाने से आम जन मानस में खुशी की लहर फैल गई है। सरकार द्वारा सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम किया जा रहा है। विपक्षी अब समझ चुके हैं की झारखंड में उनके दिन समाप्त हो चुके हैं। सरकार को गिराने की साजिशें करने वाले अब हेमंत सोरेन के सामने दुबके नजर आ रहे हैं। युवा नेता सन्नी शुक्ला ने कहा 1932 लागू होने स्थानीय युवाओं में अब अलग जोश है। हेमंत सोरेन की सरकार कल्याणकारी फैसले लेने वाली सरकार है। विपक्षियों के सभी सारे राजनैतिक समीकरण ध्वस्त हो चुके हैं। इस निर्णय का प्रभाव झारखंड की राजनीति पर एक लंबे समय तक दिखाई देगा और लोगों को असंख्य लाभ मिलेगा। केंद्रीय कार्य समिति सदस्य संजीव तिवारी ने कहा आज हमारी वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। इसका श्रेय हेमन्त सोरेन सरकार को जाता है। लोगों की आवाज सुनने के लिए मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद। झारखंडी लोगों के लिए फैसला लेने का जज्बा सिर्फ हेमन्त सोरेन में है। इस जुलूस में केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य सुनील तिवारी, संजीव तिवारी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, युवा नेता सन्नी शुक्ला, नीतीश तिवारी, अविनाश देव, जिला उपाध्यक्ष अफसर रब्बानी, बीस सूत्री सदस्य राकेश सिन्हा, अल्पसंख्यक अध्यक्ष शाहबाज आलम, परवेज अख्तर, देवानंद भरद्वाज, सद्दाम बादशाह, संजय चंद्रवंशी सुनील उरांव, कलाम नेता, कौशल आरा, सुशीला मिश्र के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं तथा कई झामुमो के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीडीओ ने करायी पुष्पांजजि सहायता समूह पर प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद बीडीओ सह प्रभारी एमओ रतन कुमार सिंह ने पुष्पांजली सहायता समूह के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि दंगवार पंचायत के कार्डधारियों ने पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव से लिखित शिकायत की थी की पुष्पांजली स्वयं सहायता समूह द्वारा माह जुलाई 2022 का प्रधानमंत्री गरीब योजना के तहत मिलने वाला आनाज अब तक नहीं दिया गया,इस शिकायत के आधार पर पुष्पांजली स्वयं सहायता समूह के दुकान की जांच की गई। जांच के क्रम में समूह के द्वारा कोई पंजी, भंडाराण पंजी,वितरण पंजी उपलब्ध नहीं कराया गया और कहा की कार्यालय में आकर दिखा देंगे,पर समूह द्वारा कोई भी पंजी उपलब्ध नहीं कराया गया। पुष्पांजली समूह द्वारा हुसैनाबाद एफसीआई गोदाम से जुलाई माह का करीब 55 क्विंटल अनाज का उठाव कर उक्त समूह द्वारा गबन कर दिया गया है।

## फोटो वर्कशॉप में फोटोग्राफरों को नयी तकनीक की दी गयी जानकारी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू फोटो एसोसिएशन के द्वारा गुरुवार को साहित्य समाज मोड़ स्थित सेलिब्रेशन हॉल में फोटोग्राफरों के लिए फोटो-वीडियो के वर्कशाप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में करीब 50 फोटोग्राफरों को नई तकनीक का प्रशिक्षण और नए प्रोडक्ट की जानकारी दी गई। कैनन की तरफ से एसएसओ राज कुमार दास ने वर्कशॉप कंडक्ट कराया। कैनन के बीडीएम दीपांकर चक्रवर्ती, शेखर उपाध्याय भी उपस्थित थे। पलामू फोटो एसोसिएशन के द्वारा दूसरा वर्कशॉप का आयोजन किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिन्हा ने कहा कि शॉप आयोजित करने का मकसद स्थानीय फोटोग्राफरों को फोटोग्राफी क्षेत्र के नई तकनीकों से परिचित कराना है। आज के दौर में नए तरीके के टेक्नालॉजी से लेश कैमरे आ गए है उसकी की बेहतर जानकारी देना है। एसोसिएशन के संरक्षक विजय कश्यप ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने रांची से आई टीम को धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने बहुमूल्य समय निकालकर पलामू के फोटोग्राफरों को अपना वक्त दिया। उन्होंने वक्त वक्त पर वर्कशॉप आयोजन करने की बात कही ताकि फोटोग्राफरों को काफी मदद मिल सके। पलामू से विजय कश्यप, अनुज कुमार, प्रेम गुप्ता, मृत्युंजय कुमार, प्रेम प्रकाश साहू, उमेश कुमार, राजा कुमार गुप्ता, मनोज विश्वकर्मा, संजय सोनी,अखिलेश कुमार,अमन कुमार,बिंदा कुमार, प्रमोद कुमार गुप्ता, आदित्य कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, रवि, मनोज आदि शामिल हुए।


Govt. of Jharkhand
**Energy Department**
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.
Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,
E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**e-Procurement Notice**
**Tender reference no.: 18/JREDA/SHMLS/22-23 Dated: 13.09.2022**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply, Installation, Testing & Commissioning including 5 years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) of LED based Solar High Mast Lighting Systems (SHLMSs) with Lithium Ferro Phosphate Battery on Turnkey basis across the state of Jharkhand. |
| 2 | Total quantity (Nos.) | 445 Nos. |
| 3 | Estimated cost (Rs.) | 10,00,00,000/- |
| 4 | Period of Completion | 04 (Four) Months |
| 5 | Contract Period | 05 (Five) Years |
| 6 | Date of publication of NIT on website: http://jharkhandtenders.gov.in | **19.09.2022 (Monday)** |
| 7 | Date & time of Pre-bid meeting | **28.09.2022 (Wednesday)** at 2.00 P.M. |
| 8 | Last date & time for receipt of online bids | **10.10.2022 (Monday)** upto 05:00 PM |
| 9 | Submission of original copies of Bid fee & EMD (Offline) | **10.10.2022 and 11.10.2022** up to 5.00 P.M. |
| 10 | Technical Bid Opening Date | **12.10.2022 (Wednesday)** at 3.00 P.M. |
| 11 | Name & address of office inviting tender | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency(JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 12 | Contact no. of procurement officer | 0651-2491163/67/61/7903935514 |
| 13 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491163/67/61 |

**Any corrigendum/addendum can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com. Further details can be seen on website:** http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com

Sd/-
Director
JREDA, Ranchi

PR 277840 Energy (22-23)_D


# स्पोर्ट्स



**23 अक्टूबर को होने वाले भारत-पाकिस्तान के मैच के सभी टिकट बिक गए है**



## एथलेटिक्स में भाग लेनेवाली 12 सदस्यीय झारखंड टीम घोषित

**रांची (आजाद सिपाही)।** गुजरात में 29 सितंबर से 12 अक्टूबर तक होनेवाली 36वीं राष्ट्रीय खेल के लिए एथलेटिक्स स्पर्धा के लिए झारखंड की टीम फाइनल हो गयी है। टीम का चयन विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर परिणाम के आधार पर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया गया है। इसके तहत झारखंड के नौ एथलीटों को इंट्री दी गयी है।

**16 से 25 सितंबर तक प्रशिक्षण शिविर**

झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव सीडी सिंह के मुताबिक जिन खिलाड़ियों को जगह मिली है। उनमें अंतरराष्ट्रीय एथलीट सपना कुमारी (रामगढ़), फ्लोरेंस बारला, आशा किरण बारला (भाटिया अकादमी, बोकारो), सुप्रीति कच्छप (गुमला) और प्रियंका केरकेट्टा (रांची) भी शामिल हैं। साथ ही इसमें राष्ट्रीय पदक विजेता अनुरूपा कुमारी (गुमला), सदानंद कुमार (हजारीबाग), विजय लकड़ा (सिमडेगा), आशू कुमार सिंह (साई, रांची) भी रखे गये हैं. टीम के प्रशिक्षक के तौर पर आशू भाटिया (वर्ल्ड एथलेटिक लेवल 2 कोच, भाटिया अकादमी, बोकारो), योगेश प्रसाद यादव (वर्ल्ड एथलेटिक लेवल 2 कोच, आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र, साहेबगंज) को जोड़ा गया है. इसके अलावा टीम मैनेजर के तौर पर टीम के संग सुजापा ठाकुर (आई.एस.एम, धनबाद) को रखा गया है। महासचिव के मुताबिक टीम के सभी चयनित खिलाड़ियों को कल प्रातः टीम प्रशिक्षक को रिपोर्ट करना है। उनके लिए 16 से 25 सितंबर तक मोरहाबादी, रांची में प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा।

## टी-20 वर्ल्ड कप में भारत का पहला मैच 23 अक्टूबर को



**ऑस्ट्रेलिया ।** ऑस्ट्रेलिया में होने जा रहे आईसीस टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए क्रिकेट फैंस का उत्साह चरम पर है। खासतौर पर इंडिया और पाक के फैंस भारत-पाकिस्तान के मुकाबले का इंतजार कर रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 23 अक्टूबर को होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच के लिए सारे टिकट कुछ मिनटों में बिक गए। यूं तो टी-20 वर्ल्ड कप 16 अक्टूबर से शुरू हो रहा है, लेकिन इस टूनार्मेंट में भारत का पहला मुकाबला 23 अक्टूबर को है। इस मैच में इंडियन क्रिकेट टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। यह रोमांचक मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। आईसीसी ने टूनार्मेंट में होने वाले सभी मैचों के टिकट की बिक्री वेबसाइट पर शुरू कर दी है। क्रिकेट फैंस की उत्सुकता का आलम ये है कि बिक्री शुरू होने के चंद मिनटों में ही 23 अक्टूबर को होने वाले भारत-पाकिस्तान के मैच के सभी टिकट बिक गए। इतना ही नहीं एडिशनल स्टैंडिंग रूम के टिकट बिकने में भी ज्यादा समय नहीं लगा।

महत्वपूर्ण न्यूज

## झारखंड के वीर शहीदों व अमर बलिदानियों का सपना हुआ साकार : उमाकांत रजक



बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड के वीर शहीदों, अमर बलिदानयों और आंदोलनकारियों का सपना एक लंबे जन संघर्ष के बाद साकार हुआ है। खतियान ही झारखंडी माटी की पहचान है। खतियान ही हमारे पूर्वजों की परंपरा, पहचान और संस्कृति को अक्षुण्ण रखने की बुनियादी कड़ी है। उक्त बातें पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कही। वो झारखंड सरकार द्वारा 1932 खतियान के आधार पर स्थानीयता को परिभाषित करने का प्रस्ताव कैबिनेट में पास होने के अवसर पर अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से हमारी पहचान 1932 का खतियान है, जो माय, माटी और रोजगार से जुड़ी हुई है। उमाकांत रजक ने कहा कि झारखंड राज्य आसानी से नहीं मिला है। हजारों लोगों ने कुर्बानियां दी है, शहीद हुए हैं। अलग झारखंड राज्य आंदोलन में खुद मैं भी नौ बार जेल गया हूं। लंबे संघर्षों और जन आंदोलनों के बाद आदिवासी-मूलवासियों को हक और अधिकार मिला है। रजक ने कहा कि झारखंड का निर्माण झारखंडियों के लिए हुआ है। भाषा, साहित्य, परंपरा, हमारी अस्मिता को अक्षुण्ण रखने के लिए ही आंदोलनकारियों द्वारा लंबी लड़ाई लड़ी गई थी। ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण वाजिब हक है। झारखंड सरकार के इस निर्णय का हम स्वागत करते हैं। इस मौके पर केंद्रीय सचिव बधन शर्मा, जिला प्रधान सचिव तपन सिंह चौधरी, अशोक महतो, प्रकाश शर्मा, भोलानाथ शर्मा, नरेश महतो, अक्षय शर्मा आदि उपस्थित थे।

## हेमंत सरकार ने झारखंडियों को दिलाया अधिकार: मथुरा



राजगंज (आजाद सिपाही)। झारखंड में 1932 खतियान लागू होने पर झामुमो नेताओं ने विधायक मथुरा प्रसाद महतो को पुष्प गुच्छों देकर स्वागत किया। झारखंड सरकार के कैबिनेट में 1932 खतियान पास होने पर खुशी का माहौल है। टुंडी के लोगों ने विधायक मथुरा प्रसाद महतो को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि बिहार से झारखंड अलग होने के बाद भी झारखंडवासियों को उनका मूल अधिकार नहीं मिला था। अब हेमंत सरकार ने झारखंडवासियों को अधिकार दिलाने का काम किया है। इस मौके पर झामुमो के जिला सचिव पवन महतो, प्रखंड प्रभारी रविंद्र महतो, युवा नेता विकाश महतो, गोविंद महतो, भैरव रजक, मो शाहजहां, दिवाकर तिवारी, शनिचर टुडू और जितेंद्र टुडू आदि थे।

## हेमंत सरकार ने बचायी झारखंडियों की पहचान : काशीनाथ



जरीडीह बाजार/बेरमो। हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रीमंडल में बुधवार को 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति बनाने के फैसले का विस्थापित नेता काशीनाथ केवट ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया है। उन्होने कहा कि कैबिनेट की बैठक में मुहर लगने के बाद अब यह विधेयक विधानसभा में पेश होगा। वहां से पास होने के बाद राज्यपाल के पास जाएगा। राज्यपाल के हस्ताक्षर होते ही 1932 आधारित स्थानीयता झारखंड में प्रभावी हो जाएगा। सत्ता में काबिज होने से पहले हेमंत सोरेन ने जनता से जो वादा किया था उसे पूरा किया है। झारखंड के आदिवासियों एवं मूलवासियों की सबसे बड़ी मांग को पूरा कर हेमंत सरकार ने मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा का मुंह बंद कर दिया है। उन्होने कहा कि हेमंत सरकार के इस निर्णय से सर्वोच्च न्यायालय के दो जनवरी 2002 के उस फैसले का भी सम्मान हुआ है जिसमें कहा गया है कि कोई भी भारतीय नागरिक दो राज्यों का निवासी नहीं हो सकता। उन्होंने मांग किया है कि रोजगार के सवाल पर आंध्र प्रदेश की तर्ज पर झारखंड में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दिया जाय।

## मैथन की अग्निशमन यूनिट में मॉक ड्रिल



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। मैथन दामोदर घाटी कारपोरेशन (डीवीसी) सीआइएसएफ अग्नि ईकाई की ओर से गुरुवार को सीएसओ के रामानुज भवन प्रांगण में मॉक ड्रिल किया। जिसमें डीवीसी के कर्मचारियों को यह बताया गया कि घर, कार्यालय या अन्य स्थानों पर आग लगने से जान माल की रक्षा के साथ ही आग पर काबू किस प्रकार पाया जा सकता है। इस दौरान प्रत्यक्ष प्रदर्शज्ञन भी दिया गया। इस मौके पर कार्यपालक निदेशक अंजनी दूबे, उपमहाप्रबंधक (प्रशासन) अभय श्रीवास्तव, उप कमांडेंट पीके विश्वकर्मा, सहायक कमांडेंट अग्नि उमेश कुमार सिन्हा, इंस्पेक्टर जॉमून जॉशेप, मनोज कुमार आदि शामिल थे।

### जनसमस्याओं को लेकर सांसद-विधायक ने डीवीसी चेयरमैन के साथ की बैठक

# समस्याओं को दूर करें : पीएन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। डीवीसी पंचेत से जुड़ी जनसमस्याओं को लेकर सांसद पीएन सिंह और विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने गुरुवार को कोलकाता में डीवीसी के चेयरमैन रामनरेश सिंह के साथ बैठक की। जिसमें सांसद पीएन सिंह और विधायक अपर्णा ने प्रबंधन से समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया। इस पर चेयरमैन ने मांगों पर जल्द पहल करने का भरोसा दिलाया। मांगों में कहा गया कि पेंशनरों को आवास खाली करने का नोटिस दिया गया है। आदेश को निरस्त कर उन्हें आवास आवंटित किया जाए। डीवीसी पंचेत में आवंटित जमीन का ट्रांसफर बंद कर दिया गया है, इसे पुनः चालू कराया जाए। दूसरे को दिए गए दुकानों को आवंटित कर मीटर लगाया जाए। मीटर लगाए जाने के बाद भी डीवीसी बिना नोटिस दिए दुकानदारों की बिजली काटे जाने पर रोक लगाई जाए। 1998 में अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान किए प्रबंधन द्वारा गए वादा के अनुसार दुकानदारों को दुकान पुनः आवंटित किया जाए। ट्रांसफार्मर जलने पर दुकानदारों व ग्रामीणों को दोषी ठहराया जाता है, इसलिए स्टॉफ और अफसरों की भी मीटर जांच किया जाए। पंचेत डीवीसी अकाउंट ऑफिस को मैथन ट्रांसफर न कर यही रहने दिया जाए आदि शामिल हैं। मौके पर मेंबर सेक्रेटरी जॉन मथाई, निदेशक (एचआर) राजीव रंजन, सांसद प्रतिनिधि जयराम शाह, रवींद्र शहानी, पेंशनर्स समाज अर्जुन पाठक विकल, प्रदीप सिंह, जिलाध्यक्ष भरत यादव, राहुल तिवारी, रंजन सिंह, असीम चक्रवर्ती, बादल प्रसाद, श्रवण प्रसाद, उज्वल घटक, कंटैक्ट टीचर एनके चौधरी, प्रमीला देवी सहित ड्डाजपा, पेंशनर्स फोरम, पेंशनर्स समाज, कंटैक्ट टीचर के प्रतिनिधि आदि थे।



कोलकाता में डीसीवी के चेयरमैन के साथ बैठक करते सांसद पीएन सिंह, विधायक अपर्णा व अन्य।

## जर्जर सड़क मार्ग को लेकर रागिनी सिंह ने डीसी को लिखा पत्र



धनबाद (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल कार्यपालक अभियंता एवं धनबाद के डीसी को पत्र लिखकर दुगार्पूजा को ध्यान में रखते हुए जर्जर सड़कों की मरम्मति करवाने की अपील की है। पत्र में बताया कि विगत चार महिनों से बैंक मोड़ से जोरापोखर थाने तक का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे प्रतिदिन दुर्घटनाएं भी हो रही है। कुछ लोगों की मौत भी हो चुकी है। अगले कुछ दिनों में पर्व-त्योहार शुरू हो जायेंगें। इसे ध्यान में रखते हुए सड़क की मरम्मति करवाई जाए। जिससे संभावित दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।

## झारखंड की जनता का पैसा लूटने नहीं दिया जायेगा: रमेश



धनबाद (आजाद सिपाही)। एग्यारकुण्ड प्रखंड के पास ग्रामीण विकास फंड से सीओ, बीडीओ, कर्मियों के रहने के लिये निमार्णाधीन भवन का झामुमो के जिलाध्यक्ष रमेश टुडू ने गुरुवार को जायजा लिया। निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग का आरोप लगाते हुए काम बंद करा दिया। गहरी नाराजगी जतायी। कई पिलर में दरारें आ गयी है जिसे प्लास्टर कर छिपाया जा रहा है। टुडू ने कहा कि झारंण्ड की जनता का पैसा लूटने नहीं दिया जायेगा। वरीय पदाधिकारियों से शिकायत की जायेगी। इस दौरान निर्माण में लगे मजदूरों ने टुडू के समक्ष हंगामा किया। कहा कि बीस दिनों से मजदूरी नहीं मिली है। मांगने पर काम से हटाने व बकाया नहीं देने की बात की जाती है। बंधुआ मजदूर की तरह मनमाना मजदूरी देकर उनसे काम कराया जाता है। कहा कि बारिश होने पर मजदूरी काट ली जाती है। जब भी काम को रोका गया है उन्हें मजदूरी नहीं दी गयी है। इसपर टुडू ने ठेकेदार को जमकर फटकार लगायी और मजदूरों का बकाया जल्द भुगतान करने को कहा।

## तालाब में डूबने से सीसीएल कर्मी की मौत

चंद्रपुरा (आजाद सिपाही)। थाना अंतर्गत मकोली ओपी क्षेत्र के नीचे धौड़ा स्थित तालाब में डूबने से सीसीएल कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान अस्पताली उरांव के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक वह गुरुवार की सुबह टहलने के लिए तालाब की ओर गया। इसी क्रम में उसे मिर्गी आ गई। जिससे वह तालाब में गिर कर डूब गया। जब काफी देर होने पर भी वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में देखा की तालाब के पानी के ऊपर में शव तैर रहा है। उधर, सूचना पाकर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पत्नी को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने वाला पति दोषी करार

तेनुघाट (आजाद सिपाही)। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने पत्नी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले पति सोहन रविदास को दोषी पाया है। इसके बाद दोषी सोहन को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू ने बहस किया। बतातें चलें कि नावाडीह थाना अंतर्गत कोचवा टांड़ निवासी सूचक बिंदेश्वरी लाल दास ने चंद्रपुरा थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराया था कि उसकी बेटी की शादी 5 अक्टूबर 2017 को चंद्रपुरा थाना अंतर्गत पपलो निवासी सोहन रविदास के साथ हुई थी। शादी के तीन महीने के बाद से ही सूचक की पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। कई बार समझाया गया मगर प्रताड़ना बंद नहीं हुआ। इसके बाद दो जून 2018 को सूचक की बेटी को उसके पति और ससुराल वालों ने मिलकर कथित रूप से हत्या कर दी। उक्त बयान के आधार पर चंद्रपुरा थाना में मामला दर्ज किया गया। आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरित होकर न्यायाधीश अनिल कुमार के न्यायालय में पहुंचा। न्यायालय में उपलब्ध साक्ष्य एवं उभय पक्षों के अधिवक्ता के बहस के बाद आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में सोहन रविदास को दोषी पाया।

## भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के तहत कांग्रेस ने निकाला जुलूस, की गयी नुक्कड़ सभा



धनबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार निरसा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीएन प्रसाद यादव के नेतृत्व में गुरुवार को पांड्रा मोड़ से निरसा बाजार हटिया मोड़ होते हुए प्रखंड परिसर तक महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ भारत जोड़ो यात्रा के तहत जुलूस निकाला गया। प्रखंड परिसर पहुंच यात्रा नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गई। कार्यकारी जिला अध्यक्ष रवींद्र वर्मा ने कहा कि देश की जनता महंगाई-बेरोजगारी से त्राहिमाम कर रही है। ना नौकरी मिली, ना रोजगार मिला। मिला तो सिर्फ मोदी सरकार से झूठा आश्वासन का नारा दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि साल 2024 में इस बार कांग्रेस की ही सरकार बनेगी। क्योंकि देष की जतना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झूठ और भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से उब चुकी है। इस मौके पर धनबाद जिला कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र वर्मा, प्रदेश प्रतिनिधि सुधांशु शेखर झा, पूर्व जिला परिषद सदस्य दुर्गा दास, पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य अर्जुन भुईया, संतोष कुमार राय, बबलू दास, जियाउल हुसैन, सोहराब अली, सकलदेव प्रसाद, नकुल मोदी, मंतोष यादव, सागीर अंसारी, राकेश यादव, भास्कर ओझा, मुजाहिद शेख, पप्पू केवट, महिंद्र साहनी, हैदर अंसारी, मिथिलेश कुमार, नंदन भुईयां, श्यामल भंडारी, समीदुल अंसारी, अमित भुईयां, दिनेश मोदी, आशिक अंसारी, डीके पासवान, नीतू कुमारी, रामजी चौहान, नीलू बावरी, मुकेश बरनवाल, दीपक कुमार, अजय पांडे, राहुल कुमार, उत्तम बावरी, विनोद साहनी, वीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## लोदना क्षेत्रीय कार्यालय पर निजीकरण के खिलाफ घेराव कर संयुक्त मोर्चा का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



अलकडीहा। बीसीसीएल एनटीएसटी जीनागोरा की लोदना क्षेत्र के विभागीय उत्खनन परियोजना को आउटसोर्सिंग के हवाले किए जाने के खिलाफ गुरुवार को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले लोदना क्षेत्रीय कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रबंधन विरोधी नारे लगाए गए और पुतला दहन किया गया। यहां बीसीकेयू, जमसं कुंती व बच्चा गुट, झाकोमयू, केआइएमपी, राकोमस, एटक, बीएमएस समर्थित बड़ी संख्या में नेता-मजदूर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले क्षेत्र का भ्रमण करते हुए जुलूस के शक्ल में पहुंचे थे। कहा कि लोदना क्षेत्र की एकमात्र विड्डागीय परियोजना को एक साजिश के तहत आउटसोर्सिंग को दिया जा रहा है। जबकि इस परियोजना में करीब 2000 से अधिक मजदूर कार्यरत हैं। उत्पादन भी बेहतर होता है। प्रबंधन संसाधन दे तो लक्ष्य से अधिक उत्पादन करके मजदूर दिखाएंगे। विरोध प्रदर्शन के बाद प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया।

मोर्चा के संयोजक भगवान दास पासवान की अध्यक्षता में आयोजित सभा को हराधन रजवार, युधेश्वर सिंह, मुंद्रिका पासवान, बिनोद पासवान, बिहारीलाल चौहान, सुदर्शन प्रसाद, उमाशंकर शाही, मल्लू सिंह, संजीत सिंह, अनिल सिंह, रायबाबू सिंह, दयाराम यादव, सतेन्द्र गुप्ता, योगेश निषाद, धर्मेंद्र राय, रामनाथ गोप, अजय देव, सुनील राय, शिवकुमार सिंह, सुनील पासवान, सुखलाल मरांडी, कन्हाई सिंह और हरिश्चंद्र सिंह आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे।

**Office of District Legal Services Authority, Khunti**
Mobile No.: 8789697778 E-Mail: khuntidlsa@gmail.com

**CORRIGENDAM**

No. 01/LADCS/2022/ Date:13th September 2022
previously published by this News Paper PR . NO 276766

**NOTICE INVITING APPLICATIONS FOR ENGAGEMENT AS FULL TIME LEGAL AID LAWYERS IN LEGAL AID DEFENSE COUNSEL, THE LAST DATE HAS BEEN EXTENDED TILL 19TH September. OFFICE IN KHUNTI.**

The Scheme of engagement along with application form may be downloaded from the official website of DLSA (https://districts.ecourts.gov.in/khunti) and also from Notice board of DLSA Khunti. The duly filled application form along with self-attested copies of documents may be submitted to DLSA, wherein the candidate desires to apply through speed post or in an envelope personally in the office of the Secretary, DLSA on or before **19th September 2022 by 17:00 Hrs** as the previous last date i.e. 10 September 2022 has been extended till 19th September 2022. Any application received after due date shall not be considered.
Note: Applying for engagement does not create any right/ assurance whatsoever.

Secretary
DLSA, Khunti

PR 277857 (Law) 22-23 (D)

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(विकास-शाखा)**

**विज्ञापन**

लोहरदगा जिला के समाहरणालय परिसर अवस्थित जिला कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, लोहरदगा छात्रों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराने हेतु जिला DMFT मद से निम्नांकित पद पर अनुभवी एवं योग्य कम्प्यूटर प्रशिक्षक की संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति की जानी है :-

| क्र | पद का नाम | पदो की संख्या | न्यूनतम योग्यता | निर्धारित मानदेय (प्रतिमाह) |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 01 | Computer Trainer | 01 | 1st division from any recognized University or Institute in following **Degree:**-MCA/MSc(Computer Science)/ B.E. (Comp. Sc.)/ B.Tech. (Comp. Sc.)/BCA/ B.Sc. (Comp. Sc.)/ PGDCA/NEILIT O/A/B/C Qualifier. | 25000/- |

चयनित कम्प्यूटर प्रशिक्षक को सर्वप्रथम 01 वर्ष के लिए संविदा के आधार पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया जायेगा तथा एक वर्ष के कार्यकलापों के मूल्यांकन के पश्चात् संतोशजनक पाए जाने पर ही अगले एक वर्ष हेतु कार्यावधि विस्तार दिया जायेगा। इच्छुक अनुभवी उम्मीदवार दिनांक 30.09.2022 करे 05.00 बजे अपरा0 तक विहित प्रपत्र में अपना वांछित सभी प्रमाण पत्र प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, DRDA कार्यालय, जिला परिषद भवन, सदर ब्लॉक के निकट, लोहरदगा PIN 835302 में निबंधित डाक से समर्पित करेंगे।
नोट:-नियुक्ति से संबंधित योग्यता चयन प्रकिया मानेदय, भत्ता, सेवा शर्तो सहित अन्य शर्तो की विस्तृत जानकारी http://www.lohardaga.nic.in पद देखा जा सकता है।

प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, लोहरदगा — उप विकास आयुक्त, लोहरदगा — उपायुक्त, लोहरदगा

PR277834 (Lohardaga)22-23*D

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।**
अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 19/2022-23
दिनांक 14/09/2022
मद का नाम :- जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, हजारीबाग।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| पुनः निविदा | | | | | | |
| 1 | चौपारण | आर0ई0ओ0 रोड सेलहरा कला - सेलहराखुर्द से पी0डब्लू0डी0 रोड नावाडीह तक पथ निर्माण। | 9217700.00 | 10000.00 | 185000.00 | छः माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 19.09.2022
2. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 19.09.22 से 26.09.2022 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 27.09.2022 अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान- जिला परिषद, हजारीबाग।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 28.09.2022 पूर्वाहन् 11:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता - जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0-06546 261406 ई-मेल - districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव, जिला परिषद, हजारीबाग के पदनाम से देय हो देना होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैद्यता होना अनिवार्य है।
9. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 277801 District(22-23)D

### तीन किमी दूर कांटा कराने से नाराजगी, बीसीसीएल व आउटसोर्सिंग को करोड़ों का नुकसान

# संयुक्त मोर्चा ने किया सिजुआ एरिया का चक्का जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

लोयाबाद। मोदीडीह आउटसोर्सिंग कोयले का कांटा तेतुलमारी में करने के विरोध में संयुक्त मोर्चा ने गुरुवार को पूरे सिजुआ एरिया का चक्का जाम कर दिया। जिससे कनकनी का हिलटॉप और राम अवतार आउटसोर्सिंग, बासदेवपुर कोल डंप और बांसजोड़ा साइडिंग, निचितपुर सीएचपी, आउटसोर्सिंग, साइडिंग प्रभावित है। ब्न्दी से मुख्यालय के अधिकारी भी हरकत में आ गये हैं और जीएम मल्लिक को तत्काल लिंकेज कोल उठाव पर सात दिनों का रोक लगाना पड़ा। इस सम्बंध में उन्होंने एक पत्र भी जारी किया है। संयुक्त मोर्चा के नेताओं में कांग्रेस नेता असलम मंसूरी, राजकुमार महतो, इम्तियाज अहमद, कनकनी ग्रामीण एकता मंच के संयोजक हरेंद्र चौहान, ग्रामीण नेता सुरेश महतो, जेएमएम नेता मनोज महतो, पूर्व पार्षद जसीम अंसारी, वरिष्ठ नेता सुखदेव विद्रोही और विकास सिंह ने कहा कि मोदीडीह परियोजन के पास बांसजोड़ा कांटा है। वहां से थोड़ी दूरी पर कनकनी कांटा घर है। दोनों कांटा इस समय खाली है। फिर भी मोदीडीह के कोयले का कांटा यहां से तीन किलोमीटर दूर तेतुलमारी में कराने का आदेश जीएम मल्लिक पारित किए हैं। उनका यह निर्णय विधायक ढुल्लू महतो के दबाव में लिया है। जबकि संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने जीएम से मिलकर मांग किया था कि बांसजोड़ा कांटा होना चाहिए। आउटसोर्सिंग, कोल सेल और कोयला उठाव में लोकल लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराया जाए। लेकिन फिर भी विधायक के इशारे पर तेतुलमारी में कांटा करने का आदेश दे दिया गया।

दूसरी ओर, आंदोलन के दौरान नेताओं ने विभिन्न कोलियरी और परियोजन उत्खनन स्थल पर संयुक्त रूप से गये और वहां प्रदर्शन और नारेबाजी की। चेतावनी दी कि अगर विधायक के इशारे पर स्थानीय लोगों की अनदेखी की गई तो उग्र आंदोलन होगा। अनिश्चितकालीन बंदी की जाएगी। हालांकि जीएम मल्लिक के कोयला उठाव पर रोक जारी करने के बाद, संयुक्त मोर्चा ने फिलहाल बंदी स्थगित कर दी है। इस कारण करीब चार घंटे तक पूरे एरिया के बंदी से बीसीसीएल व आउटसोर्सिंग कंपनियों को एक करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

दूसरी ओर, जीएम के आदेश के विरोध में संयुक्त मोर्चा का गठन हुआ और सभी एक मंच पर नजर आने लगे। सभी लोग विधायक ढुल्लू महतो के घोर विरोधी माने जाते है।



प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करते संयुक्त मोर्चा के सदस्य

### आरोप गलत है, अधिक दबाव होने से किया गया स्थानानांतरण : जीएम

इस बाबत जीएम ने कहा कि किसी के इशारे पर कांटा को स्थानांतरित करने का आरोप गलत है। कनकनी कांटा पर अधिक लोड होने के कारण तेतुलमारी स्थानांतरित किया गया है। डेढ माह में मोदीडीह में भी कांटा घर बन कर तैयार हो जाएगा।

## वेदांता का एकल सबसे बड़ा 80 हजार करोड़ रुपये का निवेश ओड़िशा में

# मेक इन ओड़िशा के प्रोत्साहन से संभव विकास के हम साक्षी हैं: अनिल अग्रवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** ओड़िशा सरकार द्वारा मुंबई में आयोजित किये गये 'मेक इन ओड़िशा-2022' रोड शो के बीच वेदांता रिसोर्सेज के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात की। वेदांता ने अब तक अपना सबसे बड़ा लगभग 80 हजार करोड़ रुपये का निवेश ओड़िशा में एल्यूमिनियम उत्पादन, फेरो क्रोम, खनन एवं मूल्य संवर्धन आदि क्षेत्रों में किया है। इतने बड़े पैमाने पर निवेश के साथ ओड़िशा राज्य के सकल घरेलू उत्पाद 1/4 जीडीपी 1/2 में वेदांता का योगदान प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रुपये से लगभग 4 फीसदी का है। आजीविका के लगभग 5 लाख अवसर निर्मित हुए हैं, वहीं राज्य में सैकड़ों सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को विकसित होने में मदद मिली है। ओड़िशा राज्य के विकास में वेदांता की भागीदारी पर अनिल अग्रवाल ने कहा कि मेक इन ओड़िशा के प्रोत्साहन से होने वाले विकास एवं निर्मित होने वाली संभावनाओं के साक्षी हम 1/4 वेदांता 1/2 हैं। भारत में ओडिशा निवेश की दृष्टि से सबसे अनुकूल राज्यों में शामिल है। राज्य के मुखिया श्री पटनायक ने अपने नेतृत्व, उत्कृष्ट स्थायीत्वपूर्ण शासन प्रणाली और दूरदृष्टि से कारोबार करने की सुगमता का जो वातावरण विकसित किया उसकी झलक इज ऑफ डूइंग बिजनेस ैंकिग में दिखायी देती है। एकल खिड़की निकासी प्रणाली, 5टी फ्रेमवर्क, आधारभूत संरचना विकास परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किये जाने से निवेशक समुदाय का विश्वास ओड़िशा पर बढ़ा है।

### राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

सरकार के निरंतर प्रोत्साहन का ही परिणाम है कि एल्यूमिनियम, फेरो क्रोम और खनन व्यवसाय विस्तार के क्षेत्र में हम लगभग 25000 करोड़ रुपये के नये निवेश को अमलीजामा पहनाने की प्रक्रिया में हैं, जिससे राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और शासन को मिलने वाले राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी।

# ग्रामीणों की शिकायत का रेल मंत्री ने किया तत्काल समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को पुरी में चंदनपुर के पास बीरप्रतापपुर के बच्चों से संबंधित ग्रामीणों की शिकायत का तत्काल समाधान दिया तथा रेल अधिकारियों को ग्रामीणों के साथ-साथ बच्चों की सुविधा के लिए रैंप के साथ एक फुट ओवर ब्रिज का निर्देश दिया। दरअसर रेलवे लाइन के कारण यह गांव में दो भागों में बट गया है। इससे एक ओर से दूसरी ओर आने-जाने में लोगों के साथ-साथ बच्चों को रेलवे लाइन पार करना पड़ता था। विद्यालय जाने में उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। त्योहारों के दौरान भी लोगों को दिक्कतें होती थीं। दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में बाधा उत्पन्न हो रही थी। किसी भी काम के लिए उन्हें रेलवे लाइन पार करनी पड़ती थी। आज रेल मंत्री वैष्णव ने स्वयं रेल अधिकारियों के साथ गांव का दौरा कर मामले को सुलझाने के लिए ग्रामीणों से चर्चा की। वैष्णव ने अधिकारियों से मौके पर चर्चा की और उन्हें ग्रामीणों की सुविधा के लिए रैंप सुविधाओं के साथ एक फुट ओवर ब्रिज बनाने को कहा। रैंप होने से लोग साइकिलों को लेकर भी आना जाना कर सकते हैं। रेल मंत्री की तत्काल समाधान की घोषणा से ग्रामीणों खुशी की लहर दौड़ गयी है।

# सीएम ने बांबे स्टॉक एक्सचेंज के उद्घाटन की घंटी बजायी




आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई/भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज बांबे स्टॉक एक्सचेंज के उद्घाटन की घंटी बजायी। गुरुवार को स्टॉक एक्सचेंज में ट्रेडिंग की शुरूआत नवीन के बेल बजाने से हुई। स्टॉक एक्सचेंज ट्रेडिंग आमतौर पर घंटी बजने से शुरू होती है। जो की आज नवीन ने किया। इस मौके पर बीएसइ के चेयरमैन एसएस मुंद्रा समेत कुछ वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## जेएसपी के प्रबंध निदेशक ने किया सीएसआर कार्य का दौरा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** जिंदल स्टील एंड पावर, अंगुल के प्रबंध निदेशक विमलेंद्र झा ने अंगुल में अपनी सीएसआर शाखा जेएसपी फाउंडेशन की विभिन्न सीएसआर सुविधाओं का निरीक्षण किया। श्री झा की यात्रा 'आशा द होप' से शुरू हुई, जहां उन्होंने 94 विशेष रूप से भिन्नक्षम बच्चों और माता-पिता के साथ बातचीत की। आशा द होप सेंटर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए फिजियोथेरेपी, सेंसोरी इंट्रीग्रेसन चिकित्सा, विशेष शिक्षा और स्पीच चिकित्सा सहायता प्रदान करता है। श्री झा ने डीएवी सावित्री जिंदल स्कूल का दौरा किया और स्थानीय क्षेत्र के स्कूली छात्रों के साथ बातचीत की। श्री झा ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक शिक्षा के प्रति रुचि जगाने के लिए प्रयोगशाला आधारित कक्षायें स्थापित करने की सलाह दी। उन्होंने जिंदल जन जिविका सेंटर में महिलाओं द्वारा किये जा रहे विभिन्न औद्योगिक कार्यों का भी नीरीक्षण किया। उन्होंने इन स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा उत्पादित विभिन्न उत्पादों के लिए बाजार संबंधों को मजबूत करने का सुझाव दिया। श्री झा ने टीम सीएसआर को महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों के लिए अधिक जीवंत बाजार लिंकेज के लिए सलाह दी। स्थानीय दृष्टि के लिए हमारे प्रधान मंत्री की 'वोकल फॉर लोकल' योजना के अनुसार महिलाओं द्वारा बनाये गये विभिन्न उत्पादों को वैश्विक बाजार में लाने की आवश्यकता है। इस उत्पाद को और अधिक बिक्री योग्य बनाने के लिए इसके प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन में और सुधार करने की आवश्यकता है, श्री झा ने कहा। हम जेएसपी के प्रबंध निदेशक श्री झा के आभारी हैं कि उन्होंने हमारे काम को देखा और इसके विपणन को और बेहतर बनाने के लिए हमारा मार्गदर्शन किया। हमें यकीन है कि उनकी सलाह से हमें अधिक कमाई करने में मदद मिलेगी, शीला बेहरा ने कहा, जो जिंदल जन जीबिका सेंटर में इको-स्पा चलाती हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं0–54 ऑफ 2022–23/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं0–16–डीडीयू–वमंइं0 इंजी0–111– 22–23 (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** डीडीयू यार्ड में ओआरएन–2 और ओआरएन–3 (ब्रिज सं0 455,456,737 और 740) का पुनर्निमार्ण/पुनर्वास। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत:** ₹ 8826154.79 **(iii) धरोहर राशि:** ₹ 176500.00 **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 07.10.2022 को 12:00 बजे तक **(v) बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in नोट:– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक**
**पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय**
पीआर/01039/डीडीयू/ईन्जी./टी/22–23/28

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं एस.जी. 664–13–संकेत–2022 – 23,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

**1. कार्य का नाम :** धनबाद मंडल के डी. एफ. सी./नई दिल्ली– हावड़ा राजधानी रूट में प्रधानखंता –मानपुर : समपार फाटक (4 No.s) (LC Nos.36/C/2T at Km. 404/27-29, 37/B/T at Km. 426/3-5, 38/B/E at Km. 434/9-11 & 39/A/T at Km. 437/21-23) के बदले एल.एच.एस./सबवे से संबधित सिगनल एवं दूरसंचार कार्य हेतु। **2. कार्य का आकलित मुल्य:–** ₹ 1,31,15,887.61 (लगभग) **3. कार्य का अग्रधन राशि:–** ₹ 2,15,600.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:–** 03.10.2022 (12:30 बजे)। ऐसी ई निविदाओं के तहत डाक / कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रुप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्य:– प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुधिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

**वरीय मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
पीआर/01045/डीएनआर/एस&टी/टी/22–23/40

**पूर्व मध्य रेल**

धनबाद डिवीजन के अंतर्गत कतरास, बरकाकाना, पतरातु, बरवाडीह, गढ़वा रोड और चौपन स्टेशन का सफाई का अनुबंध।

**ई–निविदा सूचना**

GeM Bid No.GEM/2022/B/2524995 दिनांक 12/09/2022 भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों "टू पैकेट सिस्टम" पर ई–निविदायें आमंत्रित है। **i) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** धनबाद डिवीजन के अंतर्गत कतरास, बरकाकाना, पतरातु, बरवाडीह, गढ़वा रोड और चौपन स्टेशन का दो (02) वर्ष (अर्थात 730 दिन) की अवधि के लिए सफाई का काम। कार्य समापन अवधि – 02 वर्ष। **ii) कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 3,58,24,066.73 (तीन करोड़ अट्ठावन लाख चौबीस हजार छियासठ रुपये तिहत्तर पैसे) मात्र। **iii) बयाना राशि:** रु. 3,29,581.00 (तीन लाख उनतीस हजार पाँच सौ इक्यासी रुपये) मात्र। **iv) ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :–** तारीख 03/10/2022 को 16:00 बजे **ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय :–** तारीख 03/10/2022 को 16:30 बजे **v) प्री–बिड मिटिंग दिनांक एवं समय** 19.09.2022 – 11:00 बजे:– प्री–बिड मिटिंग स्थान : वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग) /धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/पू.म.रे. /धनबाद **vi) वेबसाईट विवरण:** https://gem.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
पीआर/001037/डीएचएन/मेक/टी/22–23/44

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है:–

**क्र.सं. :** 1, **ई–नीलामी सूची :** मिक्स्ड, **ई–नीलामी सूची सं. :** पार्क–पीयूबी–1, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:–** 29.09.2022 12.00 बजे से, **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम :** कटकमसांडी स्टेशन पर 03 वर्षो के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड, चरही स्टेशन पर 03 वर्षो के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड, बोकारो थर्मल स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड, गोमिया स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड, गाड़ी संख्या 03343/44, 03371/72, 03363/64, 03327/28, 03341/42 के डिब्बों के बाहरी भाग की रैपिंग। गाड़ी संख्या 03363/64, 03311/12, 03341/42, 03361/62, 13347/48, 03371/72, 03607/08, 03343/44, 03323/24, 03327/28, 03601/02 के डिब्बों के अंदर उच्चगुणवत्ता वाले लेमिनेशन विज्ञापन बोर्डो का प्रदर्शन।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई.नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
पीआर/01043/डीएचएन/वा0/एन/22–23/44



































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**